हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11 खेल



कोहली ने आरबीसी के इंटरव्यू में किया बड़ा खुलासा, छेत्री और बेटी के लिए कही बड़ी बात

Page 10 देश




बसपा मुस्लिमों के सहारे अवध और पूर्वांचल में बिगाड़ रही है खेल...

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष उत्तर फाल्गुनी विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • शनिवार • 18 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 157 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73, 750 | ₹89,100 |



## आज का इतिहास

- 1974 : भारत ने पोखरण में अपना पहला परमाणु परीक्षण विस्फोट किया, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों के बाहर एक राष्ट्र द्वारा पहला पुष्टि किया गया परमाणु परीक्षण।
- 1912 : पहली भारतीय फीचर लेंथ फिल्म श्री पुंडालिक रिलीज हुई।

## न्यूज बाइट्स

### हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत, 21 मई को होगी सुनवाई

**रांची(नि.सं.)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार (17 मई) को भी कोई राहत नहीं मिली। हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर अब 21 मई को सुनवाई होगी।लोकसभा चुनाव के लिए हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से जमानत मांगी है। उनकी जमानत पर इसके पहले 13 मई को सुनवाई हुई थी। उस दिन जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने उनकी याचिका पर सुनवाई की थी। संजीव खन्ना ने सुनवाई की तारीख 20 मई तय की थी, लेकिन हेमंत सोरेन के वकील कपिल सिब्बल के आग्रह पर 17 मई की तारीख मुकर्रर की थी।

### सीए के सीमित ऑडिट करने संबंधी आईसीएआई के नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर

**नई दिल्ली (ए.)।** न्यायालय ने शुक्रवार को चार्टर्ड अकाउंटेंटों (सीए) के एक वित्त वर्ष के दौरान निर्दिष्ट संख्या (वर्तमान में अधिकतम 60) में टैक्स ऑडिट असाइनमेंट से अधिक स्वीकार करने से रोक लगाने वाले इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के नियम को बरकरार रखने का फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आईसीएआई की ओर से जारी नियमों को बरकरार रखने के साथ ही यह भी माना कि आईसीएआई एक सीए द्वारा किए जाने वाले ऑडिट की संख्या बढ़ाने के लिए स्वतंत्र होगा। पीठ ने कहा उसने कानूनी अनिश्चितता के सिद्धांत के आधार पर याचिकाकर्ताओं के खिलाफ शुरू की गई अनुशासनात्मक कार्यवाही को रद्द कर दिया है।

### महिला आयोग ने बिभव कुमार के घर चिपकाया नोटिस

**नई दिल्ली (ए.)।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के घर पर नोटिस चिपकाया है और शनिवार को आयोग के समय पेश होने को कहा है। महिला आयोग ने शुक्रवार को यहां बताया कि आयोग के अधिकारी और दिल्ली पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त (सिविल लाइंस) शुक्रवार को बिभव कुमार के घर उन्हें नोटिस देने गए। आयोग ने बताया कि घर पर मौजूद व्यक्तियों ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद महिला आयोग के अधिकारियों ने यह नोटिस बिभव कुमार के घर के बाहर चिपका दिया। नोटिस में मुख्यमंत्री के निजी सचिव को 18 मई को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा गया है।

पटना हाइकोर्ट ने शिक्षा विभाग को लगाया फटकार, कहा

# दस दिनों में विवि को स्वीकृत बजट राशि भेजे शिक्षा विभाग

निज संवाददाता | पटना

पटना हाइकोर्ट ने शिक्षा विभाग को फटकार लगाते हुए कहा है कि शिक्षा विभाग द्वारा जिस वित्तीय वर्ष के लिए पैसा देने की स्वीकृति दी गयी है, उस बजट सत्र की राशि को वह दस दिन के अंदर संबंधित विश्वविद्यालय को उपलब्ध करा दे, नही तो शिक्षा विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी समेत सभी संबंधित अधिकारी अपने वेतन का उठाव नहीं करेंगे। कोर्ट में शुक्रवार को राज्य के विश्वविद्यालयों के बजट की समीक्षा के लिए बुलायी गयी बैठक में भाग नहीं लिये जाने पर विश्वविद्यालय के सभी खातों के संचालक पर अगले आदेश तक रोक लगाने और बैठक में भाग नहीं लेने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग करने के मामले में सुनवाई हुई। न्यायाधीश अंजनी कुमार शरण की एकल पीठ ने राज्य के सभी संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा इस मामले को लेकर दायर 11 रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह




निर्देश दिया। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 25 जून को निर्धारित करते हुए कहा कि इस बीच शिक्षा विभाग द्वारा 10 मई और 16 मई को जारी किए गए पत्र के कार्यान्वयन पर रोक लगी रहेगी। कोर्ट ने कहा कि कुलपति और अधिकारी अहम का मुद्दा नहीं बना काम की बात करें। कोर्ट ने कहा कि उन्हें पता है कि यह मामला बहुत दिनों से चल रहा है इसलिए इसका निदान निकलना आवश्यक है और कोर्ट इस मामले में इसका हल जरूर निकलेगा। इसके पूर्व विश्वविद्यालय की ओर अधिवक्ता विंध्याचल राय, सिद्धार्थ प्रसाद,रितेश कुमार, राणा विक्रम सिंह, मो असहर मुस्तफा, राजेश प्रसाद चौधरी ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार ने गत 16 मई को पत्र जारी कर विश्वविद्यालयों के बजट की समीक्षा के लिए बुलायी गयी बैठक में भाग नहीं लिये जाने पर विश्वविद्यालय के सभी खातों के संचालक पर अगले आदेश तक रोक लगा दिया है। साथ ही बैठक में भाग नहीं लेने पर संबंधित कुलपति और संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए उनके वेतन पर रोक लगा दी है। यही नहीं उन्हें उनके पद से उन्हें पदच्युत करने की भी बात विभाग द्वारा कही गयी हैं। वकीलों का कहना था कि विश्वविद्यालय कानून के तहत शिक्षा विभाग को विश्वविद्यालय के किसी भी कर्मी को पदच्युत करने का अधिकार नहीं है। शिक्षा विभाग द्वारा जो बजट मंजूर किया गया है, उसे भी जारी नहीं किया जा रहा है।

### जबतक कुलपति बैठक में नहीं आयेंगे तो एक पैसा नहीं देगा शिक्षा विभाग : महाधिवक्ता

इसके पहले राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता पीके शाही ने कोर्ट को बताया कि विभाग द्वारा बुलाई गई बैठक में जब तक वीसी भाग नहीं लेंगे तब तक शिक्षा विभाग एक पैसा नहीं दिया जायेगा। उनका कहना था कि ये लोग सिर्फ तनख्वाह लेने के लिए विश्वविद्यालय को खोले हुये हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति की नियुक्ति कैसे होती है, यह सभी को पता है। वहां केवल पैसे का खेल हो रहा है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि अगले वित्तीय वर्ष के प्रस्तावित बजट समीक्षा बैठक में सभी कुलपति को भाग लेने को कहा गया था। लेकिन, बैठक में किसी ने भी भाग नहीं लिया। उनका कहना था कि 15 मई से 29 मई के बीच सूबे के 13 विश्वविद्यालयों को बैठक में भाग लेने के लिए समय तय किया गया था।

# बीएसएनएल बिहार इबिटा पॉजीटिव के साथ प्रगति की राह पर : राजीव कुमार

निज संवाददाता | पटना



भारत संचार निगम लिमिटेड के निदेशक (वित्त) राजीव कुमार शुक्रवार को विश्व दूरसंचार दिवस के शुभ अवसर पर बिहार दौरे पर पटना पहुंचे। पटना में उन्होंने बिहार परिमंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सभी इकाइयों की समीक्षा बैठक की। वित्त वर्ष 2023-24 के वित्तीय परिणामों के आधार पर बिहार परिमंडल विगत कुछ वर्षों के पश्चात् पहली बार इबिटा पॉजीटिव की स्थिति में आया है। इस उपलब्धि पर उन्होंने देवेन्द्र सिंह, मुख्य महाप्रबंधक एवं कुमार सुशील चौधरी, आतंरिक वित्त सलाहकार के नेतृत्व में परिमंडल की पूरी टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बिहार परिमंडल को उपभोक्ता संतुष्टि के क्षेत्र में जो भी बाधाएं और अड़चने हैं उन्हें दूर करने के लिए बीएसएनएल मुख्यालय, नई दिल्ली की ओर से हर संभव सहायता दी जाएगी। उपभोक्ता संतुष्टि ही हमारा प्रथम लक्ष्य है। उन्होंने बिहार में नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए मुख्य महाप्रबंधक, बिहार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि बीएसएनएल उत्तरोत्तर प्रगति की राह पर अग्रसर है, और देश के हर नागरिक, चाहे वे शहर में या सुदूर गांवों में निवास करते हों, तक विश्व स्तरीय दूरसंचार सेवाएं पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प है। भारतनेट परियोजना के तहत हर ग्राम पंचायत तक ऑप्टिकल फाइबर के माध्यम से ब्रॉडबैंड सेवा एवं किसी प्रकार की दूरसंचार सेवा से रहित गांवों में भी 4जी सेचुरेशन परियोजना के माध्यम से दूरसंचार सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल ने अपने देश में निर्मित 4जी उपकरणों के माध्यम से सम्पूर्ण स्वदेशी 4जी मोबाइल सेवा की शुरुआत कर दी है। इसी क्रम में आज स्वदेशी कंपनी टीसीएस के सहयोग से बिहार में 4जी के सौवें बीटीएस का अधिस्थापन किया गया। शीघ्र ही पूरे बिहार राज्य में 4जी सेवाओं का विस्तार हो जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने संचार परिसर में 'हमारा गौरव बीएसएनएल' होर्डिंग, 'आई लव बीएसएनएल'-सेल्फी प्वाइंट एवं कार्यालय नामपट्ट का भी अनावरण किया।

## सुशील को याद कर भावुक हुए नीतीश कुमार

**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार को याद कर भावुक हो गए। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री श्री कुमार शुक्रवार को यहां रवीन्द्र भवन में आयोजित पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. सुशील कुमार मोदी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुये।



# हमलोग पूरा बिहार एक परिवार हैं : नीतीश कुमार



निज संवाददाता | पूर्वी चंपारण

मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष और पूर्व सीएम दंपति लालू यादव और राबड़ी देवी पर उनके नौ बच्चों को लेकर सार्वजनिक मंच से फिर से हमला बोला है। पूर्वी चंपारण लोकसभा सीट पर भाजपा के कैंडिडेट राधा मोहन सिंह के लिए वोट मांगने पहुंचे नीतीश ने शुक्रवार को कहा- 'बेटी ही हो रही थी। बेटा नहीं हो रहा था तो और ज्यादा पैदा कर दिया। कितना बाल-बच्चा पैदा किया। हट गया तो बीवी को बनवा दिया। बेटा-बेटी सबको कितना बढ़ाया। ये कोई मतलब है। हमलोग को देखिए कि हम लोग इतने दिन से हैं, हमलोग कोई अपने परिवार का विकास करते हैं। हमलोग पूरा बिहार एक परिवार हैं।

नीतीश लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार में बार-बार लालू-राबड़ी के बच्चों की संख्या और बच्चों को राजनीति में बढ़ाने पर बोल रहे हैं। पहले भी नीतीश ने ऐसी ही बात 17 मई को पश्चिम चंपारण, 11 मई को सीतामढ़ी, 4 मई को मुंगेर और 20 अप्रैल को कटिहार में कही है। नीतीश से इन बयानों पर तेजस्वी नरम बयान देते रहे हैं। उन्होंने भीमराव आबंडेकर, अटल बिहारी वाजपेयी, नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के भाई-बहनों की संख्या गिनाकर कहा था कि नीतीश ये सब नहीं कह रहे हैं, उनसे ये सब कहवाया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में दो बच्चों समेत पांच की मौत, चार गंभीर

- सड़क किनारे पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार
- ड्राइवर को झपकी आने से हुआ हादसा



निज संवाददाता | जमुई

चकाई-देवघर मुख्य मार्ग के बसबुटिया गांव के समीप अहले सुबह करीब 4 बजे बिहार के आरा से बच्चों का मुंडन कराने आ रहे श्रद्धालुओं से भरी कार पेड़ से टकरा गई। इसमें 2 बच्चों समेत 5 लोगों की मौत हो गई। 4 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि चालक को नींद लगने की वजह से उक्त घटना घटी। मृतक की पहचान आरा जिले के शहर थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी नागेंद्र राम के 5 वर्षीय पुत्र अभिनंदन कुमार, 5 वर्षीय पुत्री नंदनी कुमारी व नागेंद्र की सास के रूप में हुई है। सास की उम्र 55 वर्ष थी। मृतक महिला दुर्घटना के शिकार हुए बच्चों की नानी थी। बाद में इलाज के दौरान देवघर सदर अस्पताल के आईसीयू में बच्चों की मां नेहा की भी मौत हो गई। नेहा (32) की नानी बाबुनी देवी भी गंभीर रूप से घायल हो गईं थीं, डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उनको रेफर कर दिया था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घायलों में मृतक बच्चों की मां नेहा कुमारी की नानी, पिता नागेंद्र कुमार, कार चालक बिहार के ही रोहतास जिले के कछौन थाना क्षेत्र के कैथीकछौन गांव निवासी रोहित कुमार, नागेंद्र की बहन चरपोखरी थाना क्षेत्र के मनैनी गांव निवासी मीना देवी पति बजरंगी राम, नागेंद्र का साला आनंद कुमार पिता छोटू राम एवं नेहा की नानी रोहतास जिले के कछौन थाना क्षेत्र के कैथीकछौन गांव निवासी बाबुनी देवी पति रामप्रवेश राम शामिल हैं। नागेंद्र, बाबुनी व रोहित का इलाज देवघर के सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं, घायल आनंद व मीना देवी का इलाज जमुई सदर अस्पताल में चल रहा है। इधर, देवघर सदर अस्पताल के आईसीयू में मृतक बच्चों की मां की हालत भी नाजुक बनी हुई है। इस संबंध में घायल नागेंद्र ने बताया कि बच्चों का मुंडन कराने के लिए आरा से देवघर आ रहे थे। रात को चकाई के आगे एक लाइन होटल में करीब दो घंटे तक आराम करने के बाद अहले सुबह देवघर के लिए चले ही थे कि चालक को नींद आ गई और कार अनियंत्रित होकर सामने पेड़ से टकरा गई।

घटना के बाद लाइन होटल वालों व स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए चकाई रेफरल अस्पताल भेजा गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए सभी को जमुई सदर अस्पताल व देवघर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# शराब घोटाले में ईडी ने पहली बार आप और केजरीवाल को बनाया आरोपी

एजेंसी | नई दिल्ली



दिल्ली के कथित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा ऐक्शन लिया है। ईडी ने शुक्रवार को सप्लीमेट्री चार्जशीट दायर करते हुए पहली बार आम आदमी पार्टी और इसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को आरोपी बनाया। यह पहला मौका है जब किसी राजनीतिक दल को पीएमएल केस में आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा कथित घोटाले में पहली बार दिल्ली के मुख्यमंत्री को भी आरोपी बनाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली कथित शराब घोटाले में शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पूरक आरोपपत्र दायर किया। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा इस मामले में दायर यह आठवां आरोप पत्र है। इस चार्जशीट में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का नाम आरोपी के तौर पर दर्ज है। इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ दायर यह पहली चार्जशीट है। दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 50 दिन तिहाड़ जेल में बंद रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के सीएम को चुनाव प्रचार के लिए 1 जून तक की अंतरिम जमानत दी थी। उनकी जमानत का विरोध करते हुए ईडी ने कहा था कि वह इस घोटाले में जल्द ही आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाने जा रही है। ईडी अब तक इस मामले में सात आरोप पत्र दायर कर चुकी है। ईडी ने अपने आठवें आरोपपत्र में कहा है कि मनीष सिसोदिया और के कविता के साथ अरविंद केजरीवाल भी इस मामले के मास्टरमाइंड हैं। साथ ही कहा है कि पीएमएलए की धारा 70 के तहत आम आदमी पार्टी कंपनी के रूप में मुकदमा चलाने के लिए उत्तरदायी है।

बिहार में शिक्षा विभाग का बड़ा कार्रवाई

# स्कूलों में निरीक्षण को लेकर बढ़ी सख्ती 532 शिक्षकों के काट लिए गए वेतन

निज संवाददाता | पटना

राज्य के सरकारी विद्यालयों के संचालन अवधि में बदलाव के साथ निरीक्षण अभियान में भी सख्ती बढ़ा दी गई है। निरीक्षी अधिकारियों द्वारा सुबह छह बजे से ही विद्यालयों में निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में विभिन्न विद्यालयों में गैरहाजिर पाए गये 532 शिक्षकों के वेतन काटने का आदेश दिया गया है। ये सभी शिक्षक विशेष कक्षाओं से गायब पाये गये थे। उसकी रिपोर्ट शिक्षा विभाग के मॉनीटरिंग सेल ने पोर्टल पर जारी की है। संबंधित शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटा गया है। शिक्षा विभाग ने विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की भी जांच करने का निर्देश निरीक्षी अधिकारियों को दिया है। वहीं विभाग ने प्रधानाध्यापकों को आदेश दिया है कि कक्षाओं में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 90 प्रतिशत तक सुनिश्चित करें। साथ ही विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति बनाए रखने को कहा है। विभाग ने यह निर्देश गायब पाये जा रहे शिक्षकों की वजह से दिया है। शिक्षकों की उपस्थिति रिपोर्ट प्रत्येक दिन शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराने का कहा गया है।

### इतने शिक्षकों का काटा गया है वेतन

अररिया के 16, अरवल के 2, औरंगाबाद के 17, बांका के 13, बेगूसराय के 5, भागलपुर के 17, भोजपुर के 20, बक्सर के 14, दरभंगा के 10, पूर्वी चंपारण के 15, गया के 13, गोपालगंज के 9, जमुई के 6, जहानाबाद के 12, खगड़िया के 11, किशनगंज के 7, कैमूर 20, कटिहार के 12, लखीसराय के 2, मधुबनी के 9, मुंगेर के 5, मधेपुरा के 14, मुजफ्फरपुर के 22, नालंदा के 45, नवादा के 15, पटना के 37, पूर्णिया के 4, रोहतास के 38, सहरसा के 12, समस्तीपुर के 18, शिवहर के 4, शेखपुरा के 8, सारण के 11, सीतामढ़ी के 9, सुपौल के 23, सीवान के 16, वैशाली के 9 पश्चिमी चंपारण के 18 शिक्षक शामिल हैं।

## पीएम नरेन्द्र मोदी 20 मई को पटना में, 21 को दो रैलियां



**पटना (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर दो दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं। पटना में 20 मई को उनके रुकने का कार्यक्रम है। इसके बाद 21 मई को वे पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी के निधन के बाद उनके परिजन से मिलेंगे। फिर सीवान और महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र की सीमा पर गोरियाकोठी में उनकी रैली होगी। इसी दिन वे दूसरी रैली पूर्वी चंपारण में करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी आगामी बिहार दौरा तय हो गया है। शाह 19 मई को बेतिया में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। बिहार के बीजेपी नेताओं ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 मई को रात में पटना पहुंचेंगे।

एडीआर व बिहार इलेक्शन वॉच ने संयुक्त रूप से रिपोर्ट की जारी

# बिहार में छठे चरण के चुनाव में उतरे 35 उम्मीदवार करोड़पति

निज संवाददाता | पटना

बिहार में लोकसभा चुनाव के छठे चरण में चुनाव लड़ रहे 35 उम्मीदवार करोड़पति हैं। प्रत्याशियों की औसत संपत्ति 3.97 करोड़ रुपये है। वहीं, इस चरण में 85 में 35 (41 प्रतिशत)उम्मीदवारों की संपत्ति एक करोड़ या उससे ज्यादा की है। इनमें 34 निर्दलीय में 9 (27 प्रतिशत) करोड़पति हैं। जबकि जदयू के 4, राजद के 4, भाजपा के 3, कांग्रेस के 2, विकासशील इंसान पार्टी के 2 और लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास के 1 (इस चरण के इकलौते) उम्मीदवार करोड़पति हैं। गुरुवार को एडीआर व बिहार इलेक्शन वॉच ने संयुक्त रूप से रिपोर्ट जारी की। इस चरण में कुल 86 उम्मीदवार हैं, लेकिन 85 के ही शपथ पत्रों के विश्लेषण के बाद रिपोर्ट जारी की गई है। वाल्मीकिनगर से निर्दलीय उम्मीदवार शंभू प्रसाद का शपथ पत्र स्पष्ट नहीं होने के कारण उसे विश्लेषण में शामिल नहीं किया गया है। गौर हो कि छठे चरण में वाल्मीकिनगर में 10, पश्चिम चंपारण में 8, पूर्वी चंपारण में 12, शिवहर में 12, वैशाली में 15, गोपालगंज (सु) में 11, सीवान में 13 और महाराजगंज में 5 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण के लिए मतदान 25 मई को होना है। वाल्मीकिनगर से राजद के उम्मीदवार दीपक यादव के पास सर्वाधिक 74 करोड़ 87 लाख 88 हजार 248 रुपये की चल-अचल संपत्ति है। वहीं, दूसरे स्थान पर वैशाली से लोजपा-आर की उम्मीदवार वीणा देवी के पास 46,71,70,049 रुपये की संपत्ति है। जबकि, तीसरे स्थान पर महाराजगंज सीट से एआईएमआईएम के उम्मीदवार अखिलेश्वर प्रसाद सिंह के पास कुल 36,00,85,130 रुपये की संपत्ति है। दूसरी ओर, सबसे कम 18,864 रुपये की चल संपत्ति सीवान सीट से निर्दलीय प्रत्याशी देवकांत मिश्र के पास है, इनके पास कोई अचल संपत्ति नही है। वहीं, एसयूसीआई (सी) के वैशाली से उम्मीदवार नरेश राम के पास 39,644 रुपये और सीवान से निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप कुमार सिंह के पास 50,000 रुपये की चल संपत्ति है।

BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY


Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised


Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |


डॉ. अजय प्रकाश सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in


डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### डीपीएस की अंकिता रथ को मिले 95 फीसदी अंक

**बोधगया।** डीपीएस गया की छात्रा अंकिता रथ को 10वीं की परीक्षा में 95 फीसदी अंक मिले हैं। पिता मूलतः ओड़िसा के हैं, बोधगया बारा पावर ग्रिड में काम करते थे। अंकिता ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार को स्कूल प्रबंधन दी और कहा, आगे देश के लिए काम करना चाहेगी।

### ट्रांसफॉर्मर जलने की शिकायत पर पहुंचे जेई

**गरुआ।** प्रखंड के सिमारु पंचायत अंतर्गत तरोबा गांव के वार्ड नंबर आठ में चार दिन पहले ट्रांसफार्मर जल गया है। इससे नल-जल योजना पूरी तरह बंद है। ग्रामीणों से इस समस्या की सूचना पाकर कनीय विद्युत अभियंता राम कृष्ण मणि ने लाइनमैन के साथ तरोबा गांव में पहुंचकर जले हुए ट्रांसफार्मर की निरीक्षण किया इस दौरान जेई राम कृष्ण मणि ने बताया कि तरोबा गांव में ट्रांसफार्मर जल गया है उसे बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की जरुरत है हमलोग उम्मीद कर रहे हैं कि दो-तीन में वहां नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा। इधर गुरुआ पंचायत के मुखिया पति व विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार यादव एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि मुमताज आलम ने तरोबा गांव में तत्काल ट्रांसफार्मर बदलने की मांग बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से किया है।

### कर्क व्यू स्कूल में अब कॉमर्स की भी होगी पढ़ाई

**गया।** गया के चर्च रोड स्थित कर्क व्यू स्कूल में अब 10वीं व 12वीं के स्तर कॉमर्स की भी पढ़ाई होगी। बच्चों को यह नवीं से ही पढ़ाया जाएगा। यह छात्रों के भविष्य के लिए बड़े अवसर पैदा करेगा। फिलहाल स्कूल में 2013 से साइंस व आट्र्स की भी पढ़ाई चल रही थी। बता दें कि कर्क व्यू स्कूल मगध प्रक्षेत्र का एकमात्र आईसीएसई/आईएससी स्कूल है। हाल में आए दसवीं के रिजल्ट में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहा। इसमें आयुषी आनंद ने 90.4% और फिरोज़ा परवीन ने 88.4% हासिल किया। स्कूल के बच्चों को औसतन 75 प्रतिशत रहा। स्कूल के सभी छात्र उत्तीर्ण रहे। अब वहां सामान्य अध्ययन की विशेष पढ़ाई भी शुरू की गई है, ताकि 12वीं के सिविल सेवा व अन्य नौकरी की तैयारी के लिए आधार तैयार किया जा सके।

### पुलिस पर फायरिंगः तीन बदमाशों की हुई पहचान

**गया।** शहर के नादरागंज मोहल्ले में पुलिस टीम पर बदमाशों ने फायरिंग की थी। इसमें सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन बदमाशों की पहचान कर ली गई है। पहचान किये गए तीनों बदमाशों को नामजद सहित अन्य को आरोपित कर एएसआई मुकेश कुमार के बयान पर विष्णुपद थाना में एफआईआर दर्ज करायी गई है। पहचान किये गए बदमाशों में दो नादरागंज मोहल्ले के बन्ने व राजा एवं एक मुफस्सिल थाना क्षेत्र का सुधीर है। बुधवार की दोपहर विष्णुपद थाना क्षेत्र के ब्राह्मणी घाट पुल के पास अपराधियों के जमावड़े की सूचना पर पुलिस की एक टीम सादे लिबास में पकड़ने गई थी। टीम ने जब ब्राह्मणी घाट के पास घेराबंदी की, तो वहां तीन-चार की संख्या में रहे बदमाश नादरागंज की ओर भागने लगे। अपने पीछे आती पुलिस को रोकने के लिए बदमाशों ने फायरिंग शुरु कर दी। पुलिस ने एक बदमाश को धर दबोचा। अपने एक साथी के पकड़े जाने पर उसे छुड़ाने के लिए दूसरे बदमाशों ने फिर पुलिस पर फायरिंग की और साथी को पुलिस की चंगुल से मुक्त कराकर भाग निकले। मस्जिद के पास फायरिंग होने पर लोगों ने पहले सादे लिबास में रही पुलिस पर ही पथराव शुरु कर दिया। टीम ने जब अपने को पुलिस होने की बात कही, तो लोग बदमाशों पर पथराव करने लगे। उनके पथराव से एक बदमाश के हाथ से पिस्टल गिर गया। घटनास्थल से पुलिस ने एक पिस्टल सहित चार खोखा बरामद किया। इस घटना के बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज जांच करने लगी। स्थानीय लोगों की मदद से फुटेज में आए बदमाशों की पहचान करायी गई, जिसमें नादरागंज के बन्ने व राजा सहित मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुधीर का नाम सामने आया। पहचान किये गए बदमाशों को नामजद व अन्य को आरोपित कर एफआईआर दर्ज करायी गई है।

### 18 मई से गया गुरुद्वारा में पहली बार लगेगा गुरमत कैंप

**गया।** शहर के स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में पहली बार 18 मई से पांच दिवसीय गुरमत कैंप लग रहा है। इस कैंप में सभी धर्मों के बच्चों को सिखी मर्यादा व गुरमत का ज्ञान दिया जाएगा, साथ ही उन्हें गुरमुखी लिखना, दस्तार साजना व गतका की ट्रेनिंग मिलेगी। इसके अलावे सिख इतिहास व आत्म सुरक्षा से जुड़ी जानकारी भी दी जाएगी। कैंप में बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान, कविता, साखी, पंजाबी व भाषण प्रतियोगिता भी होगा। इसकी जानकारी गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के सचिव सरदार रौनक सिंह सेठ ने दी। उन्होंने बताया कि पहली बार यह कैंप गुरुद्वारा में लग रहा है। कोलकाता से धर्म प्रचारक भाई जितेन्द्र सिंह व भाई गुरविंदर सिंह गया आएंगे जो अन्य धर्मों के बच्चों को सिखी रहत मर्यादा और गुरमत का ज्ञान देंगे।

### गया में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पारिवारिक कलह से तंग आकर किया सुसाइड

**गया।** गया जिले के इमामगंज थाना के समीप मगध कॉलोनी में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार महिला ने पारिवारिक कलह से तंग आकर आत्महत्या की है। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध में इमामगंज थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना के बगल में एक मकान में एक महिला ने पारिवारिक कलह से तंग आकर आत्महत्या कर ली है। वह खुद गले में फांसी लगाकर कर आत्महत्या की है। मृतक की पति अंकित कुमार किसी से लाखों रुपए का कर्ज ले रखा है, जिसको लेकर उसके घर पर लोग कर्ज मांगने के लिए आया करते थे। इसको लेकर महिला परेशान रहती थी और इसको लेकर वह पारिवारिक कलह से परेशान थी। वहीं घटना के बाद मृतका के परिजनों के द्वारा उसके शव को पैतृक घर डुमरिया के पिपरा गांव में ले जाया गया था। जैसे पुलिस की इस घटना क्रम की सूचना मिली तो वहां से पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। इसके बाद मामले की छानबीन करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**टिकारी।** क्षेत्र स्थित ज्ञान भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दसवीं व बारहवीं के सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह की शुरुआत विद्यालय के निदेशक रोमित कुमार द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर की गई। विद्यालय के जूनियर वर्ग के छात्रों ने स्वागत गान व नृत्य की प्रस्तुति देकर स्वागत किया। दसवीं व बारहवीं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कुल 80 छात्रों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय के शत प्रतिशत छात्र सफल हुए है साथ ही 80 से अधिक छात्रों को 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए है।

### सुशील मोदी के निधन पर विधायक ने दी श्रद्धांजलि

**टिकारी।** भाजपा के कद्दावर नेता व पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा का आयोजन जैन मैरेज हॉल में किया गया। एनडीए के बैनर तले आयोजित शोक सभा में क्षेत्रीय विधायक डॉ अनिल कुमार सहित अन्य नेताओं ने श्रद्धांजलि दी व व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की। क्षेत्रीय विधायक डॉ कुमार ने कहा कि सुशील मोदी के साथ काम करने का मुझे भी मौका मिला। सदैव सूबे की विकास की चर्चा करने वाले शख्स थे। सुशील मोदी के निधन से राजनीति के एक अध्याय का अंत हो गया है। लोकतंत्र के सभी सदनों में अपनी मौजूदगी रखने वाले श्री मोदी की भरपाई कोई और नही सकता है। डॉ कुमार ने यह भी कहा कि हम सबो ने एक अभिवावक खो दिया जो दुखदायी है। मौके पर संजय जैन, सिंधु जैन, रमेश कुमार, वीरेंद्र शर्मा, सुभय सिंह, जीतनी देवी, चंद्रशेखर कुमार थे।

# नालंदा में संदिग्ध हालत में महिला की मौत, मायके वालों ने लगाया आरोप

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शुक्रवार को संदिग्ध हालत में एक महिला की मौत हो गई। मामला हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरा भट्ट बीघा गांव का है। मृतका की पहचान संजय यादव की पत्नी काजल कुमारी (22) के रूप में की गई है। मायके वाले सौतन, ससुर और पति पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। घटना के संबंध में चण्डी थाना क्षेत्र के लक्ष्मी विगहा निवासी मृतका के पिता रामानंद प्रसाद ने बताया कि 2 साल पहले उनकी बेटी की शादी संजय यादव से हुई थी। पहली पत्नी से बच्चे नहीं हो रहे थे। जिसके कारण सहमति से दूसरी शादी की गई थी। इस बीच एक बच्ची ने जन्म लिया। उनका दामाद अक्सर सोने की चेन का डिमांड किया करता था। अगर उनकी बेटी मायके वालों को फोन करती थी तो उसका पति उसके साथ मारपीट किया करता था। पति ससुर और पहली पत्नी ने मिलकर रस्सी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। गले में निशान भी पड़ा हुआ है। आस पड़ोस से घटना की जानकारी मिली, इसके बाद वे लोग बेटी के ससुराल पहुंचे जहां देखा कि ससुराल का परिवार घर छोड़ फरार है एवं शव फर्श पर रखा हुआ है। इसके बाद स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।



♦ ससुरालवाले घर छोड़कर फरार

**ससुराल वाले घर छोड़कर फरारः** वहीं मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली परिवार वालों में कोहराम मच गया। परिजनों की चीख पुकार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि परिजन दहेज के लिए हत्या का आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल ससुराल वाले घर छोड़कर फरार है। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पति,ससुर और पहली पत्नी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

नालंदा में प्रिंसिपल हत्याकांड का खुलासा

# शूटर गिरफ्तार, मास्टरमाइंड फरार

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में एकंगरसराय थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव निवासी प्रिंसिपल अरुण कुमार हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। 5 अक्टूबर को अरुण को गोली मारी गई थी। इसके दो दिन बाद पटना में इलाज के दौरान अरूण की मौत हो गई। उनकी पत्नी प्रियंका कुमारी (कॉन्स्टेबल) ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में पुलिस ने शूटर अमित कुमार को देसी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। अमित पर 12 से ज्यादा मामले हिलसा, थरथरी और अन्य थानों में लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट समेत अन्य संगीन मामले दर्ज हैं। इस मामले में मास्टरमाइंड रिंकू सहित तीन आरोपी फिलहाल फरार चल रहे हैं। इस पूरे मामले का खुलासा रिंकू के बैंक ट्रांजेक्शन से हुआ। हत्या की डील ढाई लाख रुपए में हुई थी।

**पैसे नहीं मिले तो की प्लानिंगः** पुलिस ने बताया कि इस कांड की मास्टरमाइंड चण्डी थाना क्षेत्र के कान्धु पीपर की रहने वाली राम उदेश प्रसाद की बेटी रिंकू कुमारी है। जिसने नौकरी के लिए 8 लाख रुपए मृतक अरुण कुमार को दिए थे। वहीं जब रिंकू कुमारी की नौकरी नहीं लगी और वह पैसे की डिमांड अरुण कुमार से करने लगी तो दोनों के बीच मनमुटाव हो गया। इसके बाद रिंकू ने अरुण कुमार की हत्या की प्लानिंग बनाई। महिला ने हिलसा थाना क्षेत्र के कौशिक नगर निवासी अपने भतीजे सूरज कुमार से संपर्क किया। सूरज ने अपने ही गांव के वैजू को मर्डर करने की बात बताई। इसके बाद वैजू ने अपने दोस्त नोनिया बीघा निवासी बिहारी कुमार और अमित कुमार के साथ मिलकर मर्डर की पूरी प्लानिंग तैयार किया।

# बाइक चोरी करने का सामने आया वीडियो, घर के मालिक को देख चोर भागा

निज संवाददाता। गया

शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत पंचायती अखाड़ा के सीमेंट गली से बाइक चुराने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में बाइक चुराने वाला युवक बाइक में चाबी लगा कर बाइक की चोरी करने की कोशिश करता है। इसी बीच घर का मालिक अपने कमरे से बाहर निकलता है। यह देख बाइक चोर कुछ क्षण के लिए घबरा जाता है और फिर वह पैदल ही मौके से निकल लेता है। जब तक बाइक का मालिक माजरा समझता चोर उसकी आंखों से ओझल जाता है। लेकिन जब वह अपने घर मे लगे सीसीटीवी फुटेज को देखता है तो उसे पता चलता है कि उसकी बाइक चुराने के लिए युवक कोशिश कर रहा था। सबंधित मामले की शिकायत बाइक मालिक ने कोतवाली पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रिंस कुमार का सीमेंट वाली गली में मकान है। मकान के बाहर बिजली के पोल के पास ही वह अपनी बाइक



लंबे समय से खड़ी करते चले आ रहे हैं। बिजली के पोल में बाइक को लोहे के सीकड़ से बांध कर वे छोड़ देते हैं। गुरुवार को बाइक चोर पैदल आया और प्रिंस की बाइक पर बैठ गया। इधर उधर देखने व परखने के बाद ल बाइक में चाबी लगाने लगा। इस बीच प्रिंस अपने कमरे से बाहर निकलते हैं। प्रिंस को बाहर निकलता देख बाइक चोर मौके से फरार हो जाता है।

**चोर की शिनाख्त में जुटी पुलिसः** इधर कोतवाली थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने बताया कि बाइक चुराने वाले युवक की शिनाख्त की जा रही। एक युवक पर शक भी हुआ है। वह पंचायती अखाड़े के ही रहने वाला है। पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नालंदा में फायरिंग मामले में 5 लोगों पर FIR दर्ज, फरार चल रहे हैं पांचों आरोपी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिपाह गांव में बुधवार की शाम बदमाशों ने गोलीमार दीपनगर के जोरारपुर गांव निवासी सुरेंद्र प्रसाद के पुत्र सूरज कुमार को जख्मी कर दिया था। इस मामले में कुल पांच लोगों को आरोपित किया गया है। पुलिस को दिए फर्द बयान में सूरज ने बताया कि वह सिपाह गांव अपने दोस्त अमरदीप कुमार के घर प्रसाद खाने आया हुआ था। उसी क्रम में सिपाह गांव निवासी ललन पासवान का पुत्र आकाश कुमार, तिलकधारी पासवान का पुत्र रंजीत पासवान आया और उसे बोला कि सिपाह निवासी अशोक पासवान का पुत्र जीते पासवान, नंदलाल पासवान का पुत्र दिनेश पासवान उर्फ बुढ़िया एवं आनंदी पासवान का पुत्र विक्रम कुमार उसे बुला रहा है। जब वह जाने से मना किया तो आकाश



कुमार उसे जबरदस्ती खींच कर ले जाने लगा तथा रोड पर ले जाकर आकाश कुमार एवं अन्य आरोपियों ने गाली गलौज एवं मारपीट शुरू कर दी। जब वह भागने का प्रयास करने लगा तो जान मारने की नीयत से आकाश कुमार ने उसके ऊपर गोली चला दी। गोली उसके दाहिने हाथ में आ लगी और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गोली की आवाज सुन जब आसपास के लोग जुटने लगे तो सभी बदमाश मौके से भाग गए। इसके बाद उसे जख्मी हालत में इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**फरार चल रहे हैं पांचों आरोपीः** वहीं इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि पीड़ित के फर्द बयान पर कुल 5 आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी आरोपी गांव छोड़ फरार है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है।

**आदतन अपराधी है सभी आरोपीः** गोलीकांड में शामिल जीते पासवान एवं दिनेश पासवान आदतन अपराधी है। इन दोनों का नाम दीपनगर थाना में गुंडा पंजी में दर्ज है। इसके पूर्व भी इन लोगों पर लूटपाट, रंगदारी, मारपीट के कई संगीन मामले दर्ज हैं। चर्चा है कि इन लोगों के द्वारा दीपनगर थाना क्षेत्र के कारगिल चौक पर के दुकानदारों से हफ्ता वसूली एवं रंगदारी मांगा जाता है। व्यवसाय इन लोगों के खौफ से विरोध नहीं करते हैं और किसी प्रकार की उनलोगों के साथ अनहोनी न इसके लिए पैसे भी देते हैं।

# पावापुरी मेडिकल कॉलेज के 14 सफाई कर्मियों का हड़ताल, कॉलेज की सफाई व्यवस्था चरमराई

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के पावापुरी मेडिकल कॉलेज में काम कर रहे सफाई कर्मी पिछले तीन दिनों से हड़ताल पर हैं। सफाई कर्मी के हड़ताल पर चले जाने के कारण सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। कर्मचारी एजेंसी पर वेतन बढ़ोतरी को लेकर वादा खिलाफी का आरोप लगा रहे हैं। सफाई कर्मियों के हड़ताल पर जाने के बाद कॉलेज में साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। सफाई कर्मी कॉलेज के मुख्य द्वार के पास आकर प्रबंधन और एजेंसी के खिलाफ धरना दे रहे हैं।

**वादा करके पलट रहे अधिकारी, जारी रहेगी हड़तालः** सफाई कर्मियों ने बताया कि एजेंसी वादा करके पलट जाती हैं। अभी हमलोग को आठ हजार चार सौ बीस रुपए प्रत्येक महीने पारिश्रमिक



मिलता है। एजेंसी से साढ़े तीन हजार और बढ़ाने की मांग कर रहे। एजेंसी के द्वारा अभी वेतन नहीं बढ़ाए जाने के कहने पर एजेंसी के लोगों के साथ कहासुनी भी गुरुवार को हुई। एजेंसी के कन्हैया कुमार ने इसकी शिकायत पावापुरी ओपी में की है। पावापुरी से आई पुलिस ने सफाई कर्मियों को समझाने का प्रयास की, लेकिन सफाई कर्मी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं।कन्हैया कुमार ने बताया कि कॉलेज परिसर में कुल 14 सफाई कर्मी महिलाएं काम करती हैं।

♦ एजेंसी पर लगाया मुकरने का आरोप

**क्या बोलीं प्रचार्याः** मेडिकल कॉलेज के प्रचार्या डॉ. सर्विल कुमारी ने बताया कि मुझसे भी मिलने के लिए सफाई कर्मी आए थे। उनको कहा गया है कि यह एजेंसी का मामला है। आप लोगों को जो भी बात करना है अपने एजेंसी से बात करें। अभी आचार संहिता लागू है इस समय वेतन बढ़ाने की बात नहीं हो सकती है। वैसे पूरे मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में सफाई का जिम्मा जीविका को दिया गया है। आचार संहिता के चलते अभी जीविका दीदी को काम नहीं सौंपा गया है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद सफाई का जिम्मा जीविका को दे दिया जाएगा।

# जवान ने युवक को बीच सड़क पटक-पटककर पीटा

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में डायल-112 के एक जवान का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एक युवक को जमीन पर पटक-पटक कर पीट रहा है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को पढ़ने गई एक छात्रा के साथ कुछ मनचलों ने छेड़खानी की थी, जिसके बाद दो गुटों में झड़प हो रही थी। इसी बीच वहां डायल-112 के एक जवान ने अपनी बाइक रोकी तो उसे देखकर दोनों गुटों के लोग भागने लगे। हालांकि, एक युवक पकड़ा गया और जवान ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। युवक की पिटाई का वीडियो अब वायरल हो रहा है। वीडियो शुक्रवार का बताया जा रह है।


**क्या है पूरा मामलाः** दरअसल, जिले के धनेश्वर घाट में कई ट्यूशन और कोचिंग संस्थान चलते हैं। यहां से अक्सर छेड़खानी की शिकायतें सामने आती हैं। गुरुवार को भी यहां पढ़ने जा रही एक लड़की से वहां मौजूद कुछ लड़कों ने छेड़खानी की। लड़की के साथ उसका भाई भी था। भाई ने जब इसका विरोध किया तो युवकों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसी विवाद पर शुक्रवार सुबह भी दो गुटों के बीच धनेश्वर घाट में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान डायल-112 का जवान वहां आ गया। उसने अपनी बाइक रोकी तो झगड़ा कर रहे युवक इधर उधर भागने लगे। उनमें से एक युवक को जवान ने पकड़ लिया। वीडियो में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि किस प्रकार जवान युवक को पहले उसका गमछा पकड़ हाथों से पिटाई करता है। इसके बाद उसे सड़क पर गिराकर अपनी बूट उसके पैरों पर रख देता है। इसी बीच डायल-112 की पुलिस पहुंचती है। और उसे जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर ले जाती है। वहीं, इस मामले में नगर थाना अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बताया कि छात्रों का दो गुट आपस में झगड़ा कर रहा था।

# नेचर सफारी में वर्ल्ड क्लास वेटिंग हॉल का होगा निर्माण

## ग्लास ब्रिज के नीचे चल रहा काम, AC हॉल में बच्चों के खेलने के लिए लगेंगे गेम्स इक्विपमेंट

निज संवाददाता। नालंदा

नेचर सफारी प्रबंधन सह नालन्दा वन प्रमंडल द्वारा, एक टूरिस्ट वेटिंग हॉल यानि पर्यटक प्रतीक्षालय का निर्माण किया जा रहा है और यह वेटिंग हॉल का निर्माण नेचर सफारी कैंपस स्थित ग्लास स्काई वॉक ब्रिज के उपर जाने वाली सीढ़ियों के नीचे किया जा रहा है। नालंदा वन प्रमंडल सह नेचर सफारी के रेंज ऑफिसर ऋषिकेश ने बताया कि इस वेटिंग हॉल का इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड क्लास लेवल का होगा। जिसमें एक साथ डेढ़ सौ से भी अधिक लोग आराम कर सकेंगे। यह हॉल पूर्णतः वातानुकूलित तो होगा हीं। वहीं इसमें बैठने के लिए कुर्सियां, सेल्फी प्वाइंट, बच्चों को खेलने के लिए इंडोर गेम्स एक्यूपमेंट्स, कैफेटेरिया कॉर्नर के अलावे एलईडी मेगा स्क्रीन तथा वाशरूम



की भी व्यवस्था होगी।

**धूप, बारिश और ठंड की झंझट खत्मः** उन्होंने आगे बताया कि नेचर सफारी प्रबंधन और नालंदा वन प्रमंडल द्वारा, पर्यटकों की समुचित सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर व्यवस्था बढ़ाने की गतिविधियां जारी रहती है। जिसमें वेटिंग हॉल को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। ताकि एंट्री प्वाइंट से लगभग 7 किमी की दूरी बस द्वारा तय कर नेचर सफारी परिसर पहुंचे पर्यटक को लाईन में लगना नहीं होगा। वे यहां पहुंच कर ग्लास स्काई वॉक ब्रिज का टिकट लेकर इसी हॉल में आकर थोड़ी देर सुस्ताएंगे। उतनी देर में उनकी बारी भी आ जाएगी। और वे तरो ताजा होकर ग्लास स्काई वॉक ब्रिज का दीदार करेंगे। तो उस समय उनके लिए यह बेहद सुखद अहसास का क्षण होगा। क्योंकि वेटिंग हॉल निर्माण के बाद गर्मी के दिनों में चिलचिलाती धूप की तपिश, बरसात में भींगने का डर तथा सर्दी के मौसम में कड़कड़ाती ठंड के बीच लंबी लाईन की झंझट खत्म हो जाएगी।

**मेगा एलईडी स्क्रीन भी लगेगाः** वहीं वेटिंग हॉल में उनके बच्चों के लिए इंडोर गेम्स होगा। ताकि उनकी बारी आने तक वे मनोरंजन में रमे रहें। जबकि मेगा एलईडी स्क्रीन पर नेचर सफारी तथा वाइल्ड लाइफ जू सफारी के विभिन्न गतिविधियों की फिल्में देख वे रोमांचित होंगे। इस हॉल का कैफेटेरिया कॉर्नर, नेचर सफारी की हरियाली में उनकी पसंद के व्यंजन के स्वाद को और बढ़ा देगा। इतना सबकुछ सुविधाएं पाकर पर्यटक जब ग्लास ब्रिज का दीदार करेंगे। तो एक सकारात्मक भाव से लबरेज संदेश लेकर अपने गांव, घर, शहर व घर को लौटेंगे। उन्होंने कहा कि इस हाल का निर्माण तीव्र गति से कराया जा रहा है। अभी इसके फाउंडेशन का ढांचा आच्छादित करने को लेकर लोहे के गार्डर से साईट इंजिनियर वेल्डिंग का काम कर रहे हैं। बरसात मौसम के पहले इसे कंप्लीटली तैयार करने की कवायद चल रही है।

काराकाट संसदीय क्षेत्र से 14 नामांकन पत्र पाए गए थे वैध

# काराकाट से पवन सिंह की मां ने वापस लिया नामांकन, तेरह उम्मीदवार मैदान में : डीएम




निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** काराकाट संसदीय क्षेत्र के नामांकन वापसी के अंतिम दिन पवन सिंह की मां प्रतिमा देवी ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। अब 13 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। नाम वापसी की समय सीमा खत्म हो जाने के बाद डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नवीन कुमार ने शुक्रवार शाम आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। डीएम ने बताया कि काराकाट संसदीय क्षेत्र से 14 नामांकन पत्र वैध पाए गए थे। उनमें से एक मात्र उम्मीदवार नाम वापस ले लिया है। अब कुल 13 उम्मीदवार मैदान में हैं। उल्लेखनीय है कि नाम वापस लेने वाली उम्मदीवार प्रतिमा देवी भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह की मां हैं। पवन सिंह के बाद उन्होंने भी नामांकन दाखिल किया था। तब यह अटकले लगनी शुरू हो गई थी कि मां और बेटे में से कौन चुनाव मैदान में रहेगा। लेकिन अब प्रतिमा देवी के नाम वापसी के बाद यह साफ हो गया है कि पवन सिंह चुनाव मैदान में डटे रहेंगे। ज्ञात हो कि पवन सिंह मैदान में आने के कारण काराकाट हॉट सीट बन गया है। अब यहां मुकाबला त्रिकोणीय माना जा रहा है। एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा, इंडिया गठबंधन के राजा राम सिंह के साथ अब निर्दलीय पवन सिंह की चर्चा पूरे क्षेत्र में हैं। काराकाट से अब जो 13 उम्मीदवार मैदान में हैं उनमें एनडीए के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजा राम सिंह, निर्दलीय पनव सिंह, बसपा के धीरज कुमार सिंह, राष्ट्र सेवा दल के प्रत्याशी प्रदीप जोशी, एआईएमआईएम की प्रत्याशी प्रियंका प्रसाद, प्रयाग पासवान, इंद्र राज रौशन, अवधेश पासवान, विकास विनायक, राजेश्वर पासवान,अजित कुमार सिंह एवं राजा राम सिंह निर्दलीय शामिल हैं। जिनके नामांकन पत्र रिजेक्ट किए गए हैं उनमें निर्दलीय किरण प्रभाकर, सनोज कुमार चंद्रवंशी, जनक दास सोना, भीम राम, अजय कुमार पाण्डेय, प्रिंस कुमार सिंह, शशिकांत गुप्ता, संतोष कुमार, विनोद प्रसाद चौधरी, संजय प्रसाद, उपेंद्र शर्मा, शामिल हैं।

## चार लोगों का नॉमिनेशन हुआ रद्द, सासाराम सीट से 10 उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव : डीएम

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** सासाराम संसदीय क्षेत्र का शुक्रवार को नाम वापसी की अंतिम तिथि थी। जहां शाम 3:00 बजे तक किसी भी पार्टी या निर्दलीय प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया है। बता दें की यहां से कुल 14 व्यक्तियों ने नॉमनेशन फाइल किया गया था। जिसमें चार लोगों का नॉमिनेशन रद्द हुआ और 10 लोगों का नॉमिनेशन किया गया। वहीं सभी प्रत्याशी को सिंबल अलॉट कर दिया गया है। मोहनिया भभुआ रोहतास जिले के सासाराम करहगर में सुबह 7:00 से दोपहर 6:00 बजे तक मतदान होगा। वहीं चैनपुर विधान सभा के कुल 53 और चेनारी विधानसभा के 26 मतदान केंद्र पर दोपहर के 4:00 बजे तक मतदान किया जाएगा। अधौरा पहाड़ी पर स्थित 53 नक्सली बूथ में किसी भी बूथ को शिफ्ट नहीं किया गया है। जिसकी जानकारी निर्वाचन पदाधिकारी सावन कुमार ने दी है। जिन लोगों को सिंबल अलॉट हुआ है उसमें कांग्रेस के मनोज कुमार को हाथ छाप, बीजेपी के शिवेश कुमार को कमल, बसपा के संतोष कुमार को हाथी, बहुजन मुक्ति पार्टी के अमित कुमार अंबेडकर को चारपाई, जन जनवादी पार्टी के उजारन मुसहर को आरी, राष्ट्रीय समाज पक्ष के नंदलाल राम को सिटी, जनतंत्र आवाज पार्टी के पूनम देवी को एयर कंडीशन, पीपल्स आफ पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के बनारसी दास को फलों से युक्त टोकरी, भारतीय गांधीवादी पार्टी के संतोष कुमार खरवार को छड़ी और निर्दलीय प्रत्याशी शिव शंकर राम को चिमनी छाप मिला है।

# सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

निज संवाददाता



**चैनपुर (कैमूर)।** कैमूर के चैनपुर थाना क्षेत्र के खोराडीह गांव के पास दो बाइक के बीच हुई टक्कर में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। हायर सेंटर में महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दी। जिसके बाद परिजन चैनपुर पुलिस को सूचना देते हुए शव को लेकर सदर अस्पताल भभुआ आए है। जहां पुलिस कागजी कार्रवाई पूरा करने के बाद शव का पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया। मृत महिला की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के घाटी गांव के स्वर्गीय छोटू राम की 50 वर्षीय पत्नी उमरावती कुंवर बताई जा रही है। मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री है। जहां मृत महिला के पति की हार्ट अटैक से 19 अप्रैल 2024 को मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद से महिला की तबीयत खराब रहने लगी। अपने दवा के लिए इलाज कराने वह बेटे के साथ जा रही थी तभी हुई घटना। मृत महिला के भाई राजवंश राम ने जानकारी देते हुए बताया 19 अप्रैल को महिला के पति की मृत्यु हो चुकी थी। जिसके बाद से उसकी भी तबीयत खराब थी। जिसे दिखाने के लिए अपने बेटे के साथ बाइक से भगवानपुर जा रही थी, तभी दूसरे बाइक वाले ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे यह घायल हो गई और वह टक्कर मारने के बाद भाग निकला। इनको उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया गया था। जहां से बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। लेकिन वहां उनकी मौत हो गई। इसके बाद शव को लेकर सदर अस्पताल भभुआ हम लोग आए हुए हैं। चैनपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि इलाज के दौरान एक महिला की मौत वाराणसी में हुई है। जिसके शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल भभुआ में कराया गया है। परिजनों द्वारा बताया गया था खोराडीह के पास दो बाइक की टक्कर में महिला घायल हो गई थी। उसके बाद ऊसका ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा था।

## करंट लगने से चार वर्षीय बच्ची की मौत

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के भभुआ थाना क्षेत्र के मीठापुर गांव में बिना कवर के गुजर रहे बिजली तार के संपर्क में आने से घर के बाहर खेल रही 4 वर्षीय बच्ची की घटना स्थल पर मौत हो गई। जिसके बाद परिजन बच्ची के शव को लेकर सदर अस्पताल भभुआ आए, जहां चिकित्सकों द्वारा उसे भभुआ थाने पर जाने का बताया गया। जब थाना पहुंचे तो थाना द्वारा भी सदर अस्पताल भभुआ लेकर जाने के लिए कहा गया। जहां परिजनों का कहना कि 4 घंटे से सदर अस्पताल में शव लेकर आए है ना तो पुलिस आया और ना ही पोस्टमार्टम करने के लिए डॉक्टर आए। वहीं जनप्रतिनिधियों के पहल पर बच्ची का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल भभुआ में कराया गया। घटना के बाद घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृत बच्ची भभुआ थाना क्षेत्र के मीठापुर गांव के राजन बिंद की 4 वर्षीय पुत्री नीलम कुमारी बताई जा रही है। मुराहू बिंद ने बताया कि मृत बच्ची मेरी भतीजी है। घर के बाहर बिजली का नंगा तार गुजरा हुआ है। कई बार बिजली विभाग के पैसा वसूलने आ रहे कर्मचारियों को तार को हटाने के लिए कहा गया था उनके द्वारा नहीं सुना गया और बच्ची घर के बाहर खेल रही थी इसी बीच तार की चपेट में चली गई, जिससे उसकी मौत हो गई। जहां उसके शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाये है।

# एसडीएम के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को किया गया जागरूक

निज संवाददाता



**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के बिसैनीकला पंचायत के बिसैनीकला गांव में एसडीएम सूर्यप्रताप सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। वहीं गांव में ही ग्राम चौपाल का भी आयोजन किया गया। एसडीएम ने जागरुकता रैली के दौरान हर घर दस्तक कार्यक्रम के तहत घर-घर पहुंच कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए आग्रह किया। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि आपका पहला अधिकार मत देने का है। आप अपने मत से एक सरकार बनाते हैं। आप अपने मतों को किसी के बहकावे में आकर बेकार न करें। उन्होंने गांव के बुजुर्गों से आग्रह किया कि आप अपने मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपना कीमती वोट जरूर करें। उन्होंने बताया कि मतदान का प्रतिशत इस बार अस्सी तक पहुंचाना है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बूथ अवेयरनेस का गठन किया गया है। बूथ अवेयरनेस की महिला सदस्य एवं बीएलओ हर घर की महिलाओं को मत देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि वैसे बुजुर्ग, दिव्यांग व गर्भवती महिला जो बूथ पर जाने में असमर्थ हैं उनके लिए वाहन की व्यवस्था किया गया है। उन्होंने पहली बार मतदान करने वाले युवा वोटर को भी मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील किया। मौके पर बीडीओ अरुण कुमार सिंह, जेएसएस प्रमोद कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रणव कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी सावन कुमार ने किया स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्र का निरीक्षण

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर जिले में सासाराम संसदीय क्षेत्र का मतदान एक जून को होना है। जिसको लेकर जिलाधिकारी सावन कुमार लगातार एक-एक बिंदु पर नजर बनाए हुए हैं। मतदान होने के बाद स्ट्रांग रूम में ईवीएम रखी जाएगी। जिसको बाजार समिति मोहनिया में बनाया गया है। वहां तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था होगी। सीसीटीवी कैमरे के साथ पुलिस के जवान मौजूद रहेंगे। कैमूर जिलाधिकारी सावन कुमार ने बताया कि सासाराम 34 संसदीय लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्र का निरीक्षण करने आए थे। यहां के इंजीनियर और कार्यपालक अभियंता को टारगेट दिया गया है कि ससमय इसको तैयार करेंगे। कहां पर प्रेच्छक की जगह होगी, कहां पर मीडिया सेंटर होगा।

इन सभी चीजों का निरीक्षण किया गया है। जो काउंटिंग एजेंट हैं वह किस रास्ते से प्रवेश करेंगे और कहां से हमारे पदाधिकारी प्रवेश करेंगे। कैसे सभी कैमरों को इंस्टॉल किया जाएगा, कैसे तीन चरणों की सुरक्षा व्यवस्था में ईवीएम की रखी जाएगी। इन सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। काउंटिंग हॉल में कुल 14 टेबल मतगणना केंद्र में लगाया जाएगा। तैयारी चुस्त और दुरुस्त रहेगी।

# अपराधियों ने सीएसपी संचालक से एक लाख 60 हजार रुपए लूटी

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद नगर थाना क्षेत्र के गौतम बुद्ध हाई स्कूल के पास सीएसपी संचालक से 1 लाख 60 हजार रुपए अपराधियों ने लूट लिए। रोशन कुमार जो कडौना गांव का निवासी है, उन्होंने बताया कि शहर के वार्ड नंबर 9 में CSP चलाने का काम करता हूं। पंजाब नेशनल बैंक से 1 लाख 40 हजार रुपए निकाल कर ऑटो से घर जा रहा था। जैसे ही गौतम बुद्ध हाई स्कूल के पास पहुंचे की मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधी आए और बैग छीनकर फरार हो गया। जब तक हम कुछ समझ पाए तब तक मोटरसाइकिल सवार अपराधी मौके से फरार हो गए। मैं जोर-जोर से हल्ला किया तब तक काको मोड़ की तरफ भाग गया। उन्होंने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक से 1 लाख 40 हजार निकाला था। मेरे बैग में पहले से 20 हजार रखा हुआ था। कुल 1 लाख 60 हजार अपराधी लेकर फरार हो गए। इस घटना की सूचना पीड़ित व्यक्ति द्वारा नगर थाने के पुलिस को दी गई है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस द्वारा आसपास के लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को संभाल रही है।

## आग लगने से एक गाय और दो बछड़े जले

**सूर्यपुरा (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के जाल्हा गांव में एक किसान के मवेशी की झोपड़ी में आग लगने से तीन पशु बुरी तरह से झुलस गए। जिसमें एक गाय मर गई। जाल्हा गांव निवासी किसान संतोष कुमार मौआर के मवेशी के घर यानी झोपड़ी में आग उस समय लगी जब दोपहर मे घर के सभी लोग अपने अपने घर मे आराम कर रहे थे। अचानक मवेशी का फूसनुमा घर धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटें देख ग्रामीण दौड़े और आग पर काबू पाने का पुरजोर कोशिश की। किसी तरह एक गाय की बछड़ा व एक भैंस के बच्चे को ग्रामीणों ने जान पर खेल कर आग से बाहर निकाल पाया। जब तक लोग मोटर चालू कर आग को बुझा पाते आग की बुरी तरह से चपेट में फंसी गाय जल गई। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

# पुलिस ने 10 लाख रुपए की शराब किया बरामद

निज संवाददाता

**राजपुर (रोहतास)।** जिले के राजपुर थाना की पुलिस द्वारा भारी मात्रा में शराब पकड़ा गया है। जिस पर तकरीबन 10 लाख मूल्य की शराब छुपाया गया था। राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया की लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने एवं अपराध नियंत्रण को लेकर कैमूर जिला के निकटवर्ती शिवाय पुल, उत्तर प्रदेश के निकट देवल पुल एवं अन्य जगहों पर बैरिकेडिंग कर सीमा में प्रवेश करने वाले हर छोटी बड़ी वाहनों की पुलिस अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट के साथ गहन जांच पड़ताल किया जा रहा है। इसी जांच के दौरान जैसे ही कैमूर की सीमा से राजपुर थाना क्षेत्र के बक्सर जिले की सीमा में एक पिकअप मैजिक प्रवेश किया। उस गाड़ी पर आगे एवं पीछे पानी की बोतल लोड था। जिस गाड़ी को टीम ने रुकने के लिए कहा तब तक चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। जिसका पीछा कर पुलिस ने पकड़ लिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति गाड़ी का चालक है। जिसका नाम पप्पू कुमार उम्र 32 वर्ष पिता स्वर्गीय लालटू राम एवं सह चालक अभिषेक कुमार उम्र 23 वर्ष पिता लक्ष्मण प्रसाद है। यह दोनों ग्राम हतनारा मिश्रपुरा थाना मंडुआडीह, जिला बनारस उत्तर प्रदेश के बताए जाते हैं। वाहन में छुपा कर रखे गए 40 बड़े कार्टून में किंगफिशर स्ट्रॉन्ग मल्टी बियर लगभग 80 कार्टून में 960 लीटर विदेशी शराब तथा 500 मिलीलीटर का 1272 पानी का बोतल एवं एक लीटर के 1020 पानी की बोतल है। पुलिस द्वारा गहन पूछताछ में मैजिक पिकअप के चालक अभिषेक कुमार एवं सहचालक पप्पू कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि यह मैजिक पिकप गाड़ी आशीष कुमार पारस उर्फ गोलू पिता विजय बहादुर पारस ग्राम हतनारा मिश्रीपुरा थाना मंडरडीह जिला बनारस उत्तर प्रदेश का है। उन्हीं की गाड़ी हम चलाते हैं और उनके द्वारा बताएं अनुसार हम सभी इसे बक्सर लेकर जा रहे थे। उन्होंने बताया था कि बक्सर हाईवे के पास जाना है। जहां फोन करने के बाद एक आदमी इसको रिसीव करेगा। इनके द्वारा वैध कागजात की मांग की गई। लेकिन इन लोगों के पास कोई कागजात मौजूद नहीं था।इनके पास मौजूद दो मोबाइल फोन, सेट भी जब्त किया गया है। चालक द्वारा बताए गए व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता



**जमुहार (रोहतास)।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल एवं एलाइड साइंसेज द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीने के लिए प्रेरित करें विषय पर आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता पीएमसीएच पटना के पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार रहे ।डा देवेंद्र ने उच्च रक्तचाप को एक साइलेंट किलर बताते हुए कहा कि मौजूदा मॉडर्न दौर में खराब जीवन शैली, असुरक्षित खान-पान और शारीरिक गतिविधियों में कमी के चलते अधिकांश लोग उच्च रक्तचाप के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा विश्व के 54 प्रतिशत लोग उच्च रक्तचाप के शिकार हैं जिनमें से 46 प्रतिशत लोग अपनी जांच कराते हैं तथा 26 प्रतिशत लोग ही नियमित जांच के बाद इसे संतुलित रखने में कामयाब हो पाते हैं ।आज के इस भाग दौड़ के जीवन में उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूकता बढ़ाने ,रोकथाम, पता लगाने और नियंत्रण को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के रूप में मनाया जाता है और समाज के लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जाता है।

विश्वविद्यालय के देव मंगल सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ देवेंद्र कुमार, विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप, पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉक्टर यतिन्द्र मोहन सिंह, नारायण मेडिकल कॉलेज के बायोकेमेस्ट्री विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर विवेक सिंहा, निश्चेतना विभाग के अध्यक्ष डॉ हृदय कुमार समेत विभिन्न लोगों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उपस्थित पैरामेडिकल छात्रों को संबोधित करते हुए उच्च रक्तचाप के होने के कारण, उसकी रोकथाम एवं उपचार संबंधित जागरूकता पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया। अवसर पर पैरामेडिकल संस्थान के सभी शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भूमि विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

**चांद (कैमूर) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के निबी गांव में भूमि विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक 32 वर्षीय अजीत मिश्र निबी गांव के ललन मिश्र का बेटा था। बताया गया है कि अजीत गांव में पोखरे की खुदाई करा रहा था। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोग वहां पहुंचे और पोखरे की खुदाई करने से उसे मना किए। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस होते-होते मारपीट शुरू हो गई। फिर गोली गोली मार अजीत को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। गोली से घायल अजीत को आनन-फानन में परिजनों द्वारा चांद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन बेहतर इलाज कराने के लिए उसे लेकर जैसे ही बीएचयू के ट्रामा सेंटर पहुंचे उसकी मौत हो गई। परिजन उसके शव को पोस्टमार्टम वहीं करा रहे हैं। थानाध्यक्ष मो. इरफान रजा ने इस घटना की पुष्टि की और बताया कि वह घायल का बयान लेने अस्पताल गए थे। लेकिन, परिजन उसे लेकर चले गए थे। उन्होंने बताया कि मामले में अभी तक आवेदन नहीं मिला है।

# ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 615 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में

निज संवाददाता

**हाजीपुर(वैशाली)।** रेल यात्रा के दौरान महिलाओं की सुरक्षा रेलवे की प्राथमिकतओं में शामिल रहा है। इसी के मद्देनजर रेलवे द्वारा ऑपरेषन 'महिला सुरक्षा' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ धर-पकड़ अभियान चलाया चलाया जाता रहा है। इसी कड़ी में 01 मई से 15 मई, 2024 तक ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत कुल 615 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया। इनमें सर्वाधिक 355 लोग दानापुर मंडल में जबकि पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 151, सोनपुर मंडल में 56 तथा समस्तीपुर मंडल में 53 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया।

# बैठक में पदाधिकारियों को अपने कार्य एवं दायित्व के प्रति सजग एवं सचेत होकर कार्य करने का दिया गया निर्देश

निज संवाददाता




**भभुआ (कैमूर)।** समाहरणालय, कैमूर के सभागार में लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा संबंधित कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों से सामान्य प्रेक्षक 34 सासाराम अजा लोकसभा क्षेत्र एस० जयन्धि के द्वारा की गई। सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी सावन कुमार के द्वारा सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक का स्वागत कर उन्हें सासाराम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी आवश्यक जानकारियों एवं जिले के भौगोलिक स्थिति के बारे में अवगत कराया गया। सामान्य प्रेक्षक के द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी कोषांगों के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित पुलिस प्रेक्षक अशोक गोयल ने सभी उपस्थित पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। जिसमें सभी प्रतिनिधि पदाधिकारी एवं कर्मियों को अपनी ड्यूटी पता रहनी चाहिए।

छोटे से बड़े ओहदे के कर्मचारी एवं पदाधिकारी की ड्यूटी शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ चुनाव कराने की होती है। सभी पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में अक्षरशः कार्य करना सुनिश्चित करें।सामान्य प्रेक्षक द्वारा बारी-बारी से सभी कोषांगों जैसे कार्मिक कोषांग, वाहन, विधि व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता,सी वीजिल सहित सभी कोषांग की समीक्षा की गई। संबंधित नोडल पदाधिकारियों को अपने कार्य एवं दायित्व के प्रति सजग एवं सचेत होकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। क्षेत्र भ्रमण का निर्देश सामान्य प्रेक्षक द्वारा भभुआ चैनपुर सहित सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को लगातार क्षेत्र भ्रमण कर लोकसभा आम चुनाव से संबंधित सभी प्रकार के कार्यों को ससमय संपादित करने का निर्देश दिया। उनके द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के द्वारा लोकसभा आम चुनाव को लेकर अब तक की गई तैयारी की सराहना एवं प्रशंसा की गई।बैठक में पुलिस अधीक्षक कैमूर ललित मोहन शर्मा, अपर समाहर्ता ओमप्रकाश मंडल, उप विकास आयुक्त ज्ञान प्रकाश, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार सहित सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी उपस्थित रहे।

## 141 पीस शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** उत्पाद पुलिस ने जिले के दहला मोड़, कुल्हड़िया मोड़ व महदाइच चकिया चेकपोस्ट पर जांच के दौरान 141 पीस शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में रोहतास जिला के अगरेर थाना क्षेत्र के मोकर निवासी प्रदीप कुमार, मुन्ना पासवान, चैनपुर थाना क्षेत्र के मदुरना टोला मड़ई पर निवासी राजेश यादव व राहुल यादव शामिल हैं। उत्पाद विभाग के अधिकारियों शैलेश साहनी, राकेश कुमार व उपेंद्र चौधरी ने बताया कि चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भिजवा दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, दहला मोड़ के पास से 48 पीस एट पीएम टेट्रापैक शराब के साथ प्रदीप कुमार को तब गिरफ्तार किया गया, जब वह यूपी की यात्री गाड़ी से शराब लेकर आ रहा था। कुल्हड़िया मोड़ के पास से 48 पीस शराब के साथ गिरफ्तार मुन्ना भी यात्री वाहन से यूपी से शराब लेकर आते वक्त गिरफ्तार हुआ। उनकी गिरफ्तार वाहन जांच के दौरान हुई।

# जिलाधिकारी ने अस्पताल समेत सरकारी भवनों का किया औचक निरीक्षण




निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल, प्रखण्ड कार्यालय एवं अनुमण्डल कार्यालय समेत अन्य सरकारी भवनों का औचक निरीक्षण जिलाधिकारी नवादा प्रशांत कुमार सीएच ने औचक निरीक्षण किया। साथ ही सम्बंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया है। इस दौरान प्रखण्ड परिसर स्थित अंचल कार्यालय, मनरेगा कार्यालय, ई-कृषि भवन, सामुदायिक पुस्तकालय, नगर पंचायत कार्यालय, सीडीपीओ कार्यालय, पीएचईडी कार्यालय एवं फायर सब-स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया। हालांकि शुक्रवार को छुट्टी रहने के कारण सभी कार्यालय बन्द थे। औचक निरीक्षण के दौरान एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष, डीसीएलआर प्रमोद कुमार, बीडीओ अनिल मिस्त्री, सीओ मो गुफरान मजहरी, बीपीआरओ राजन कुमार व एमओ राजेश कुमार के अलावे अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला अंतर्गत क्षेत्र भ्रमण के उद्देश्य से रजौली के अनुमंडलीय अस्पताल, प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित अन्य कार्यालयों का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी भवनों में जहां मरम्मती की जरूरत है, वहां मरम्मती कराने को भी निर्देशित किया गया है। वहीं नगर पंचायत कार्यालय हेतु जमीन के आवंटन के लिए निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा कि फायर सबस्टेशन का नया भवन बीते एक वर्ष से बने रहने की बात कही गई है। जिसको लेकर फायर स्टेशन के वरीय पदाधिकारी से बात की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि संवेदक द्वारा भवन को हैंड ओभर कर दिए जाने की स्थिति में अगले सप्ताह तक अग्निशमनकर्मी अपने नए भवन में शिफ्ट हो जाएंगे। वहीं सीडीपीओ कार्यालय के समीप एक चापाकल की व्यवस्था करने का भी मामला संज्ञान में आया है। इसके अलावे हरदिया पंचायत के फुलवरिया जलाशय में जल स्तर एवं केनालों के बारे में सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता से महत्वपूर्ण जानकारी ली गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि फुलवरिया जलाशय से बहुद्देश्यीय जल परियोजना से 10 पंचायतों के कुल 90 गांवों को पेयजल भी उपलब्ध कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि फुलवरिया जलाशय का जल स्तर नीचे चला गया है, जिसको लेकर विभागीय बातचीत की जाएगी।

## तेजस्वी राज ने जीता सवर्ण पदक, बढ़ाया मान



निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)**। जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में इंटर विद्यालय नारदीगंज के दशवीं कक्षा के छात्र तेजस्वी राज ने तेजस्वी राज ने स्वर्ण पदक जीत कर जिला, प्रखंड के साथ परिवार का मान सम्मान बढ़ाया। नारदीगंज प्रखंड के हंडिया निवासी संतोष कुमार का पुत्र तेजस्वी राज है। इस अवसर इंटर विद्यालय नारदीगंज में प्रभारी प्राचार्य डा. कारु रजक की अध्यक्षता में तेजस्वी राज को सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षक नीरज कुमार, रूपेश कुमार व धनन्जय कुमार ने मेडल देकर सम्मानित किया। कहा गया यह कार्यक्रम जिला में दो दिवसीय वर्ड नालंदा जिला जूनियर व सीनियर बुशु मार्शल आर्ट चैंपियनशिप 2024 के फाइनल मैच में कोच शत्रुघ्न सिंह चौहान रहे, उनके द्वारा जिले के हंडिया निवासी संतोष कुमार का पुत्र तेजस्वी राज ने खेल का प्रदर्शन करते हुए हुए सवर्ण पदक विजेता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह इंटर विद्यालय नारदीगंज का 10 वीं का छात्र है,हाल के दिनों में आयोजित जू-जिस्तु नेशनल चैंपियनशिप 2023-24 में 30 मार्च से दो अप्रैल 2023--24 में

## बारात के लिए बस नहीं भेजने पर 35 हजार रुपये का जुर्माना

निज संवाददाता

**नवादा**। जिला उपभोक्ता फोरम आयोग ने मुरारी एंड कृष्णा बस पर 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। फरियादी को पांच सालों के बाद न्याय मिला है। फरियादी पकरीबरावां के सुरेंद्र कुमार, पिता स्वर्गीय परशुराम साव ने मुरारी एंड कृष्णा बस ट्रांसपोर्ट सर्विस पर सेवा में त्रुटि को लेकर जिला उपभोक्ता आयोग में वाद लाया था। शिकायतकर्ता सुरेंद्र कुमार ने 20 अक्तूबर 2020 को आयोग में अपना वाद दाखिल किया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि पकरीबरावां से झरिया तक छह दिसंबर 2019 को बारात ले जाने के लिए मुरारी एंड कृष्णा बस सर्विस से बस नंबर BR02PB 7266 की बुकिंग करायी थी। इसके लिए 27 हजार एक रुपये में बुकिंग की गयी थी। बुकिंग के लिए दस हजार एक रुपए रुपये का एडवांस भी किया गया था। शिकायतकर्ता सुरेंद्र कुमार ने बताया कि छह दिसंबर 2019 को पकरीबरावां से झरिया के लिए 11 बजे दिन में बारात लेकर जानी थी और 7 दिसंबर 2019 को सुबह में वापस पकरीबरावां बारात लेकर आना था। परंतु विपक्षी मुरारी एंड कृष्णा के बस मालिक से अनुरोध करने के बाद भी शाम चार बजे तक गाड़ी नहीं भेजा गया। बाद में परिवादी ने जल्दीबाजी में 12 हजार रुपये प्रति गाडी के हिसाब से आठ छोटी गाड़ियों को बरात जाने के लिए बुकिंग करना पडा जिसका कुल किराया 96 हजार रुपये याचिकाकर्ता सुरेंद्र कुमार को भुगतान करना पड़ा। देर से बारात ले जाने के कारण रास्ते में बारातियों के लिए अलग से नाश्ता व खाना आदि का भी इंतजाम करना पडा। इस मामले को लेकर जिला उपभोक्ता आयोग आयोग में नुकसान की भरपाई के लिए अग्रिम भुगतान की राशि के लिए दस हज़ार, आठ छोटे गाडियों का भाड़ा 96 हजार, बराती के नाश्ता पर खर्च के लिए 10 हजार, बाराती के बर्बाद हुए खाने का मूल्य 32 हज़ार और मानसिक व सामाजिक क्षतिपूर्ति के लिए 50 हजार कुल एक लाख अंठानबे हजार का जिला उपभोक्ता आयोग में मुरारी एंड कृष्णा बस ट्रांसपोर्ट सर्विस के खिलाफ वाद लाया गया। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष रघुपति सिंह और सदस्य मिथिलेश कुमार की बेंच ने आदेश पारित करते हुए कहा कि परिवादी ने सामाजिक प्रतिष्ठा बचाने एवं आवश्यक विवाह संस्कार को ससमय पूरा करने के लिए जल्दी बाजी में मुंहमांगी कीमत पर वाहन की व्यवस्था करनी पड़ी इसके कारण परिवादी को आर्थिक क्षति हुई है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि परिवादी के प्रस्तुत बात को स्वीकार करते हुए विपक्षी पक्षकार को यह आदेश दिया कि परिवादी को अग्रिम भुगतान की राशि की 10 हजार रुपये अग्रिम भुगतान की तिथि 23 नवंबर 2019 से 6% साधारण ब्याज सहित तथा मानसिक शारीरिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति के लिए 15 हजार रुपये और वाद खर्च के लिए पांच हजार रुपये यानि लगभग 35 हजार रुपये जुर्माना के रूप में देने का आदेश पारित किया। यदि 60 दिनों के भीतर जुर्माना का भुगतान नहीं होता है तो 9% वार्षिक साधारण ब्याज के साथ भुगतान करना होगा।

## जमीन की खरीद-बिक्री में जमाबंदी के नये नियम को लेकर संशय अब भी बरकरार

निज संवाददाता

**नवादा**। जमीन की खरीद-बिक्री यानी रजिस्ट्री के लिए बिक्री करने वाले व्यक्ति के नाम जमाबंदी होने का जो नियम लागू किया गया है, सुप्रीम कोर्ट ने इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। हालांकि, जिले में अभी इस नये नियम को लागू नहीं किया गया है। इसकी जानकारी लेने के लिए लोग रजिस्ट्री ऑफिस पहुंच रहे हैं। रजिस्टार ने बताया कि अभी पुरानी व्यवस्था से ही काम हो रहा है। कोर्ट के आदेश की प्रति राज्य कार्यालय से मिलने के बाद ही नये नियम से काम किया जायेगा। अब फिर से पिता के नाम की जमीन की बिक्री पुत्र व पुत्रियां कर सकती है। यही नहीं, अगर पत्नी चाहती हैं, तो भी बिक्री कर सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसला से आम पब्लिक के साथ रजिस्ट्री ऑफिस के स्टांप वेंडर व दस्तावेज नवीसों में खुशी की लहर है। लम्बे समय बाद शुक्रवार को सुबह से ही ऑफिस में भीड़ दिखी। जिन नवीसों व स्टांप वेंडरों की गुमटी में सन्नाटा पसरा था उसमें भी शुक्रवार को भीड़भाड़ दिखी। हालांकि,विभाग की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के फैसला के आलोक में कोई दिशा निर्देश जारी नहीं किया गया है इससे कि बिना जमाबंदी वाली जमीन की भी खरीद-बिक्री हो सके। ऑफिस के कर्मचारी व अधिकारी विभागीय दिशा निर्देश का इंतजार कर रहे हैं। रजिस्टार निलेश कुमार ने बताया कि फिलहाल, जिनके नाम जमाबंदी हैं, उन्हीं के द्वारा बिक्री करने पर रजिस्ट्री की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट से हाईकोर्ट व सरकार के फैसलों पर लगी रोक के बाद लोग जानकारी लेने पहुंच रहे हैं। सभी को विभागीय गाइडलाइन आने का इंतजार करने को कहा जा रहा है।

**क्या है सुप्रीम कोर्ट का फैसलाः-** सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाइकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दिया है, जिसमें यह कहा गया था कि जमीन की रजिस्ट्री के लिए जमाबंदी होनी जरूरी है। अब बिहार में बगैर जमाबंदी के भी जमीन की रजिस्ट्री हो सकती है। दरअसल, जब से हाइकोर्ट का नया आदेश जारी हुआ था, तभी से संपत्तियों की रजिस्ट्री में लगातार कमी देखी जा रही थी। इसके खिलाफ कातिवों के अलावा आम पब्लिक की तरफ से भी एक साथ कई अपील याचिका सुप्रीम कोर्ट में फाइल की गयी थी।

**10 अक्तूबर, 2019 को पहली बार लागू हुआ था नियमः-** जमीन रजिस्ट्री में होने वाले फर्जीवाड़े को रोकने के लिए राज्य सरकार ने पहली बार 10 अक्तूबर, 2019 को नियम लागू किया था, तब इसके खिलाफ कई याचिका हाइकोर्ट में दायर की गयी। कोर्ट ने 15 दिनों के भीतर ही 25 अक्तूबर को सरकार के फैसला पर रोक लगा दिया।

### कमाई में वंदे भारत से आगे निकली गया-हावड़ा एक्स

**नवादा (नि.सं1)**। गया-किऊल रेलखंड के बारे में बेटिकट यात्रा और रेलवे को घाटा होने की धारणा काफी पुरानी है लेकिन अब माहौल बदल रहा है। नवादा से होकर गुजरने वाले गया किऊल रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों पर बड़ी संख्या में टिकट कट रहे हैं और टिकट आरक्षण हो रहे हैं। इस रेल लाइन पर चलने वाली सबसे महत्वपूर्ण ट्रेन गया हावड़ा एक्सप्रेस इसका बड़ा उदाहरण है। गया-हावड़ा एक्सप्रेस कमाई के मामले में देश की कई बड़ी और व्यस्त ट्रेनों से भी आगे निकल गई है। हाल में जारी आंकड़े के अनुसार गया हावड़ा एक्सप्रेस की कमाई पटना हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस से भी अधिक है। गया-हावड़ा एक्सप्रेस 13024 ने 13.55 करोड़ की कमाई की है। पूर्व मध्य रेलवे के तहत संचालित मेल, एक्सप्रेस, सुपरफास्ट राजधानी, गरीब रथ और वंदे भारत ट्रेनों की आमदनी के मामले में गया-हावड़ा एक्सप्रेस 54वें नंबर पर है। पटना और किऊल आदि से हावड़ा दिल्ली जाने वाले कई ट्रेनों की आमदनी इससे कम है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी सुशील मोदी को श्रद्धांजलि

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)**। प्रखण्ड भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को बीजेपी पूर्वी मण्डल के कार्यकर्ताओं ने दिवंगत भाजपा नेता व पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। पूर्वी मण्डल के भाजपा अध्यक्ष अजित कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुशील मोदी की बीजेपी का एक मजबूत स्तम्भ बताते हुए कहा कि उनके निधन से भाजपा परिवार एवं बिहार की राजनीति को बहुत बड़ा झटका लगा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुशील मोदी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ज्योतिष कुमार, मुन्ना शर्मा, बालमुकुंद सिंह, माधुरी वर्मा, सूरज कुमार आदि मौजूद थे।

### फरार आरोपी को भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के कोसला नया नगर में पुलिस ने गुरुवार की रात में छापेमारी की। इस दौरान उसी गांव के शराब बनाने व बिक्री के आरोपी छोटू मांझी को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध कांड 78 /2024 दर्ज था। यह जानकारी थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद में दिया।

## आगलगी से बचाव को लेकर लोगों को किया जा रहा जागरूक



निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)** कौआकोल प्रखण्ड में इन दिनों अग्निशमन विभाग की टीम के द्वारा लगातार आगजनी से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दरम्यान मॉक ड्रील के माध्यम से आग पर कैसे काबू पाया जाय,इसकी जानकारी दी जा रही है। वहीं मॉक ड्रील के साथ-साथ जागरूकता से सम्बंधित पम्पलेट का भी वितरण किया जा रहा है। अग्निशमन विभाग के कौआकोल थाना के अग्निकचालक मानस कुमार ने बताया कि सहायक जिला अग्निशाम पदाधिकारी सोम बहादुर तमांग के नेतृत्व में अग्निशमन टीम के द्वारा प्रखण्ड के विभिन्न वार्डों, गांवों, विद्यालयों एवं अन्य निजी व सार्वजनिक स्थानों पर जा-जाकर लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही लोगों को इस मौसम में आग लगने वाली छोटी-छोटी कारणों से भी अवगत कराकर सावधानियां बरतने का निर्देश दिया जा रहा है। अग्निकचालक मानस कुमार ने बताया कि सावधानी ही आग की भयावता से बचाव का कारण बन सकता है। जागरूकता के क्रम में उन्होंने लोगों को बताया कि आज के समय में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा माचिस की तीली,बीड़ी,सिगरेट आदि को पीकर जहां-तहां फेंक दिया जाता है, जो आग की तबाही की मंजर का रूप ले लेता है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि चूल्हे पर खाना सुबह में 9 बजे से पहले और शाम में 6 बजे के बाद बनाएं। तथा खाना बन जाने के बाद आग को अच्छी तरह से बुझा दें। चूल्हे की आग युक्त गर्म राख को जहां-तहां नहीं फेंके। साथ ही उन्होंने कहा कि आगजनी होने पर तत्काल इसकी सूचना टॉल फ्री नम्बर 101 एवं 112 पर दें, ताकि समय रहते सहायता की जा सके।

### लू की चपेट में आ रहे छात्रों को बचाने की अपील की

**नवादा**। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव व पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भीषण लू-लहर के चपेट में आ रहे शिक्षक/शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं की जान बचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आपका शिक्षा विभाग आपको शारीरिक, मानसिक और राजनीतिक रूप से स्वस्थ होने नहीं देने का संकल्प ले रखा है। विधान मंडल से मुख्यमंत्री एवं राजभवन से उच्च न्यायालय तक के फैसलों को नहीं ममला उनके प्रति घोर अवमानना है। उन्होंने कहा 16 मई से लाखों लाख बच्चों एवं शिक्षकों को 90 प्रतिशत उपस्थिति की गारंटी खाली पेट करने एवं 12 बजे दुपहरिया में जब तापमान 45 डिग्री रहेगा तब घर जाने के लिए बच्चों एवं शिक्षकों को मजबूर करेगा।

## अमावां संगत के महंथ पर भू-माफियाओं ने किया जानलेवा हमला, रेफर



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के अमावां स्थित नानकशाही संगत के महंथ शक्ति मुनि दास पर गुरुवार की देर शाम गांव के ही भू माफियाओं ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में महंथ गम्भीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय सज्जनों के द्वारा घटना की सूचना डायल 112 की पुलिस टीम एवं थाना को दी गई।सूचना पाकर थाने में पदस्थापित एसआई पिंकी कुमारी एवं डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची। वहीं एसआई पिंकी कुमार के निर्देश पर लहूलुहान महंथ को डायल 112 की टीम में रहे एसआई मोतीलाल सिंह के साथ अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। डायल 112 की टीम द्वारा रात्रि को लगभग 9 बजे अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी में रहे चिकित्सक ने कहा कि घायल व्यक्ति की पहचान अमावां स्थित संगत के महंथ शक्ति मुनि दास के रूप में हुई है। साथ ही कहा कि महंथ के सिर पर गम्भीर चोंट लगने की वजह से सिर फट गया है,जिसमें लगभग आधा दर्जन टांका देकर खून बन्द किया गया है। चिकित्सक ने कहा कि घायल महंथ के शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई है। घायल महंथ का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर किया गया है। अनुमंडलीय अस्पताल में इलाजरत अमावां संगत के महंथ शक्ति मुनि दास ने कहा कि वे संगत एवं ठाकुरजी की सेवा विगत आठ वर्षों से करते आ रहे हैं। गुरुवार की शाम को संगत के भवन में एक दुकानदार को अग्रीमेंट पूरा होने पर दुकान खाली करने को कहा गया था। जिसको लेकर अमावां गांव के ही स्व द्वारिका सिंह के पुत्र रामसागर सिंह उर्फ सागर सिंह, स्व अलखदेव सिंह के पुत्र नवल सिंह एवं सुरेश सिंह संगत परिसर आकर गाली-गलौज करने लगे। जिसका विरोध किये जाने पर उक्त लोग लाठी-डंडे से बेतहाशा कहर बरपाने लगे। मुझपर हुए अचानक जानलेवा हमला से मैं लहूलुहान होकर जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़ा। जब होश आया तो खुद को खून से भींगा हुआ पाया। जिसके बाद घटना की सूचना डायल 112 एवं थाना को दी गई। उन्होंने कहा कि सागर सिंह, नवल सिंह एवं राकेश सिंह के अलावे अन्य कुछ भूमाफ़ियाओं द्वारा संगत की जमीन एवं अन्य संपति को हड़पने के लिए एक फर्जी कमिटी बनाई गई है। जिसका धौंस दिखाकर वे संगत की सम्पति को लूटखसोट करना चाहते हैं। जिसका विरोध किये जाने पर वे संगत के महंथों के साथ अक्सर मारपीट भी करते रहते हैं। घायल महंथ शक्ति मुनि दास ने कहा कि मुझसे पहले अमावां संगत में रहने वाले तीन महंथों की मृत्यु संदेहास्पद ढंग से हुई है। साथ ही कहा कि मरने वाले महंथों में एक को मारकर कुंआ में डाल दिया गया, दूसरे का सड़क दुर्घटना करवा दिया गया एवं तीसरे को गला घोंटकर नदी में फेंक दिया गया। महंथ ने कहा कि इससे पहले भी फर्जी कमिटी द्वारा मुझे जान से मारने की धमकी दी गई थी, जिसका सनहा रजौली थाना में दर्ज है। घायल महंथ ने कहा कि इलाज के बाद वे पुलिस को लिखित आवेदन देकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई को लेकर प्राथमिकी दर्ज करवाएंगे। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि घायल महंथ द्वारा किसी प्रकार का लिखित आवेदन नहीं प्राप्त हुआ है। आवेदन दिए जाने के आलोक में दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## जिंदा जलाकर युवक की हत्या मामले में मुख्य आरोपित सहित दो गिरफ्तार




निज संवाददाता

**नवादा**। जिले के बिहार-झारखंड सीमा पर बुधवार 9 मई को जिले के उग्रवाद प्रभावित कौआकोल थाना इलाके में एक युवक की जिंदा जलाकर हुई निर्मम हत्या मामले के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनकी गिरफ्तारी हुई है उसमें सुरेश राय पिता प्यारे राय, ग्राम-झरनमा, थाना-कौआकोल, जिला-नवादा और रुपेश राय उर्फ लालू, पिता-स्व. पूरन राय शामिल है। दोनों की गिरफ्तारी जिले के परनाडाबर थाना इलाके से की गई। पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस कर उक्त जानकारी दी। एसपी के अनुसार शराब मामले में सुरेश राय के चचेरे भाई की गिरफ्तारी उत्पाद पुलिस द्वारा की गई थी। सुरेश को शक था कि झारखंड राज्य के गिरीडीह जिला अंतर्गत गांवा थाना के डूमरझारा गांव निवासी सोमर साव का पुत्र मुकेश कुमार साव ने ही छापेमारी कराया और उसके घर की महिला पुष्पा देवी की गिरफ्तारी हुई। इसी से खार खाए सुरेश ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मुकेश की हत्या कर दी। एसपी के अनुसार मारपीट कर हत्या के बाद शव को जलाया गया था।

**शराब धंधेबाजों के बीच मनमुटाव के बाद घटनाः-** एसपी ने बताया कि शराब धंधेबाजों के बीच मनमुटाव के बाद घटना को अंजाम दिया गया। एसपी के अनुसार मृतक और आरोपित लोग मिलकर शराब का धंधा करते थे। बाद में मनमुटाव हुआ। इस बीच उत्पाद विभाग पकरीबरावां की टीम द्वारा सुरेश राय के चचेरे भाई के घर छापेमारी की गई। जहां से भाई की पत्नी पुष्पा देवी की गिरफ्तारी की गई थी। जिसके बाद हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। एसपी के अनुसार घटना के दिन मृतक मुकेश शराब लेकर आ रहा था। रास्ते में पत्थर से कूचकर हत्या की गई और पहचान न हो इसके लिए शव को जला दिया गया। कुल 9 लोगों को इस कांड में आरोपित किया गया था। जिसमें से 4 के खिलाफ आरोप सत्य पाया गया है। एफआईआर के अनुसार कौआकोल थाना क्षेत्र के रानीगदर में तालाब का निर्माण हो रहा था। जिसमें मृतक युवक झारखंड राज्य के गिरीडीह जिला अंतर्गत गांवा थाना के डूमरझारा गांव निवासी सोमर साव का पुत्र मुकेश कुमार साव का ट्रैक्टर मिट्टी ढोलाई के काम में लगा हुआ था। बुधवार 8 मई को मुकेश अपने भाई छोटू साव के साथ बाइक पर डीजल लेकर ट्रैक्टर में डालने के लिए घर से निकाला था। रास्ते में झरनमां के पास पूर्व से घात लगाए बैठे लोगों ने बाइक को रोककर मुकेश को उतार लिया और उसके साथ मारपीट करने लगा। फिर बाइक तथा उसके उपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया।

**भाई बना प्रत्यक्षदर्शी :-** घटना को मुकेश का भाई छोटू ने देखा था। उसने ही घटना की जानकारी घर वालों को दी थी। जबतक घरवाले घटना स्थल पर पहुंचे तब तक मुकेश की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने इसकी सूचना कौआकोल थाना को दी। यहां की पुलिस ने झारखंड का मामला बताकर पहले अपना पल्ला झाड़ लिया। काफी जद् दोजहद के बाद 9 मई को एफआइआर 156/24 भादवि 302, 440, 34 कौआकोल थाना में दर्ज हुआ था। कुल, 9 लोगों को आरोपित किया गया था। मृतक की मां दरवा देवी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज हुआ था। तब से सभी आरोपित फरार चल रहे थे।

**कौन कौन है आरोपीः-** सुरेश राय पुत्र पियारी राय 2. विकास राय पुत्र सुरेश राय दोनों ग्राम झरनमा 3. प्रकाश भुला ग्राम दनिया 4. किशोरी राय पुत्र भूखी राय रानीगदर 5. बाघा राय पुत्र पूरन राय ग्राम झरनमा, 6. विकास साव पुत्र शंकर साव ग्राम-राजोखर , थाना- गांवा, जिला-गिरीडीह, 7. शंकर साव पुत्र भूलो साव ग्राम-पलमरूआ, थाना-तीसरी, जिला-जमुई 8. सुनील साव पुत्र राजो साव ग्राम रोपाबेल, थाना- गढ़ी, जिला-जमुई 9. राजेंद्र यादव पिता जगेशर यादव ग्राम- कादिरगंज, थाना-कादिरगंज, जिला-नवादाः

## जिले में अगले तीन दिनों तक लोगों को भीषण गर्मी से मिलेगी राहत

निज संवाददाता

**नवादा**। जिले में अगले तीन दिनों तक लू नहीं चलेगी। अधिकतम तापमान 42 डिग्री के आसपास रहेगा। हालांकि न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा सकती है। भीषण गर्मी के बीच उष्ण लहर का नहीं चलना राहत भरी खबर है, लेकिन भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से राहत के आसार नहीं हैं। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के पूर्वानुमान में जिले के लिए किसी तरह की चेतावनी जारी नहीं की गई है। बताया गया है कि 20 मई तक लू नहीं चलने के आसार है। हालांकि पड़ोसी जिलों में गर्मी और बारिश के आसार है। ऐसे में जिले के सीमावर्ती प्रखंडों में इसका असर देखने को मिलेगा। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 42.3 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री की बढ़ोत्तरी के साथ 29.3 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना द्वारा दोपहर बाद करीब दो बजे तात्कालिक मौसम चेतावनी जारी की गई।

**शनिवार को नवादा में हो सकती है बारिशः-** हालांकि, नवादा समेत पड़ोसी जिला जमुई और लखीसराय में शनिवार को मेघगर्जन के साथ वज्रपात की संभावना जतायी गई है। बताया गया कि 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की गति से हवा चलेगी। साथ ही वज्रपात से बचाव को अलर्ट जारी किया गयाहै। वैसे जिले में आसमान पर बादल मंडरा रहा है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं. एस.जी./डी.एस.ई./टी./ओ.टी./01/24** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदारों से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** प्रोविजन ऑफ स्टेशन वि. एच.एफ. कम्युनिकेशन रिकार्डिंग फेसिलिटी फॉर ऑल स्टेशन्स इन डीडीयू डिविजन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** रू. 86,73,919.18/– (छियासी लाख तिहत्तर हजार नौ सौ उन्नीस रूपये एवं अठारह पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि :** रू. 1,73,500/– (एक लाख तिहत्तर हजार पाँच सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 06.06.2024 को 12.30 बजे तक। **5. वेबसाईट का पता जहाँ से ई– निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है :www.ireps.gov.in**

मं.सं. एवं दू.सं.अभि., पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/0291/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/24–25/28

## संक्षिप्त समाचार

### 18 मई को शतरंज का होगा प्रशिक्षण

**आरा।** चेस इन स्कूल योजना के अंतर्गत 18 मई को एक दिवसीय शतरंज का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण नोट्रे डेम हाई स्कूल सिंगही में होगा। भोजपुर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ केएन सिन्हा व सचिव डॉ मो सैफ ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय शतरंज कोच बीरेंद्र कुमार उपाध्याय प्रशिक्षण देंगे। इसमें बच्चो को शतरंज के इंटरनेशनल नियम की जानकारी दी जाएगी। साथ ही ओपनिंग और एंड गेम के बारे में बताया जायेगा। स्कूल के निदेशक अजित कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस कैंप में 50 से अधिक बच्चो को शतरंज खेलने और उसकी बारीकियों के बारे में सिखाया जाएगा। भोजपुर जिला शतरंज संघ के मुख्य संरक्षक डॉ राम कृष्णा ने बताया कि आगे भी विभिन्न स्कूलों में बच्चो के लिए ट्रेनिंग का प्रोग्राम चलाया जाएगा।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव को लेकर निरीक्षण

**आरा।** लोकसभा चुनाव और अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास, एडीजे मुख्यालय जितेन्द्र सिंह गंगवार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आलोक रंजन घोष, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गुरुवार को क्षेत्र भ्रमण कर निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बाजार समिति में वज्रगृह एवं आरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों का मतगणना केन्द्रों व व्यवस्था का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान पेयजल, शौचालय, सशुल्क भोजन व्यवस्था, वाटर प्रूफ पंडाल, पर्याप्त संख्या में पंखा और अन्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने की हिदायत दिया। अपने कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाची पदाधिकारी के साथ बैठक कर उनके कार्यों की समीक्षा किया।

### भोजपुरिया जन घोषणा पत्र का हुआ विमोचन

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के भोजपुरी छात्र संघ ने भोजपुरिया जन घोषणा पत्र का विमोचन किया। विमोचन के दौरान उपस्थित सह संयोजक सोहित सिन्हा, राजेश कुमार, रवि प्रकाश सूरज और हर्षित निर्मल ने कहा कि भोजपुरी में सिर्फ भाषण देने से काम नहीं चलेगा, अगर सभी राजनीतिक दल भोजपुरी के मान सम्मान को लेकर जनता की आवाज़ संसद तक नहीं पहुंचा सकते तो भोजपुर की जनता उन्हें नकार सकती है। इस घोषणा पत्र में भोजपुरी को लेकर कुछ मांगे रखी गई है। जन घोषणा पत्र की प्रमुख मांगों में अगली लोकसभा की पहली बैठक में भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करवाना, भोजपुरी को बिहार की द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिलवाना, मेडिकल कॉलेज को विश्वविद्यालय द्वारा दी गई जमीन के बदले कृषि विभाग की जमीन आदि प्रमुख है।

### श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ का समापन

**ब्रह्मपुर।** प्रखण्ड के निमेज गांव में चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ का समापन कृष्ण सुदामा चरित्र के साथ हुआ। श्रीमद् भागवत कथा आचार्य पंडित कामतानाथ ओझा के मुखारविंद से हो रहा है।10 मई से चल रहे कथा में भक्त भक्ति की सरिता में गोता लगाते रहे। कथा के संयोजक विश्वामित्र दुबे एवं आयोजक बड़क दुबे थे वही मुख्य यजमान कौशल्या देवी थी। कथा के आचार्य कामता नाथ ओझा के साथ पंडित सोमनाथ ओझा, रोहित ओझा, सत्यम ओझा, अजीत तिवारी, बबलू मिश्रा, गुड्डू मिश्रा ने श्रीमद्भागवत पूजा यज्ञ में शामिल रहे। मंच संचालन महुली से आए रमेश मिश्रा ने किया। आज पूर्णाहुति और भंडारे के साथ यज्ञ का समापन होगा

### मतगणना कर्मचारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का डीएम ने किया निरीक्षण

**बक्सर।** लोक सभा चुनाव के सफल संचालन हेतु डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देशानुसार -बक्सर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतगणना कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एमपी हाई स्कूल बक्सर में किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 700 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी, कृष्णा कुमार द्वारा किया गया। नोडल पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण स्थल के सभी कमरों का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान सभी मतगणना कर्मियों को चुनाव की महत्ता को देखते हुए ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट की संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण पूरी गहनता से प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

### संस्कृति युक्त शिक्षा से छात्रों को आदर्श नागरिक बनाता विद्या भारती

**बक्सर।** शहर के अहिरौली स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को पंचांग परिचय विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।तीन सत्रों में आयोजित गोष्ठी में विद्या मंदिर के सभी ब्रांच के आचार्य, पूर्ववर्ती छात्र एवं अतिथियों ने विस्तार पूर्वक परिचर्चा किया। सभी सत्रों में क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम व प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रथम सत्र में जिला टोली के प्रतिनिधि, द्वितीय सत्र में संस्कार केन्द्र के आचार्य एवं तृतीय सत्र में विद्यालय समिति के सदस्य, नगर के सभी आचार्य एवं पूर्व छात्र परिषद शामिल हुए थे। प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा ने कहा कि विद्या भारती संस्कृति पर आधारित शिक्षा प्रदान कर छात्रों को आदर्श नागरिक बनाकर भारत माता की सेवा हेतु समर्पित है। संस्कार से युक्त बालकों का निर्माण करना ही हमारा पावन कर्तव्य है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हमें उसी दल को मतदान करना है जो विकसित भारत और राष्ट्र हित की बात करता हो एवं देश के लिए समर्पित भाव से कार्य करता हो। भारत माता को विश्व पटल पर सम्मान दिलाने के लिए समर्पित हो। क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम ने कहा कि सिद्धांत और व्यवहार दोनों दृष्टियों से हमें अपने आपको उत्कृष्ट बनाना होगा। संगठन का दायरा बढ़ाना हमारा दायित्व और कर्तव्य होना चाहिए। विद्यालय सामाजिक चेतना का केन्द्र है। समाज के शिक्षाविदों, चिकित्सकों व अधिवक्ताओं को अपने संगठन से जोड़ना अत्यावश्यक है। स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें भोजन, भाषा, भ्रमण, पहनावा आदि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर सविस्तार व्याख्यान दिया। यह शिक्षा नीति विद्या भारती के लक्ष्य से मिलती जुलती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति जो भारतीय संस्कृति पर आधारित है। सामाजिक समरसता और सद्भाव की भावना को अंगीकार करना हमारा पावन कर्तव्य होना चाहिए। मौके पर राजेश प्रताप सिंह, वीरेंद्र कुमार, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, पूनम कुमारी, वीरेंद्र कुमार सिंह, गंगा प्रसाद, ब्रह्मदेव प्रसाद, रामजी प्रसाद सिन्हा , विमल कुमार पांडेय, जैनेन्द्र श्रीवास्तव, प्रदीप राय, प्रमोद कुमार, आचार्य व पूर्व छात्र उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने बनाया चुनौतियों से निपटने का प्रोजेक्ट

**बक्सर।** जिले के इटाढ़ी स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बक्सर में प्रोजेक्ट प्रर्दशनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के अंतिम समेस्टर के छात्र छात्राओं द्वारा असैनिक/ विद्युत, यांत्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र इंजिनियरिंग के क्षेत्र मे समकालीन चुनौतियों से निपटने के लिए प्रोजेक्ट बनाकर अपने कला कौशल का प्रर्दशन किया। कार्यक्रम में सभी शाखा के छात्र छात्राओं द्वारा नवीनता और दक्षता का उल्लेखनीय प्रर्दशन करते हुए प्रोजेक्ट को प्रस्तुत किया गया। छात्र छात्राओं के बनाए गए प्रोजेक्ट को देखकर प्रचार्य डॉ ठाकुर संजय कुमार ने कहा कि पहले वैज्ञानिक अनुसंधान करने में कठिनाई होती थी, क्योंकि आज के तरह संसाधन मिलना आसान नहीं होता थे। वर्तमान समय विज्ञान व टेक्नोलॉजी में रूची रखने वालों के लिए काफी बेहतर है। जरूरी है अपने में छिपी प्रतिभा को निखारने का। इन छोटे वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जो वैज्ञानिक प्रोजेक्ट बनाएं है वह काबिले तारीफ है। छात्र छात्राओं के प्रोजेक्ट को देखते शिक्षक। इन उपकरणों का किया गया प्रदर्शन छात्र छात्राओं द्वारा अनेक प्रोजेक्ट का प्रर्दशन किया गया। जिसमें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, डीजाइन ऑफ सस्पेंशन पुल, लोड एनालीसीस ऑफ हाइड्रोलीक पुल, ऑटोमेटीक स्ट्रीट लाईट, ऑटोमेटिक डोर लॉकींग सिस्टम, फायर अलार्म, ऑटोमेटीक सोलर ड्रेसर, लेजर होम सिक्योरिटी, हाइड्रोलीक जेसीबी इत्यादी, प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया गया।

# टीचर के घर से 75 लाख की चोरी, बेटी की शादी में खर्च करने के लिए रखे थे

निज संवाददाता। बक्सर



**❒ पीड़ित यूपी के बलिया गया था**

बक्सर के मुसफिरगंज में गुरुवार की रात भीषण चोरी की घटना हुई। सुबह जानकारी के बाद पहुंचे घरवालों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि चोरी की घटना में चोरों ने 70 लाख के जेवरात व पांच लाख रुपए उड़ा लिए। हालांकि, चोरी की घटना के दिन शिक्षक का पूरा परिवार यूपी बलिया स्थित अपने गांव गया था। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों के बीच कोहराम मच गया। क्योंकि गहने और नगदी बेटी के शादी के लिए रखे थे। गृह स्वामी वीरेंद्र बहादुर सिंह के बेटे जोशी सिंह ने बताया कि वह सपरिवार उत्तर प्रदेश के बलिया जिले स्थित चौरा गांव गए हुए थे। वहां उनका पैतृक गांव है, कुछ महीनों बाद उनके घर एक शादी होने वाली है। उसे लेकर वह तैयारी कर रहे थे। किसी आवश्यक जरूरी काम के लिए घर में ताला बंद कर गांव चले गए। शुक्रवार की सुबह पड़ोसियों ने सूचना दी कि घर के मुख्य दरवाजे की कुंडी टूटी हुई है, ताले उसी तरह बंद पड़े हैं। आशंका है कि घर में चोरी की घटना हुई है। यही नहीं, सुबह अगल-बगल के सभी पड़ोसी घरों के आगे दरवाजे की कुंडी भी बन्द थी। सूचना पर भागे-भागे जब यहां पहुंचे तो उन्होंने पाया कि बक्से व अलमारी में रखे सारे गहने और पैसे की चोरी कर ली गई है। परिजनों के आने के बाद अगल-बगल के ग्रामीणों की भीड़ लग गई थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अगल-बगल के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही थी। घटनास्थल की जांच करने के बाद पुलिस यह मान रही है कि चोरी की इस घटना में किसी नजदीकी का भी हाथ हो सकता है। क्योंकि चोरों ने सीधे उसी अलमारी व बक्से पर हाथ साफ किया है, जिसमें गहने और पैसे रखे हुए थे। हालांकि नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह का कहना है कि पुलिस विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। चोरी की घटना की थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है।

## मोबाइल छिनकर भाग रहे दो उचक्के गिरफ्तार

**बक्सर।** टाउन थाना पुलिस ने मोबाइल छिनकर भाग रहे दो उचक्कों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उचक्कों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद उचक्कों को पुलिस कोर्ट में प्रस्तुत करेगी। राजपुर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव के बेचन कुमार चरित्रवन में रहकर पढ़ाई करता है। गुरुवार को बाइक सवार दो उचक्के धोबीघाट के समीप से मोबाइल झपट कर भाग निकले। पीड़ित युवक ने इसकी सूचना तत्काल टाउन थाना पुलिस को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शांतिनगर से दोनों उचक्कों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों उचक्कों की पहचान नारायण जी चौबे पीपी रोड और श्याम कुमार महात्मा गांधी नगर मोहल्ला के रुप में हुई। पुलिस उचक्कों से पूछताछ कर रही है। टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि उचक्कों से पूछताछ के बाद कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस : स्वास्थ्य विभाग ने निकाली गई जागरुकता रैली



निज संवाददाता। गड़हनी

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गड़हनी में जागरूकता रैली चिकित्सक रंजन पाण्डेय के नेतृत्व में निकाली गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी शामिल हुए। रैली स्वास्थ्य केंद्र से ब्लॉक रोड होते हुए बागर रोड तक निकाली गई। रैली में डेंगू से बचाव को ले नारे भी लगाए जा रहे थे। प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक प्रकाश कुमार रजक व प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि डेंगू से बचाव को ले लोगो को मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। शरीर ढकने वाला कपड़ा पहनना चाहिए। अपने अगल बगल में साफ सुथरा रखे। टूटे फूटे बर्तन में पानी नहीं जमा होने दे। चिकित्सक रंजन पांडेय ने बताया कि बुखार आने पर जल्द नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं। बार बार बुखार आना भी डेंगू का लक्षण है। सही समय पर जांच हो गया तो इलाज हो सकता है कोई ख़तरा नही होगा। इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मी सुनील सिंह, द्वारिका ठाकुर, कमला प्रसाद , अल्ताफ अली, मोहन सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

# भोजपुर में गंगा नदी में डूबने से किशोर की मौत, दोस्तों के साथ नहाने गया था

## तीसरे दिन मलाह की मदद से शव को निकाला बाहर

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में गंगा नदी में डूबे छात्र का शव तीसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव धोबहा थाना क्षेत्र के बाघाकोल तेतरिया गांव स्थित गंगा नदी के किनारे से शुक्रवार की सुबह बरामद हुआ है। शव मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृत छात्रा धोबहा थाना क्षेत्र के बाघाकोल तेतरिया गांव निवासी विनय तिवारी का 14 साल का बेटा भवेश तिवारी था। वह 9वीं कक्षा का छात्र था। इधर, मृतक छात्र के चाचा अजय तिवारी ने बताया कि बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे गांव के ही कुछ लड़कों के साथ बगीचा घूमने के लिए निकला था। इसके बाद वह अपने दोस्तों के साथ वहां से बाघकोल तेतरिया गांव स्थित गंगा नदी के किनारे जाकर नहाने लगा। तभी वह नहाने के दौरान उसमें डूब गया। जबकि उसके दोनों दोस्त घर आ गए। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना भी घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद शव की तलाश को लेकर पुलिस द्वारा NDRF की टीम को बुलाया गया। जिसके बाद स्थानीय गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम द्वारा दो दिनों तक लगातार शव की खोजबीन की गई। लेकिन शव नहीं मिल पाया। इसके बाद उनके द्वारा स्थानीय मलाह को बोला गया कि रात में शव को खोजना। इसके बाद शव मिलने पर मलाह द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने दो भाई और दो बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां उषा देवी, दो बहन अनामिका-भूमिका और एक बड़ा भाई बीपेश तिवारी है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृत छात्र की मां उषा देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अपराधियों ने आलू कारोबारी की गोली मारकर हत्या, दुकान बंद कर बेटे के साथ लौट रहे थे घर

**बाइक से पीछा कर की फायरिंग**

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के जगदीशपुर क्षेत्र के बिहिया–जगदीशपुर मुख्य मार्ग त्रिमूर्ति टोला के समीप गुरुवार की रात बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने चलती ऑटो पर सवार एक आलू कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक को काफी करीब से बाएं साइड पीठ और कंधा के नीचे गोली मारी गई है। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। वही अपराधियों की संख्या तीन बताई जा रही है घटना को लेकर आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस अपराधियों की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर वार्ड नंबर 13 निवासी स्व.हीरा लाल साह के 59 वर्षीय पुत्र मुनमुन साह है। मृतक छोटे बेटे विक्की कुमार में बताया कि वह अपने बड़े बेटे सोनू के साथ दुकान पर रहते थे और रोज की तरह गुरुवार की रात बिहिया जज बाजार से दुकान बंद कर ऑटो से उसके बड़े भाई सोनू के साथ वापस घर लौट रहे थे। लौटने के क्रम में ऑटो के बाएं साइड किनारे बैठे हुए थे। जैसे ही उनकी ऑटो जगदीशपुर त्रिमूर्ति टोला के पास पहुंची।

**छानबीन में जुटी पुलिसः** तभी एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद अपराधी उनके ऑटो का पीछा करते आए और उन्हें गोली मार दी। गोली लगते ही वह ऑटो से गिर पड़े।इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें दुलौर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी दूसरी ओर मृतक के छोटे बेटे विक्की कुमार ने अपने पिता की गांव एवं बिहिया दुकान पर किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## वीकेएसयू के गणित विभाग में फ्रेशर पार्टी




निज संवाददाता। आरा

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के गणित विभाग में सत्र, 2022 - 2024 एवं सत्र, 2023-2025 के विद्यार्थियों ने फ्रेशर पार्टी संचालित किया। अध्यक्षता गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर गुरुदयाल सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपना ध्यान अध्ययन पर केंद्रित करना चाहिए। प्रोफेसर डॉक्टर विजय कुमार सिंह और डॉ दीपक मांझी ने पाठ्यक्रम की गतिविधियों पर बल दिया। मंच संचालन छात्रा दिल्लू सिंह नेकिया। कार्यक्रम में छात्र प्रतिनिधि राहुल कुमार, अरविंद कुमार , सुमित कुमार , हर्ष कुमार , शुभम कुमार , विकास कुमार , राजेश कुमार , विवेक कुमार , आलोक कुमार , दयाशंकर कुमार , जया कुमारी , आरती कुमारी , स्वीटी कुमारी , श्वेता कुमारी , प्रियंका कुमारी और आकांक्षा कुमारी सहित कई उपस्थित थे।

**प्रखंड प्रमुख के बेटे की हत्या मामला**

## भोजपुर पुलिस ने दो संदिग्धों को उठाया, मां के बयान पर तीन के खिलाफ FIR

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सारंगपुर ईंट–भट्ठा चिमनी के पास सदर प्रखंड प्रमुख जय कुमारी देवी के बेटे अखिलेश कुमार की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है।पुलिस टूटे हुए मोबाइल को भी ठीक करा कर सबूत जुटाने की कोशिश में लगी है। साथ ही CDR भी की जांच हो रही है। सोमवार की दिन रात मुफस्सिल थाना अंतर्गत आरा–बक्सर हाईवे पर सारंगपुर ईंट–भट्ठा के चिमनी के समीप हथियारबंद बदमाशों ने प्रखंड प्रमुख पुत्र को गोलियों से भून दिया था। जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सैदपुर गांव निवासी रमई राम के पुत्र अखिलेश कुमार थे। पुलिस को मृतक के पास से उनका टूटा हुआ मोबाइल भी बरामद हुआ है। छानबीन में यह बात सामने आ रही है की अखिलेश शाम तीन बजे तक ब्लॉक में देखे गए थे। संध्या समय दो लड़के सैदपुर स्थित एक दुकान के पास से बुलाकर ले गए थे पुलिस इस बिंदु पर भी गहराई से मामले की जांच कर रही है। मृतक की मां प्रखंड प्रमुख ने तीन के विरुद्ध नामजद प्राथमिक कराई है। पुलिस दो संदिग्धों से लगातार पूछताछ कर मामले की जांच की जुटी हुई है।

# जहरीला चारा खाने से 3 भैंस की मौत, खेत में लगे एमपी चारे को खा लिया, पीड़ित मुआवजा मिलने की कही जा रही बात


निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले चुन्नी गांव में जहरीला चारा खाने से एक ही पशुपालक की तीन मवेशियों की मौत हो गई। अपनी मवेशियों को एक साथ मृत देख पशुपालक की हालत खराब है। ग्रामीणों का कहना है कि गरीब किसान के पास एक पशु ही सहारा था। इसलिए पीड़ित पशु पालक को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। इसकी सूचना पशु पालन विभाग के डॉक्टर को भी दिया गया है।जिसके द्वारा पशुओं का पोस्टमार्टम के बाद आगे को करवाई करने की बात बोले है। मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुड्डु यादव सुबह में अपने भैसों को खेत की तरफ चरने के लिए छोड़े थे। उनकी तीन भैसें बगल के खेत में बोए गए एमपी चारा को चरने के लिए चली गई जो पानी की सिंचाई नहीं होने के कारण यह जहर बन गई थी। उसे खाने के बाद गुड्डु यादव की एक के बाद एक तीनों भैंसों की खेत के आसपास ही मौत हो गई। किसी किसान द्वारा इसकी सूची पशुपालक को दी गई। वह दौड़ा हुआ पशुओं के पास पहुंचा और एक साथ अपने तीन मृत पशुओं को देख रोने लगा। चुनी पंचायत के सरपंच सह पशु डॉक्टर वीर बहादुर सिंह ने बताया कि चुन्नी गांव में एमपी चारा खाने की वजह से तीन पशुओं की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि गर्मी में झुलसे हुए हरे चारे में साइनाइड निर्माण होने से ऐसा होता है, इसलिए गर्मी में झुलसे हुए हरे चारे को पालतू पशुओं को नहीं खिलाना चाहिए। खेत को पानी से नियमित रूप से भरना चाहिए। हरे चारे में पत्तियों में धुरीन नामक रसायन होता है, जिससे साइनाइड बनता है। स्वस्थ पत्तियों के मेस्फुल में एक एंजाइम होता है, जो धुर्रिनसे साइनाइड को निकाल देता है, लेकिन जब पत्तियां झुलस जाती हैं, तब एंजाइम यह कार्य नहीं कर पाता है और साइनाइड लगातार बनता रहता है, ऐसी पत्तियों के खाने से पशु की दो घंटे में मौत हो जाती है।क्योंकि हीमोग्लोबिन में ऑक्सीजन ले जाने की क्षमता खत्म हो जाती है। इसलिए पशु को चरने के छोडे तो उसके साथ साथ रहे।

# एयरपोर्ट को उड़ाने की मिली थी धमकी, पुलिस के हाथ खाली

निज संवाददाता



**पटना।** एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल आया था। यह मेल 12 मई को आया था यानी उसी दिन, जिस दिन प्रधानमंत्री पटना आने वाले थे। मेल आने के बाद हड़कंप मच गया था। आनन-फानन में जांच के लिए बम स्क्वायड टीम और एटीएस की टीम एयरपोर्ट पहुंची और चप्पे-चप्पे की जांच की, लेकिन कोई भी संदिग्ध सामान नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने मेल भेजने वाले की तलाश जारी की। इसके लिए 12 मई को ही जिस मेल आईडी से मेल भेजा गया था उस मेल आईडी को गूगल को भेजा गया, ताकि आईपी एड्रेस की जानकारी मिल सके, लेकिन अभी तक पुलिस को अभी तक गूगल का रिप्लाई नहीं आया है। पुलिस गूगल के रिप्लाई का इंतजार कर रही है। पटना के सिटी SP सेंट्रल चंद्र प्रकाश ने बताया कि इस मामले को लेकर गूगल से संपर्क किया गया है। आईपी एड्रेस का पता लगाने में थोड़ा समय लगता है। पुलिस को गूगल के रिप्लाई का इंतजार है। आईपी एड्रेस की जानकारी मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। धमकी मिलने के बाद पुलिस की विशेष शाखा ने एंटी सबोटाज चेकिंग और बीडीडीएस टीम ने गहनता से जांच की थी। 12 मई को पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मेल के जरिए दी गई थी। यह धमकी से भेजी गई थी। मेल 3 बजे एयरपोर्ट के मेल आईडी पर आया था। वहीं शाम के 6 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोड शो करने पटना आने वाले थे। इससे पहले भी 1 मई को पटना स्थित राजभवन को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। हालांकि जांच के दौरान कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला था। इसके बाद पुलिस ने मेल भेजने वाले का आईपी एड्रेस तलाशने के लिए गूगल से संपर्क किया था। इस मामले में भी आईपी एड्रेस किसी साइबर कैफे का मिला था, लेकिन मेल करने वाले का पता नहीं चल सका था।

## बच्चे का शव स्कूल के गटर में मिलने से भीड़ ने स्कूल में लगाई आग

**पटना (नि.सं.)।** टिनी टोट एकेडमी स्कूल के गटर से 4 साल के एक बच्चे का शव तड़के 3 बजे बरामद हुआ। वह इसी स्कूल में पढ़ता था। शव मिलने के बाद गुस्साए लोगों ने स्कूल कैंपस में तोड़फोड़ की, बिल्डिंग में आग लगा दी। गुस्साए परिजन ने शव को सड़क पर रख दानापुर-गांधी मैदान मुख्य मार्ग को बाटागंज पेट्रोल पंप के पास जाम लगा दिया। सड़क पर भी आगजनी की गई है। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझाया और भीड़ को स्कूल से हटाया गया। करीब 3-4 घंटे के हंगामे के बाद हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। फायर ब्रिगेड ने स्कूल में लगी आग पर काबू पा लिया है। साथ ही पुलिस ने स्कूल प्रशासन से जुड़े 3 लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। स्कूल के सभी टीचर फरार हैं। बच्चे की पहचान पॉलसन निवासी शैलेंद्र राय के बेटे आयुष कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि स्कूल खत्म होने के बाद आयुष उसी स्कूल में ट्यूशन पढ़ता था। गुरुवार को भी वो रोज की तरह स्कूल गया, लेकिन लौटा नहीं। आयुष गुरुवार सुबह साढ़े 6 बजे स्कूल पहुंचा था, लेकिन शाम 5 बजे तक नहीं लौटा तो परिजन ने खोजबीन शुरू की। परिजनों ने बच्चे के अगवा होने की शिकायत थाने में की थी। छात्र के चाचा ने बताया कि प्रिंसिपल ने पहले तो आयुष के स्कूल आने से ही इनकार किया। बाद में सीसीटीवी में वो दिखाई दिया। फुटेज के साथ छेड़छाड़ हुई है। 10 मिनट का फुटेज डिलीट किया गया है।

## स्कूलों में नए टाइमिंग को लेकर बढ़ा विवाद



निज संवाददाता

**पटना।** गर्मी की छुट्टी के बाद बिहार के सभी सरकारी स्कूल गुरुवार से ही नई टाइमिंग के साथ खुल गए है। लेकिन इस नई टाइमिंग को लेकर शिक्षकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी बीच बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव व पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। वहीं, जीतने वाले विधान पार्षद सरकार से भी नाराज हैं। 5 विधान पार्षदों ने प्रदेश में शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा है। स्कूल के समय में बदलाव को लेकर आज सभी शिक्षक साथी 11 बजे से सोशल मीडिया पर के साथ ट्वीट भी करेंगे। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव व पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह लिखा की शिक्षा विभाग के घोर अलोकतांत्रिक, अमानवीय तथा तानाशाही रवैये से शिक्षक और बच्चों की जान खतरे में है। नीतीश कुमार से शिक्षा विभाग के असंवेदनशील, अव्यवहारिक और मुख्यमंत्री को भी कलंकित करने वाले आदेश को तुरंत निरस्त करने की अपील की है। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उन्होंने कहा है कि शिक्षा विभाग आपको भी शारीरिक, मानसिक और राजनीतिक रूप से स्वस्थ नहीं होने देने का संकल्प ले रखा है। शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री को कहा कि 16 मई से लाखों-लाख बच्चों एवं शिक्षकों को 90 प्रतिशत उपस्थिति की गारंटी खाली पेट करने एवं 12 बजे दुपहरिया में जब तापमान 45 डिग्री रहेगा तब बच्चों को घर जाने के लिए मजबूर करेगा। शिक्षकों को खाली पेट 1:30 बजे घर लौटाया जा रहा है। मुजफ्फरपुर के शिक्षक अविनाश कुमार लू लगने के कारण इस दुनिया से विदा हो गए। कई सुकुमार बच्चे काल-कवलित हो गए।

## गलत पोस्ट के खिलाफ तत्काल कार्रवाई कर रही बिहार पुलिस

निज संवाददाता




**पटना।** हाल के दिनों में बिहार पुलिस ने अपनी कार्यशैली में बहुत बड़ा बदलाव किया है। बिहार पुलिस अब सिर्फ थाना स्तर तक ही सीमित नहीं है। पुलिस अब अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है और यहां मिलने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर रही है। इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से आपराधिक मानसिकता वाले संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। वहीं, फर्जी अकाउंट बनाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने या धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश करने वाले लोगों के खिलाफ बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर से उचित कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया सेंटर अपराध पर लगाम लगाने के लिए 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' की भूमिका निभा रहा है। इसी का परिणाम है कि आमलोगों के द्वारा इन प्रयासों की सराहना की जा रही है। 5 मई 2024 को सीवान जिले के मैरवा के एक युवक द्वारा ऑर्केस्ट्रा में पिस्टल लहराने से जुड़ी शिकायत बिहार पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मिली थी, इसके बाद बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर ने संबंधित जिला पुलिस को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद अगले दिन ही अवैध हथियार का प्रदर्शन करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। इस प्रकार के मामले बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर में लगभग हर दिन आते हैं, जिनपर बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर की टीम तुरंत कार्रवाई कर रही है। इन दिनों लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर की टीम 24 घंटे अलर्ट मोड पर काम कर रही है, ताकि राज्य में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न हो सके। हाल ही में सीतामढ़ी के प्रशांत यादव नामक युवक का स्टंट करता एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। बिहार पुलिस की सोशल मीडिया सेंटर की टीम ने उसे ट्रैक कर संबंधित थाने को भेजा, जिसके बाद सीतामढ़ी पुलिस ने उस लड़के का पता लगाया और उसके घर जाकर उसकी बुलेट बाइक जब्त की। उसके बारे में शिकायत मिल रही थी कि वह खुद हुड़दंग करता ही है, बाकियों को भी इसके लिए उकसाता है। वहीं गोपालगंज से भी एक लड़के का हथियार दिखाते रील्स वायरल हुआ था, जिसपर सोशल मीडिया सेंटर में कार्यरत बिहार पुलिस की टीम ने ट्रैक कर संबंधित थाने को भेज दिया। चंद घंटे में ही एक देसी कट्टा के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पिछले 2 महीने में बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर पर काम कर रही टीम ने अलग अलग प्लेटफ़ॉर्म पर 300 से अधिक संदिग्ध सोशल मीडिया अकाउंट को चिन्हित कर ईओयू को भेजा है। इसके बाद ईओयू की ओर से दर्जनों अकाउंट पर एक्शन लेते हुए कुछ पर FIR दर्ज की गई तो वहीं तीन दर्जन से ज्यादा अकाउंट बंद भी करवाए गए। सोशल मीडिया सेंटर पर बाइक से स्टंट करने, हथियार दिखाने या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने की शिकायतें मिलती हैं।

## बिहार में अगले 48 घंटे हीट वेव का यलो अलर्ट

**पटना (नि.सं.)।** मौसम विभाग ने बिहार के 8 जिलों में अगले 48 घंटे हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में पटना, भोजपुर, बक्सर, गया, लखीसराय, शेखपुरा, जमुई और बांका शामिल है। विभाग के मुताबिक, 19 मई तक फिलहाल गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है। हालांकि, 20 मई से मौसम में थोड़ा सुधार हो सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, 20 मई को प्रदेश के कई जिलों में हल्की और मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किमी की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। वहीं, पिछले 24 घंटे के दौरान राजधानी पटना समेत 11 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार चला गया। 43.8 डिग्री तापमान के साथ बक्सर सबसे गर्म जिला रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान मे 2-3 डिग्री की कमी होने का पूर्वानुमान है। हालांकि लू जैसी स्थिति बनी रहेगी और भीषण गर्मी का भी एहसास होते रहेगा। साथ ही मौसम विभाग ने किसानों के लिए विशेष चेतावनी जारी की है। कृषि कार्य सुबह दस से शाम चार बजे तक स्थगित रखें।

## जानकी माता के जन्मोत्सव पर महावीर मंदिर में विशेष पूजा

निज संवाददाता




**पटना।** महावीर मंदिर में जानकी माता का जन्मोत्सव पूरे विधि-विधान और भक्तिभाव से मनाया गया। आज जानकी नवमी के अवसर पर महावीर मंदिर में परंपरा के अनुसार पूजन और संकीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर के दक्षिण-पूर्व कोण पर स्थित जानकी जी की प्रतिमा के समक्ष प्रामाणिक जानकी पूजन पद्धति से पूजन हुआ। लगभग डेढ़ घंटे चले विशिष्ट पूजन के बाद जानकी सहस्रनाम का पाठ किया गया। फिर हवन हुआ। आखिर में माता जानकी की आरती हुई। इस अवसर पर महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल भी उपस्थित रहे। पूजा के बाद महावीर मंदिर में उपस्थित भक्तों के बीच हलवा प्रसाद का वितरण किया गया। महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने बताया कि वैशाख शुक्ल नवमी को माता जानकी का जन्मदिवस माना जाता है। राजा जनक की पुत्री होने के कारण उन्हें जनकसुता भी कहा जाता है। रामचरितमानस के बालकांड में गोस्वामी तुलसीदास जी ने जानकी माता की स्तुति में एक चौपाई लिखी है। महावीर मंदिर में जानकी नवमी के पूजन के बाद मिथिला की भजन मंडली ने इसी चौपाई का गायन कर पूरे दिन संकीर्तन किया। यह चौपाई है-'जनकसुता जग जननि जानकी। अतिसय प्रिय करुनानिधान की।।ताके जुग पद कमल मनावउं। जासु कृपा निरमल मति पावउं। इसका भावार्थ है - 'राजा जनक की पुत्री, जगत की माता और करुणानिधान श्री रामचन्द्र जी की प्रियतमा जानकी जी के दोनों चरण कमल को मैं मनाता हूं जिनकी कृपा से मैं निर्मल मति पा सकूं।' आचार्य किशोर कुणाल ने कहा कि जानकी माता त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। उनकी कृपा से भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण होती है।

## बिहार में मानसून देगा दस्तक, होगी बारिश

निज संवाददाता




**पटना।** बिहार में भीषण गर्मी व लू से लोगों को कुछ दिनों के बाद राहत मिलने वाली है। वहीं बिहार में भी मानसून इस बार जल्द ही दस्तक देने वाला है। इस बार बिहार में मानसून 13 से 18 जून के मध्य पूर्णिया के रास्ते प्रवेश करेगा। इस बार सामान्य से अधिक वर्षा के आसार हैं। मानसून देश में अपने आगमन की तय तिथि से एक दिन पहले 31 मई को केरल में दस्तक देगा। वैसे केरल में मानसून आने की सामान्य तिथि एक जून है। मौसम विभाग ने मानसून पूर्वानुमान को लेकर बताया कि तिथि में चार दिन कम या ज्यादा होने की संभावना है। ऐसे में 28 मई से तीन जून के बीच मानसून प्रवेश करेगा। बंगाल की खाड़ी में अंडमान सागर और द्वीप समूह पर मानसून को 19 मई को पहुंचने की संभावना है। वहां दस्तक देने की सामान्य तिथि 21 मई है। मौसम विभाग के अनुसार, तीन से पांच सप्ताह में ला-नीना की परिस्थितियां पैदा होने के आसार हैं। ऐसे में इस वर्ष सामान्य से अधिक वर्षा की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी एसके पटेल ने बताया कि समय से मानसून केरल में प्रवेश करेगा तो बिहार में भी समय से पूर्णिया व किशनगंज के रास्ते प्रवेश करेगा। बीते वर्ष 13 जून को पूर्णिया के रास्ते बिहार में मानसून प्रवेश किया था। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि 13-18 जून के मध्य मानसून बिहार में प्रवेश करेगा। मौसम विभाग के अनुसार, जून से सितंबर चार माह के दौरान सामान्य से 106 फीसद वर्षा के आसार हैं। मानसून के दौरान सामान्य वर्षा 87 सेंटीमीटर है। यानी इस वर्ष करीब 92 सेंटीमीटर वर्षा की संभावना जताई जा रही है। वहीं, बिहार में 992.2 मिमी है। मानसून सीजन के दौरान 96-104 मिमी वर्षा सामान्य मानी जाती है। वहीं, इस बार 106 फीसद तक रहने के आसार हैं। वर्षा की स्थिति ठीक होने से खेती किसानी को लाभ मिलने की संभावना है।

## सीबीएसई परीक्षा में कम अंक आने की शिकायत होगी दूर

**पटना (नि.सं1)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। जो विद्यार्थी अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, वो आज से मार्क्स वेरिफिकेशन के लिए अप्लाई कर सकते हैं। परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिका की स्कैन फोटो कॉपी भी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उत्तर पुस्तिका पर दिए गए अंकों के पुनर्मूल्यांकन के लिए अनुरोध भी कर सकते हैं। सीबीएसई ने आज से ऑनलाइन मार्क्स वेरिफिकेशन के लिए पोर्टल खोल दिया है। आवेदन 21 मई तक किया जा सकता है। छात्रों को प्रति विषय 500 रुपए शुल्क के तौर पर देने होंगे। एक बार रजिस्टर होने के बाद छात्र परीक्षकों की ओर से दिए अंकों की जांच कर सकेंगे। सीबीएसई के द्वारा यह कदम परीक्षार्थियों की शिकायतें दूर करने के उद्देश्य से उठाया गया है। जो कम अंक मिलने की बात करते हैं। अब वह उत्तरवार अंक देख सकेंगे।

## बिना डिग्री वाले डॉक्टर के गलत ऑपरेशन से महिला की मौत, 11 लाख का जुर्माना

- **शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जिस डॉक्टर ने मरीज का इलाज किया, वह डॉक्टर ही नहीं है। वह मेडिकल डिग्री दिखाने से भी पीछे हट गये।**

निज संवाददाता

**पटना।** फैमिली प्लानिंग ऑपरेशन में लापरवाही से महिला की मौत पर जिला उपभोक्ता आयोग ने डॉक्टर पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। दरअसल, मनेर की चौरासी टाटा कॉलोनी की महिला कलावती देवी की मृत्यु चिकित्सा लापरवाही के कारण मई, 2007 में हो गयी। मां की मौत के बाद साल 2010 में संगम राय, रंजू कुमारी, मनोज कुमार, सरोज कुमार, गुड्डू कुमार, तेत्री कुमारी, रोहित कुमार व पति विश्वनाथ राय ने उपभोक्ता आयोग में आवेदन दिया। इसमें बताया कि मनेर में महादेव स्थान स्थित सीमा सेवा सदन में कलावती देवी का इलाज चल रहा था। इस दौरान डॉ धर्मेंद्र कुमार यादव ने ऑपरेशन किया। लेकिन, चिकित्सा में लापरवाही बरती गयी, जिससे उसकी मौत हो गयी। इसके बाद वित्तीय हानि के रूप में मुआवजा देने की बात कही गयी। लेकिन, जून, 2009 तक भुगतान नहीं किया। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जिस डॉक्टर ने मरीज का इलाज किया, वह डॉक्टर ही नहीं है। वह मेडिकल डिग्री दिखाने से भी पीछे हट गये। इस पर डॉ धर्मेंद्र ने बताया कि मैंने कलावती देवी का ऑपरेशन नहीं किया है। साथ ही अस्पताल परिसर अनिसाबाद की डॉ खुशी लाल को किराये पर दिया गया है। यहां डॉ अमरेंद्र कुमार यादव सेवा सदन का प्रबंधन कर रहे हैं। इसके बाद आयोग ने पटना के सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा अधिकारी से राय ली, जिसमें पता चला कि डॉ धर्मेंद्र कुमार यादव पंजीकृत चिकित्सा पेशेवर नहीं हैं और इसलिए उनका कार्य अवैध है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आयोग के अध्यक्ष प्रेम रंजन मिश्रा व सदस्य रजनीश कुमार ने फैसला सुनाते हुए डॉ धर्मेंद्र यादव को आरोपित करार दिया। साथ ही शिकायतकर्ताओं की मां की मृत्यु के कारण हुई मानसिक पीड़ा और शारीरिक उत्पीड़न के लिए 10 लाख रुपये व मुकदमे की लागत के रूप में एक लाख रुपये का भुगतान दो माह के भीतर करने को कहा।

## बिहार में पर्यटकों की संख्या में 50 फीसदी तक इजाफा, पहली तिमाही में ही आंकड़ा एक करोड़ के पार

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार में पर्यटकों की संख्या में बड़ा उछाल आया है। इस बार पहली तिमाही में पर्यटकों की संख्या में करीब 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जनवरी से मार्च तक बिहार में एक करोड़ 19 लाख पर्यटक आए इसमें करीब सवा दो लाख विदेशी पर्यटक रहे। पिछले साल इसी दौरान महज 79 लाख पर्यटक आए थे। इसमें विदेशी पर्यटकों की संख्या 1.62 लाख थी। सर्वाधिक विदेशी पर्यटक गया-बोधगया, जबकि देसी पर्यटक पटना आए हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार, इस साल सबसे अधिक 42.93 लाख पर्यटक जनवरी में आए। इसमें देसी पर्यटकों की संख्या 42 लाख जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या 86 हजार से अधिक रही। इसके बाद मार्च में 42.59 लाख पर्यटक आए इसमें विदेशी पर्यटकों की संख्या 58 हजार से अधिक रही। फरवरी में 32.76 लाख पर्यटक आए मगर विदेशी पर्यटकों की संख्या 77 हजार से अधिक रही। पिछले साल पहली तिमाही में सर्वाधिक 32 लाख 46 हजार पर्यटक मार्च में आए थे वहीं सर्वाधिक 72 हजार 238 पर्यटक फरवरी माह में बिहार पहुंचे थे। कोरोना के प्रभाव के कारण 2020 और 2021 में पर्यटकों की संख्या में बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी। वर्ष 2022 और 23 से इसमें सुधार शुरू हुआ है, जिससे पर्यटकों की संख्या में उछाल आया है। इसके अलावा पर्यटन केंद्रों की ब्रांडिंग और प्रचार के कारण भी देसी-विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में घूमने पहुंचे रहे हैं। खासकर राजगीर में नेचर व जंगल सफारी, ग्लास ब्रिज जैसे आकर्षण पसंद किए जा रहे। पर्यटन विभाग की तिमाही रिपोर्ट का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 21 लाख 17 हजार देसी पर्यटक राजधानी पटना आए। वहीं विदेशी पर्यटक सबसे अधिक गया और बोधगया घूमने पहुंचे। जनवरी से मार्च तक गया में 52 हजार 545 जबकि बोधगया में 44 हजार 348 विदेशी पर्यटक घूमने आए। इसके अलावा राजगीर में भी 44 हजार 348 और नालंदा में 41 हजार 325 विदेशी पर्यटकों ने सैर की।

## गिरिराज बोले- बिहार में मदरसा आतंक का अड्डा

**पटना (नि.सं.)।** तेजस्वी यादव ने गिरिराज सिंह पर निशाना साधा है। उन्होंने पटना में शुक्रवार को कहा कि उन लोगों को मुद्दे पर बात करनी चाहिए, हिंदू-मुस्लिम पर नहीं। इस दौरान तेजस्वी ने एक बार फिर से लोकसभा की सारी सीट पर इंडी गठबंधन की जीत होने का दावा किया है। तेजस्वी ने कहा कि जिस तरह चारों चरण में इंडी गठबंधन का बोलबाला रहा। ठीक वैसे ही पांचवे चरण में भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे दरअसल, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को मुजफ्फरपुर में कहा था कि कि बिहार का मदरसा आतंक का अड्डा है। इसके साथ ही उन्होंने बुर्के में बोगस वोटिंग का भी आरोप लगाया है। कहा था इससे धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। छपरा कांड के बाद ये साबित हो गया है मदरसा आतंक का अड्डा है। गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस और लालू यादव तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। इसलिए उन्हें यह सब नहीं दिखाई देता है।

## जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को हटाना मुश्किल, पटना हाईकोर्ट ने कर दिया सब क्लियर

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार में जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को हटाना आसान है या मुश्किल, इसपर पटना हाईकोर्ट ने नियम को अच्छी तरह से समझा दिया है। पटना हाईकोर्ट ने 52 याचिकाकर्ताओं की एलपीए पर सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया। पटना हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण निर्णय से यह तय किया है कि बिहार पंचायत राज अधिनियम-2006 के तहत जिला परिषद के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत की आवश्यकता है, नहीं कि जिला परिषद के कुल निर्वाचित सदस्यों के बहुमत की। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन, न्यायाधीश आशुतोष कुमार एवं न्यायाधीश हरीश कुमार की पूर्ण पीठ ने संगीता देवी उवं अन्य 52 याचिकाकर्ताओं की एलपीए याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्णय सुनाया। इस मामले में राज्य सरकार का पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता पीके शाही ने कोर्ट को तर्क दिया था कि यदि कोरम की आवश्यकता नहीं है, तो शायद बैठक का परिणाम पूरे निकाय की मंशा या इच्छा को प्रतिबिंबित नहीं करेगा। न केवल कानून पर, बल्कि लोकतंत्र के मूल सिद्धांत पर भी धोखाधड़ी की संभावना हो सकती है। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसी स्थिति हो सकती है, जहां अध्यक्ष या उपाध्यक्ष ने सदन का विश्वास नहीं खोया होगा और फिर भी कुछ लोगों की चालों से प्रस्ताव पारित हो जाएगा। कोर्ट ने उनके तर्कों को अस्वीकृत करते हुए कहा कि चरम सीमाओं या अपवादों को ध्यान में रखकर न तो कानून को समझा जाना चाहिए और न ही उसकी व्याख्या की जानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली की आंख-मिचौली से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**चंपानगर।** बिजली की आंख मिचौली से नगर पंचायत चंपानगर के पावर सब स्टेशन से जुड़े चंपानगर एवं बनमनखी प्रखंड के बहोरा पंचायत के वार्ड संख्या-18 स्थित मसुरिया पूर्व गांव के अलावा कई क्षेत्र के उपभोक्ता इस भीषण गर्मी में बेहाल हो रहे हैं। बाजार से लेकर घर तक लोग परेशान हैं। बिजली के जाते ही लोग पसीने से तर-बतर हो जाते हैं। इससे उपभोक्ता परेशान हैं। बाजार के दुकानदारों को इस लगन के मौसम में बिजली की कमी खल रही है, जबकि किसानों के खेतों में लगी मूंग, मकई एवं सब्जी की खेती में पटवन में परेशानी उत्पन्न हो रही है। चिलचिलाती धूप में जब स्कूली बच्चे घर लौटते हैं, तब बिजली गुल रहने से गर्मी उनकी परेशानी को और बढ़ा देती है। चंपानगर के उपभोक्ता आशुतोष कुमार, अजय कुमार मेहता, अशोक कुमार दास एवं मसुरिया पूर्व गांव के उपभोक्ता सूर्यानंद यादव उर्फ टुटू यादव, दिनेश्वर कामत, रमण विश्वास, कन्हैया लाल यादव आदि लोगों ने शासन-प्रशासन से निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की है।

### देर से आए शिक्षकों का वेतन रुका

**भागलपुर।** जिला शिक्षा विभाग ने अपनी निरीक्षण टीम की रिपोर्ट के आधार पर देर से स्कूल आए 12 शिक्षकों का वेतन रोका है। इनमें 11 नवगछिया व एक शिक्षक गोपालपुर के स्कूल के हैं। काम में लापरवाही पर एक निरीक्षण कर्मी का वेतन भी रोका गया। जिले के 1890 स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है।

### वेतन और पेंशन के लिए कुलपति को दिया पत्र

**भागलपुर।** टीएमबीयू में शिक्षकों और कर्मचारियों को फरवरी से अप्रैल तक का वेतन नहीं मिला है। जबकि पेंशनरों को जनवरी से अप्रैल तक की पेंशन भी नहीं मिली है। इसको लेकर टीएमबीयू शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के महासचिव रंजीत कुमार ने वीसी को पत्र देकर भुगतान करने की मांग की है। कर्मचारी नेता ने कहा है कि वेतन और पेंशन नहीं मिलने से परेशानी हो रही है।

### मारपीट कर हत्या के मामले में एक दोषी करार

**भागलपुर।** एडीजे 13 के कोर्ट ने मारपीट कर हत्या के मामले में जगदीशपुर के कोलाखुर्द के वीर कुमार उर्फ वीर कुमार सिंह को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर अब 22 मई को सुनवाई होगी। वीर कुमार पर कई लोगों के साथ मिलकर कोलाखुर्द के ही रिपु सिंह के साथ मारपीट करने का आरोप था जिसमें उसकी मौत हो गई थी। गुरुवार को हुई सुनवाई में सरकार की ओर से शामिल एपीपी जयप्रकाश यादव व्यास ने बताया कि केस रिपु के पिता कृष्णानंद सिंह ने दर्ज कराया था।

### बच्चों की यह सवारी कहीं जानलेवा न बन जाए

**भागलपुर।** शहर में निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को ढोने वाले निजी वैन या ऑटो चालक परिवहन विभाग के नियम को ताक पर रख सड़क पर धड़ल्ले से वाहन दौड़ा रहे हैं। इसमें अधिकांश वाहन चालक मैजिक, ऑटो समेत अन्य वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाकर उनके घर से स्कूल और स्कूल से घर लेकर आते-जाते हैं। ऐसे स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं।

### शहर में जल्द खुलेगा वृद्धजन आश्रम, मकान हो रहा चिह्नित

**मुंगेर।** मुंगेर बिहार सरकार के नगर विकास व आवास विभाग ने नगर निगम को पत्र लिखा है कि मुंगेर मुख्यालय में एक वृद्धजन आश्रम खोला जाना है, जिसके लिए शहर में एक किराए का मकान की रिपोर्ट मांगी गई है। सिटी मैनेजर एहतेशाम आलम ने बताया कि मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रम योजना के तहत खोला जाना है। उन्होंने बताया कि वृद्धजन आश्रम 100 बेड का होगा। इसके लिए मकान की साइज 500 स्क्वायर फीट की होनी चाहिए। इसमें 50-50 बेड का दो यूनिट तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता के कारण काम पेंडिंग पड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि अबतक किराए पर मकान नहीं मिला है, अगर किसी के पास शहरी क्षेत्र में 500 स्क्वायर फीट में मकान बना हो तो वैसे मकान मालिक नगर निगम प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मकान का किराया अनुमंडल पदाधिकारी विभाग से दिया जाएगा। गौरतलब है कि इस तरह का वृद्धजन आश्रम प्रत्येक नगर परिषद क्षेत्र चाहे वह जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र हो या फिर खड़गपुर नगर परिषद क्षेत्र हर नगर परिषद क्षेत्र में एक वृद्धजन आश्रम का निर्माण होगा।

### सरकारी स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग

**मुंगेर।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव सुरेश मालाकार ने जिले के सभी सरकारी स्कूलों के प्रातः कालीन संचालन समय में समयानुकूल परिवर्तन करने कि मांग जिला पदाधिकारी से किया हैं। जिला सचिव मालाकार ने कहा कि विगत 15 अप्रैल से 15 मई तक एक माह तक सूबे के सभी सरकारी स्कूलों में ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया था, इसके बावजूद स्कूलों को 8 बजे सवेरे से लेकर 10 बजे तक मिशन दक्ष के तहत कक्षा संचालन कार्य शिक्षकों ने किया। फिर 16 मई से 30 मई तक सूबे के सभी सरकारी स्कूलों का संचालन प्रातः कालीन पाली में 6 बजे सुबह से 12 बजे अपराह्न तक, इसके बीच 10 बजे से 10:30 बजे तक मध्याह्न भोजन कराने का आदेश शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया गया है। बच्चों को 12 बजे अपराह्न तक शैक्षणिक कार्य समाप्त होने के बाद शिक्षक स्कूल में कमजोर बच्चों को मिशन दक्ष की तर्ज पर विशेष कक्षाओं का संचालन करेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य कार्य यथा - गृहकार्य, कॉपियों की जांच, साप्ताहिक मूल्यांकन व मासिक मूल्यांकन की कॉपियों की जांच एवं पाठ टीका का निर्माण करेंगे। सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक इस दौरान उपरोक्त कार्यों के अतिरिक्त छात्रों का नामांकन एवं अन्य प्रशासनिक कार्य भी करेंगे। विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी अपराह्न 1:30 बजे विद्यालय से प्रस्थान करेंगे। जिला सचिव मालाकार ने शिक्षा विभाग के इस आदेश पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्राथमिक स्कूलों के बच्चे घर से 6 बजे सुबह भूखे स्कूल आएंगे और 10 बजे स्कूल में मध्याह्न भोजन खायेंगे। इन बच्चों को चार घंटा तक भूखे कैसे स्कूल में रखा जा सकता है। बच्चों की उपस्थिति 90 प्रतिशत होनी चाहिए, यदि निरीक्षण के समय बच्चों की उपस्थिति कम पाई जाएगी तो एक दिन का वेतन काटने का आदेश जिला शिक्षा विभाग से तुरत जारी किया जाना आम बात हो गई है। उमस भरी गरमी एवं बच्चों के स्वास्थ्य हित को देखते हुए विद्यालय संचालन समय 6:30 से 12 बजे अपराह्न तक करने की मांग की है।

### पैक्सों में गेहूं खरीदारी की रफ्तार सुस्त

**मुंगेर।** जिले में गेहूं की खरीद 15 मार्च 2024 से शुरू की गई है, जो 15 जून तक निर्धारित है। जिला सहकारिता पदाधिकारी धर्मनाथ प्रसाद ने बताया कि सरकार ने इस साल गेहूं खरीद के लिए एमएसपी यानी न्यूनतम सर्मथन मूल्य दर 2,275 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि अबतक 15 मार्च से अबतक 27.47 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो पायी है, जो की लक्ष्य का 5 प्रतिशत भी नहीं है। सरकार ने मुंगेर जिला को 5,954 एमटी गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 45 पैक्स और 2 व्यापार मंडल में गेहूं की खरीद हुई है। जिले के कुल 26 किसानों ने गेहूं की बिक्री पैक्स व व्यापार मंडल में की है। सबसे ज्यादा खड़गपुर प्रखंड में 10 पैक्स, धरहरा में 8 पैक्स, तारापुर में 9 पैक्स, असरगंज में 5 पैक्स, संग्रामपुर में 5 पैक्स, टेटियाबंबर में 5 पैक्स, जमालपुर में 2 पैक्स और बरियारपुर में एक पैक्स में गेहूं की खरीददारी की गई है। सूर्योदय 4.58 प्रातः आसमान शुष्क बना रहेगा। बारिश की कोई संभावना नहीं है दिन 270 अधिकतम | रात 420 सूर्यास्त 6.23 सायं H 22 कैरेट (रेट प्रति ग्राम में, जीएसटी एक्स्ट्रा) बाजार में मिल रही ज्यादा कीमत डीसीओ ने बताया कि इस साल गेहूं की खरीद के लिए सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,275 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। यह पिछले वर्ष की तुलना 150 रुपए अधिक है। पिछले साल एमएसपी रेट 2,125 रुपए प्रति क्विंटल था। उन्होंने बताया कि इस साल एमएसपी रेट में 150 रुपए की बढ़ोतरी किए जाने के बावजूद बाजार में जहां गेहूं का मूल्य किसानों को 2300 से लेकर 2400 रुपए प्रति क्विंटल मिल जा रही है, वहीं एमएसपी रेट 2,125 रुपए प्रति क्विंटल है। एफसीआई के द्वारा जहां किसानों को भुगतान 24 घंटे के अंदर कर दे रही है, वहीं पैक्सों व व्यापार मंडलों के द्वारा गेहूं बिक्री का भुगतान कई दिन लग जाते हैं।

# भागलपुर में साला ने जीजा के 10 लाख रुपए चुराए

## जमीन बेचकर गोदरेज में रखे थे पैसे, भाई की पत्नी ने किया मदद, विरोध करने पर मारपीट

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में एक परिवार में 2 पक्षों में खूब मारपीट हुई। एक परिवार ने आरोप लगाया है कि मैंने अपनी जमीन को बेचकर 10 लाख रुपए घर के गोदरेज में रखा था। इसी दौरान मेरे भाई की पत्नी और उसके 2 भाइयों ने गोदरेज से पैसा चुराकर फरार हो गया। घटना मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के मनियारपुर गांव की है। पीड़ित ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि भाई के दो साले ने अपनी बहन पूनम देवी के कहने पर मेरे गोदरेज में रखे 10 लाख रुपए तोड़कर ले लिया। 8 दिन पहले गांव के ही लोगों को दो कट्ठा जमीन बेचा था। दोनों ने 5-5 लाख रुपए दिया था। घायल ओमप्रकाश की बेटी खुशबू ने बताया कि पापा ने 2 कट्ठा जमीन बेचकर रुपए गोदरेज में रखे थे। बड़ी मम्मी और अन्य दो लोगों ने गोदरेज के लॉकर को तोड़कर रुपए ले लिए। पापा उक्त रुपए से दूसरे जगह जमीन लेते। विरोध करने पर बड़ी मम्मी पूनम देवी ने मेरे सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर, घटना की जानकारी डायल 112 को टीम को दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय मधुसुधनपुर थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। घायल पिता और बेटी को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर इलाज चल रहा है। इस संबंध में थानाअध्यक्ष सफदर अली ने बताया कि तीनों घायलों का इलाज के लिए भेज दिया गया है। दोनों पक्ष में आपसी सहमति की बात चल रही है। लिखित शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# वज्रपात की चपेट में आने से दढ़ियार में एक की मौत

निज संवाददाता। टेटिया बंबर

प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को दोपहर बाद वज्रपात की घटना घटी जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं गंगटा थाना क्षेत्र के दढ़ियार गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी एवं वज्रपात की घटना घटी। जिसमें चंपाचक गांव स्थित मुखिया शारदा देवी के आवास के समीप नारियल के पेड़ पर वज्रपात हो गई। जिससे नारियल के पेड़ के समीप बने चबूतरानुमा शेड में बैठे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में इसकी सूचना टेटिया बंबर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को दी गई। जहां से एंबुलेंस भेजकर सभी घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घायलों में विकेश कुमार, पिता बबलू कुमार उम्र 13 वर्ष, गौतम कुमार पिता सुभाष चंद्र विद्यार्थी उम्र 32 वर्ष, आशीष कुमार पिता धर्मेंद्र कुमार उम्र 10 वर्ष, देव कुमार पिता रजनीश राज उम्र 12 वर्ष, आशीष कुमार पिता अश्विनी कुमार घायल हो गए। सभी घायलों को मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह ने एंबुलेंस के सहयोग से अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सभी का इलाज किया। दूसरी ओर गंगटा थाना क्षेत्र के दढ़ियार गांव के समीप मूंग की खेत का पटवन कर लौट रहे किसान फंटूश यादव पिता रूदो यादव उम्र 30 वर्ष तेज आंधी में एक आम के पेड़ के समीप आम चुनने लगे। तभी वज्रपात की चपेट में आ गए, जिससे वह अचेत होकर गिर गए। जिन्हें मुखिया प्रतिनिधि रामविलास यादव के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवेली खड़गपुर लाया गया। जहां चिकित्सक प्रदीप कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मची चीख-पुकार वहीं अस्पताल परिसर में परिजनों की चीख पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। मृतक अपने पीछे एक पुत्री कुमकुम कुमारी एवं पत्नी को छोड़ गए। अस्पताल परिसर में मृतक की मां का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि रामविलास यादव ने बताया कि कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत मृतक के परिजन को मुखिया रेणु देवी के द्वारा 3000 का आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया गया।

# बदमाशों ने युवक को मारी गोली, चाचा पर भी हमला

## बाइक से आए थे तीन बदमाश, दो को पकड़ लोगों ने पीटा



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में गुरुवार की देर रात तीन बाइक सवार बदमाशों ने लूटपाट के दौरान एक युवक को गोली मार दी। घटना मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के कंझिया बाईपास के समीप बिहारीपुर जाने वाले रास्ता के सुनसान जगह लोहार के एक दुकान के पास की है। दरअसल, पीयूष कुमार (26) अपने ननिहाल से घर भतोरिया के गंगा प्रसाद जा रहे था। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन बदमाशों बंदूक के बल पर गाड़ी रुकवाकर मोबाइल, पैसे समेत अन्य सामान छीन लिया। इसी दौरान युवक के चाचा फंटूश यादव दूध देने के लिए भतोरिया गंगा प्रसाद से कंझिया के तरफ जा रहे थे। इसके बाद घायल युवक मदद के लिए चिल्लाया। चाचा मौके पर पहुंचे तो बदमाशों ने उसके चाचा पर भी बंदूक तान दी। इसके बाद स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए और दो बदमाशों को पकड़ जमकर धुनाई कर दी। घटना के बाद मधुसुदनपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने दोनों बदमाशों लोगों के कब्जे से छुड़ाया और इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भर्ती कराया।

# ट्रेन में पानी बेचता था शख्स, हो गई मौत, मुंगेर में मिला शव, पीट-पीटकर हत्या की आशंका

## लाश लाकर दूसरी जगह फेंका

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के धरहरा थाना क्षेत्र के फुल्का बहियार में लावारिस अवस्था में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान जमालपुर थाना क्षेत्र के छोटी दौलतपुर निवासी 40 वर्षीय सोनू कुमार के रूप में हुई है। गुरुवार की अहले सुबह करीब पांच बजे शौच के लिए बहियार की ओर गई एक महिला ने इंडियन बैंक शाखा गोविंदपुर से महज 100 मीटर पीछे बहियार में स्थित पैन में एक व्यक्ति का शव देखा। महिला ने घटना की सूचना ग्रामीणों को दी। उनकी सूचना पर धरहरा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, एसआई संजीव कुमार, एएसआई कुंदन दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की छानबीन करने में जुट गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक शख्स के चेहरे पर बाईं आंख और पेट वाले हिस्से में भी चोट के निशान पाए गए। शव को देखने से प्रतीत होता है कि अपराधियों ने किसी अन्य स्थान पर उसे बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या की गई हो और शव को फुल्का बहियार के पैन में लाकर फेंक दिया है। बता दें कि फुल्का बहियार के जिस पैन (नदी) में लावारिस अवस्था में शव पाया गया।

# 15 साल से जाम पड़े नाले की सफाई शुरू, 50 कर्मियों को दी जिम्मेदारी

निज संवाददाता। मुंगेर

पिछले सप्ताह प्री-मानसून की बारिश के चलते शहर में जगह-जगह जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाने के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई थी। बारिश के कारण जलजमाव की समस्या को देखते हुए नगर निगम प्रशासन की ओर से वैसे बड़े नालों की सफाई करवा रही है, जो पिछले 15 सालों से अधिक समय से सफाई नहीं हुई थी। लोक स्वच्छता पदाधिकारी पिंटू कुमार व गुलाम रब्बानी ने बताया कि 2 नंबर गुमटी के पास आउट फॉल नाला जो रेलवे क्रासिंग दुर्गास्थान और तोपखाना बाजार के पास ब्रिज के कार्नर से लेकर वार्ड नंबर-11 तक के बड़े नाले की सफाई तह तक पिछले 15 सालों से नहीं की गई थी, जिसे इस बार मानसून के पहले जितने भी गाद से नाला छिछला हो गया है, उसे तह तक सफाई करायी जा रही है। इसके लिए वकायदा दो जेसीबी मशीन लगाया गया है। इसके अलावा 50 सफाई कर्मी की स्पेशल टीम बनाकर बड़े नाला व आउट फॉल की सफाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा लाल दरबाजा स्थित गीता बाबू रोड के आउट फॉल नाला की भी साफ-सफाई का काम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सही से नाला व आउट फॉल की सफाई हो जाएगी तो निश्चित तौर पर भारी बारिश के बाद भी शहर में 1 घंटे से अधिक समय तक जलजमाव नहीं हो पाएगा। मालूम हो कि नगर निगम क्षेत्र में 4 आउट फॉल के अलावा छोटे-बड़े 50 से अधिक छोटे-बड़े नाले हैं। गौरतलब है कि मानसून की बारिश बाद शहर में जलजमाव की समस्या को देखते हुए बारिश पूर्व नाला की साफ-सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए नगर विकास व आवास विभाग ने नगर निगम प्रशासन को निर्देश दिया है। सड़क पर बालू व गिट्टी गिराने वाले को नगर निगम ने थमाया नोटिस नगर निगम के लोक स्वच्छता पदाधिकारी ने बताया कि शहर के कई जगहों पर नाला से सटाकर बालू व गिट्टी गिरा दिए जाने के कारण भी नाला जाम की स्थिति बन जाती है।

### स्वर्ण पदक जीतने से खेल प्रेमियों ने जताई प्रसन्नता

**मुंगेर।** जिले के खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों में स्वर्ण पदक जीतने से प्रसन्नता व्याप्त है। जोशना चिनप्पा, अभय सिंह और वेलावन सेंथिल कुमार ने राष्ट्रीय डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में अपने वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किए। खेल प्रवक्ता, महमूद आलम ने बताया कि यह प्रतियोगिता 17 साल बाद शुरू की गई है। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अभय ने वेलावन के साथ मिलकर राहुल बैठा और सूरज चंद को 2-0 से मात दी। अभय ने जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिक्स्ड डबल्स में हरिंदर पाल सिंह संधू और राधिका सीलन की जोड़ी को 2-1 से हराकर स्वर्ण जीता। खेल प्रेमी विक्रम शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए तथा भारत का नाम रौशन करने एवं स्वर्ण पदक जीतने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।


**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं. 21_2024–25, दिनांक 15.05.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **डीईएन/3/हावड़ा। कार्य का विवरण :** एसएसई/डब्ल्यू/नवद्वीपधाम और एईएन/नवद्वीपधाम के क्षेत्राधिकार में बाँशबेड़िया और पाटुली के बीच विभिन्न स्टेशनों पर लैवाटरी और यूरिनल का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 65,74,682.95, **बयाना राशि:** रु. 1,31,500/– **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 06 (छह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 10.06.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-64/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EastemRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 22_2024-25 एवं 23_2024-25 दिनांक 17.05.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **डीईएन/3/हावड़ा। क्रमांक 1, ई-निविदा सं. 22_2024-25, कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल में मानसून के दौरान आपातकालीन सामग्रियों के रूप में क्वैरी स्टोन डस्ट की आपूर्ति। **अनुमानित लागत:** रु. 82,29,640.77; **बयाना राशि:** रु. 1,64,600; **क्रमांक 2, ई-निविदा सं. 23_2024-25, कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल में मानसून के दौरान आपातकालीन सामग्रियों के रूप में स्टोन बोल्डर की आपूर्ति। **अनुमानित लागत:** रु. 1,29,41,200; **बयाना राशि:** रु. 2,14,700; **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 06 (छह) महीने (क्रमांक 1 एवं 2 के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 31.05.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-65/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**सूरत-भागलपुर-रतलाम स्पेशल ट्रेन**

गर्मियों के दौरान अतिरिक्त भीड़ संभालने के लिए, 09167 **सूरत-भागलपुर स्पेशल एवं 09168 भागलपुर-रतलाम स्पेशल** ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समय-सूची, ठहराव, परिचालन तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:-

09167 सूरत-भागलपुर स्पेशल

| दिन | स्टेशन | आ. | प्र. |
|---|---|---|---|
| 18.05.2024 | ↓ सूरत | - | 11.00 |
| 19.05.2024 | कानपुर सेंट्रल | 13.25 | 13.35 |
| 20.05.2024 | पटना जं. | 01.05 | 01.15 |
| | जमालपुर जं. | 04.35 | 04.37 |
| | भागलपुर | 06.30 | - |

09168 भागलपुर-रतलाम स्पेशल

| दिन | स्टेशन | आ. | प्र. |
|---|---|---|---|
| 20.05.2024 | ↓ भागलपुर | - | 10.00 |
| | जमालपुर जं. | 11.10 | 11.12 |
| | पटना जं. | 14.35 | 14.45 |
| 21.05.2024 | कानपुर सेंट्रल | 02.15 | 02.25 |
| | रतलाम | 18.30 | - |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन मार्ग में उधना जं., चलथान, बारडोली, नंदुरबार, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., रानी कमलापति, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, बख्तियारपुर जं., मोकामा, किऊल जं. एवं सुल्तानगंज स्टेशनों पर भी रुकेगी। **यात्रा की तिथि: सूरत से 09167** - दिनांक 18.05.2024 (शनिवार) को = 1 ट्रिप।

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन मार्ग में सुल्तानगंज, किउल जं., मोकामा, बख्तियारपुर जं., आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्जापुर, प्रयागराज जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना जं., संत हिरदाराम नगर, उज्जैन जं. एवं नागदा जं. स्टेशनों पर भी रुकेगी। **यात्रा की तिथि : भागलपुर से 09168** - दिनांक 20.05.2024 (सोमवार) को = 1 ट्रिप।

**गठन:** शयनयान श्रेणी - 18, एलएसएलआरडी - 2 = 20 कोच। **श्रेणी** : मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway Eastern Railway Headquarter



**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. 44, 22, 47-एमएलडीटी-24-25, दिनांक 16.05.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1; निविदा सं.: 44-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के क्षेत्राधिकार के अधीन भागलपुर स्टेशन में यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए एसआईजी ग्रुप की समुचित कार्यशीलता के लिए मौजूदा भवन के सुधार कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य:** रु. 41,93,140.77; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 03.06.2024 को अपराह्न 3.30 बजे; **क्रमांक 2; निविदा सं.: 22-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के क्षेत्राधिकार के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अंतर्गत महाराजपुर से बिक्रमशिला अनुभाग में अनुभागीय गति को 130 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए सुरक्षा फेंसिंग के प्रावधान कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 23,67,59,036.30। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 05.06.2024 को अपराह्न 3.30 बजे। **क्रमांक 3; निविदा सं.: 47-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के क्षेत्राधिकार के अधीन सहायक अभियंता/भागलपुर के अंतर्गत भागलपुर स्टेशन में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रावधान तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 91,54,735.90। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.06.2024 को अपराह्न 3.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट:** www.ireps.gov.in /डीआरएम कार्यालय/एमएलडीटी।

(MLD-29/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## दूरगामी समझौता

भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह की देखभाल, विकास और संचालन को लेकर सोमवार को हुआ समझौता न सिर्फ दोनों देशों के आपसी संबंधों के लिहाज से अहम है बल्कि आने वाले वर्षों में इस पूरे क्षेत्र की भू-राजनीति को भी निर्णायक ढंग से प्रभावित कर सकता है। इस समझौते के प्रयास काफी पहले से चल रहे थे। चाबहार को लेकर दोनों देशों में पहला समझौता 2016 में हुआ। 2018 में तत्कालीन ईरानी राष्ट्रपति हसन रूहानी की भारत यात्रा के दौरान इस पोर्ट पर भारत की भूमिका बढ़ाने का मसला प्रमुखता से उठा। बाद में कोविड-19 महामारी और ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते यह प्रक्रिया कुछ धीमी पड़ी, लेकिन आखिरकार समझौता हो गया। समझौते का एक अहम पहलू यह है कि इससे पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह ही नहीं, चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशटिव को भी बैलेंस करने में मदद मिल सकती है। भारत चाबहार पोर्ट की बदौलत पाकिस्तान को बाइपास करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच बना सकता है। पाकिस्तान मध्य एशियाई देशों को इस बात के लिए लुभाने की कोशिश करता रहा है कि वे हिंद महासागर क्षेत्र तक पहुंच बनाने के लिए कराची बंदरगाह का इस्तेमाल करें। दूसरी तरफ भारत इस तथ्य को समझ रहा था कि चाबहार बंदरगाह उन देशों के लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। अब इस संभावना को ठोस रूप देना आसान होगा। समझौते की टाइमिंग भी इसे संवेदनशील बना रही थी। पश्चिम एशिया संकट के दौरान ईरान और इस्राइल के बीच बढ़े तनाव के मद्देनजर अमेरिका ने ईरान पर नए सिरे से आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ऐसे में भारत के लिए सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेते हुए ईरान के साथ एक दीर्घकालिक समझौते को अंतिम रूप देना चुनौतीपूर्ण था। समझौते की घोषणा के बाद अमेरिका ने हालांकि यह कहते हुए परोक्ष चेतावनी दी कि जो कोई भी ईरान के साथ किसी तरह के समझौते में जाता है, उसे इसमें निहित संभावित प्रतिबंधों के खतरे से वाकिफ होना चाहिए। लेकिन इस बयान का स्वरूप भी बता देता है कि यह औपचारिकता ज्यादा है और चेतावनी कम। इस मामले में विदेश मंत्री जयशंकर का यह कहना ज्यादा अहम है कि अमेरिका को इससे कोई दिक्कत नहीं है। जयशंकर के बयान का अगला हिस्सा विशेष तौर पर महत्वपूर्ण है जिसमें उन्होंने कहा कि 'वैसे भी मेरे और ईरान के बीच में अगर कुछ होता है तो वह मेरे और ईरान के बीच की बात है।

## बुजुर्गों की सेहत और चुनौतियां

अगर बुजुर्गों की आबादी का एक बड़ा हिस्सा किन्हीं वजहों से अपना इलाज नहीं करा पाता, तो यह समाज और व्यवस्था की एक बड़ी नाकामी है। गौरतलब है कि एक गैरसरकारी संगठन के अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि शहरी इलाकों के लगभग पचास फीसद बुजुर्ग आर्थिक मुश्किलों और कई अन्य तरह की चुनौतियों के चलते जरूरत के वक्त चिकित्सकों के पास नहीं जा पाते हैं। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या ज्यादा व्यापक है। वहां बुजुर्ग आबादी के बासठ फीसद से ज्यादा के सामने आर्थिक और अन्य बाधाएं खड़ी हैं, जिनके चलते उन्हें बीमारी में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।आमतौर पर साठ वर्ष की उम्र के बाद व्यक्ति को सेवानिवृत्ति की वजह से आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जबकि इसी उम्र में उन्हें सेहत संबंधी देखभाल की ज्यादा जरूरत पड़ती है। ऐसे में अगर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हों तो उनका जीवन कुछ आसान हो सकता है। मगर कई बार पारिवारिक उपेक्षा के शिकार बुजुर्गों को सरकार की ओर से भी सामाजिक सुरक्षा के रूप में कोई विशेष सुविधा नहीं मिल पाती है। वहीं देश के कई इलाकों में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और आर्थिक स्थिति से जुड़ी समस्याएं जगजाहिर रही हैं।यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि आज वृद्धावस्था में पेंशन या अन्य सामाजिक सुरक्षा के अभाव में दैनिक खर्च और स्वास्थ्य देखभाल पर खर्च में भारी उछाल आया है। इसके अलावा, स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में ज्यादा उम्र वालों के लिए अब तक जो शर्तें रही हैं, वे स्वास्थ्य सुविधाओं तक उनकी पहुंच को मुश्किल बनाती हैं। आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं कि किसी वृद्ध व्यक्ति के बीमार पड़ने पर उचित इलाज न मिल पाने से उसकी जान चली गई।यह ध्यान रखने की जरूरत है कि आमतौर पर हर बुजुर्ग अपने बाद की उस पीढ़ी को बेहतर जीवन देने के लिए अपनी जिंदगी झोंक देता है, जो अपने परिवार साथ-साथ समाज और देश के लिए एक उपयोगी संसाधन बनता है। सवाल है कि बुजुर्गों की अपनी संतानें और सत्ता-तंत्र उसके स्वास्थ्य और संतोषजनक जीवन के लिए उचित व्यवस्था करने के प्रति उदासीन क्यों रहता है।

## प्रवासी कामगारों से मजबूत होती अर्थव्यवस्था

(ललित गर्ग)

*यह समावेशी विकास की पहली शर्त भी है। हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि विदेशों में कामगारों के हितों की रक्षा के साथ ही भारत में रह रहे उनके परिवारों का भी विशेष ख्याल रखा जाए। जिससे उनका देश के प्रति लगाव और गहरा हो सके। सरकार कामगारों को विदेश भेजने की पहल में काफी सक्रिय दिख रही है। कम से कम दो जरूरी बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए। पहला, जिन कामगारों की बात की जा रही है वे ज्यादा पढ़े-लिखे या कुशल नहीं हैं, ऐसे में यह जरूरी है कि इन लोगों का चयन पारदर्शी तरीके से हो। अगर जरूरत पड़े तो इस प्रक्रिया में किसी तीसरे भरोसेमंद पक्ष को भी शामिल किया जाए।*

भारत में अनुमानित 1.8 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय प्रवासी के रूप में काम करने के लिए विदेश जाते हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, डॉक्टरों आदि जैसे पेशेवरों का अनुपात बढ़ गया है। इनके वेतन ज्यादा होता है और वे बड़ी मात्रा में पैसा भारत भेजते हैं। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) की 7 मई 2024 को जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में भारत विदेशों में काम करने वाले भारतीय कामगारों से सबसे ज्यादा धन पाने वाले देशों के रूप में सूचीबद्ध हुआ है। मैक्सिको, चीन, फिलीपींस व फ्रांस जैसे देश भी इस सूची में भारत की तुलना में नीचले पायदानों पर है। भारत के लिये यह गौरव की बात है और इससे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने के भारत के प्रयासों को भी बल मिलेगा। नया भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण में विदेशों में रह रहे भारतीय कामगारों ने अपने खून-पसीने की कमाई से अर्जित धनराशि में से वर्ष 2022 में 111 बिलियन डॉलर अपने देश भेजे हैं। यह आंकड़ा जहां विश्व में भारतीय श्रमशक्ति की गौरवपूर्ण गाथा को दर्शाता है, वहीं देश की अर्थव्यवस्था में उनके अमूल्य योगदान को दिखाता है। आईओएम की ताजा रिपोर्ट वैश्विक प्रवास पैटर्न में महत्त्वपूर्ण बदलावों का खुलासा करती है, जिसमें विस्थापित लोगों की रिकॉर्ड संख्या और अंतर्राष्ट्रीय प्रेषण में बड़ी वृद्धि शामिल है। पूरे विश्व में अनुमानित 281 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों के साथ, संघर्ष, हिंसा, आपदा और अन्य कारणों से विस्थापित व्यक्तियों की संख्या आधुनिक रिकॉर्ड में उच्चतम स्तर तक बढ़ गई है, जो 117 मिलियन तक पहुँच गई है, जो विस्थापन संकट को संबोधित करने की तात्कालिकता को रेखांकित करती है। भारत में अनुमानित 1.8 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय प्रवासी के रूप में काम करने के लिए विदेश जाते हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, डॉक्टरों आदि जैसे पेशेवरों का अनुपात बढ़ गया है। इनके वेतन ज्यादा होता है और वे बड़ी मात्रा में पैसा भारत भेजते हैं। इनके अलावा भारतीय कामगार भी बड़ी संख्या में विदेशों में अपने श्रम से धन अर्जित करके न केवल अपने परिवारों का पालन-पोषण करते हैं बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं। निश्चित रूप से यह उन कामगारों के भारत के प्रति आत्मीय लगाव एवं देशप्रेम को ही दर्शाता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में योगदान करने वाले इन श्रमवीरों के प्रति देश कृतज्ञ है। निश्चित रूप से इसका भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं दुनिया में भारतीय श्रम-शक्ति एवं प्रतिभाएं अपनी क्षमता, कौशल एवं प्रतिभा से विपुल आर्थिक, सामाजिक एवं विकासमूलक योजनाओं की नयी संभावनाओं के द्वार खोलती है, जिससे दुनिया में भारत की ताकत को नये पंख लगते हैं। भारतीय कामगारों, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं एवं कौशल के लिए शीर्ष प्रवासन गलियारे संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब हैं जबकि राजनीतिक कारणों से भारत में प्रवेश करने वाले प्रवासियों की सबसे अधिक संख्या बांग्लादेश से आती है। प्रश्न है कि भारतीय कामगार एवं प्रतिभाएं जितनी बड़ी संख्या में विदेशों में जाकर अपनी क्षमताओं एवं प्रतिभा का लोहा मनवा रही है, विदेशी प्रतिभाएं उतनी संख्या में भारत नहीं आ रही है। वोट बैंक बढ़ाने के लिये बांग्लादेश आदि पडौसी देशों से गरीब एवं मुसलमानों का बड़ी संख्या में देश में आना, यहां के विकास को अवरोध करता है। इस तरह के लोगों के आने से देश में जनसंख्या बढ़ रही है, वही उनका भारत के विकास में योगदान नगण्य है और उनका भारत से कोई मजबूत एवं आत्मीय रिश्ता भी कायम नहीं हो पाता है, यह एक समस्या के रूप में भारत के विकास को बाधित करता है। दुनिया में भारतीय श्रम एवं कौशल की बड़ी मांग है। क्योंकि भारतीय मजबूर मेहनती, ईमानदार एवं कार्यनिष्ठ होते हैं। विकसित देशों में श्रमिकों की भारी कमी के बीच खेती, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में काम करने के वास्ते भारतीय कामगारों को विदेश भेजने के लिए विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय समझौते करने का भारत सरकार का इरादा है। भारत सरकार उन देशों के साथ एग्रीमेंट करने जा रही है, जहां आबादी तेजी से घट रही है। वैसे हम पहले ही जापान और फ्रांस के साथ लेबर सप्लाई एग्रीमेंट कर चुके हैं। इजरायल के साथ भी एक करार है, जिसके तहत हजारों भारतीय वहां खेती और मजदूरी के लिए भेजे जा रहे हैं। यूनान ने भारत से संपर्क किया है कि वह कृषि क्षेत्र में काम करने वाले लगभग 10,000 कामगारों को उसके यहां भेजे। विदेशों से धन भेजने के आकंड़े का बढ़ना दर्शाता है कि प्रवासियों का अपनी मातृभूमि के बीच कितना मजबूत, आत्मीय व स्थायी संबंध है। लेकिन इसके साथ ही भारत सरकार का दायित्व बनता है कि इस उपलब्धि की खुशी मनाते वक्त प्रवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों को भी पहचाना जाए और उनका समाधान किया जाये। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट बताती है कि प्रवासी कामगारों को वित्तीय शोषण, प्रवासन लागत के कारण बढ़ते ऋण दबाव, नस्लीय भेदभाव व कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिनके निराकरण के लिए गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत अपने प्रवासी कामगारों की समस्याओं के समाधान के लिये संबंधित देशों से रणनीतिक तरीकों से रास्ता निकालना चाहिए। निस्संदेह, भारत सरकार को प्रवासी कामगारों की समस्याओं के समाधान के लिये हमारे दूतावासों के जरिये विशेष कदम उठाने चाहिए। दरअसल, खाड़ी सहयोग परिषद के राज्यों में जहां बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी कार्यरत हैं, उनके अधिकारों का उल्लंघन जारी है। खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय कामगारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेष तौर पर अर्द्ध-कुशल श्रमिकों और अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के कई तरह के संकटों को बढ़ा दिया था। बड़ी संख्या में उनकी नौकरियां खत्म हुई, वेतन नहीं मिला। सामाजिक सुरक्षा के अभाव में कई लोगों को कर्ज में डूबना पड़ा। जिसके चलते बड़ी संख्या में ये कामगार स्वदेश लौटे। अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों की तरफ भारतीय छात्रों के बढ़ते रुझान की ओर भी आईओएम की अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट इशारा कर रही हैं। बहरहाल, प्रवासन के बदलते परिदृश्य में प्रवासी भारतीयों के अधिकारों व हितों की रक्षा के लिये ठोस प्रयासों की जरूरत है। किसी भी तरह श्रमिकों का शोषण न हो और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को संबोधित करने की जरूरत है।

## 75 सीटों पर हो गया है दिलचस्प सीन

(नरेन्द्र नाथ)

आम चुनाव अब अपने सेकंड हाफ में पहुंच गया है। ऐसे में अब सियासत बस चुनाव प्रचार तक सीमित नहीं रह गई है। तमाम राजनीतिक दल 4 जून की संभावित सियासी तस्वीर को समझने और स्र्द्गष्श्नस्र्द्ग करने में जुट गए हैं। हालांकि पक्ष-विपक्ष, दोनों पूरे आत्मविश्वास से यही बताने में लगे हैं कि अभी तक हुई वोटिंग उनके पक्ष में जाती दिख रही है। लेकिन सियासत में कई अनकहे सवालों के बीच ही आने वाले कल के भी संकेत छुपे होते हैं। चार चरणों के चुनाव के बाद जिस एक बात पर सभी सहमत हैं, वह है कि वोटिंग ने सभी का गणित बिगाड़ दिया है। इसके चलते इस बार चुनाव में बूथ मैनेजमेंट सबसे अहम फैक्टर हो गया है। बिना लहर वाले सामान्य चुनाव में वोटिंग ट्रेंड बहुत ही नियमित है। यह भी तय है कि इसमें 2019 के मुकाबले कुछ गिरावट तो होगी ही। चार राउंड के बाद दल यह तय कर रहे हैं कि किसका वोटर कम निकला है। सभी दलों में समीक्षा करने का भी दौर तेज है। हर उस जगह से फीडबैक लिए जा रहे हैं। कई सीटों पर अपेक्षाकृत कम वोट पड़े हैं तो कुछ जगहों पर उम्मीद से अधिक। पूरा सीन तो 4 जून को नतीजे के आने के बाद ही साफ होगा, लेकिन सभी इस बारे में अपने-अपने हिसाब से अर्थ तो निकाल ही रहे हैं। वोटिंग ट्रेंड का नजदीकी आकलन कर रहे समीक्षकों के अनुसार, इस बार बहुत ही अलग बात सामने आ रही है। एक ही संसदीय क्षेत्र में अलग-अलग विधानसभा से लेकर गांव-शहरी क्षेत्रों वाले इलाके में वोटिंग में बड़ा अंतर देखा जा रहा है। स्वाभाविक ही, इसका राजनीतिक संदेश बदल जा रहा है। कुछ इलाकों में बीजेपी ने माना कि उसके मजबूत इलाकों में अधिक वोटिंग हुई, तो कहीं इसका उलटा होने का भी दावा किया गया है। ऐसे ही दावे विपक्षी दलों की ओर से किए जा रहे हैं। जाहिर है वोटिंग ट्रेंड ने आम चुनाव की जंग कांटे की बना दी है। जानकारों के अनुसार, नजदीकी मुकाबले में जो राजनीतिक दल अपने-अपने वोटरों को बूथ तक भेजने में सफल होगा, वह अधिक लाभ में रहेगा। खासकर ऐसे मुकाबले में, जहां पिछले दो चुनावों से जीत-हार का अंतर मामूली रहा है। 2019 के आम चुनाव में लगभग 75 ऐसी लोकसभा सीटें थीं, जहां टक्कर एकदम कांटे की थी। इन सीटों पर जीत-हार का अंतर 20 हजार से भी कम वोटों का था। कम वोटिंग होने से ऐसी सीटों पर बहुत असर पड़ेगा और परिणाम किसी भी तरफ झुक सकता है। आमतौर पर अधिक वोटिंग होने से ऐसा संदेश जाता है कि यह परिवर्तन के लिए उमड़ी भीड़ है जबकि वोटिंग में उदासीनता बताती है कि वोटरों में इसके प्रति उत्साह नहीं, जिसे सत्ता पक्ष अपने लिए उम्मीद के रूप में देखता है। हाल के दिनों में तमाम दूसरे चुनावों को देखें तो हर चुनाव में वोटिंग में औसतन सात से दस फीसदी की वृद्धि होती रही है। ऐसे में इन दोनों ट्रेंड के बीच भी कई बार उलटे परिणाम देखने को मिले। इस बार कई राज्यों में वोटिंग 2014 के मुकाबले या तो कम हुई या लगभग उसी अनुरूप हुई। यही कारण है कि पिछले कुछ दिनों से सभी राजनीतिक दलों ने वोटिंग के बाद अपनी रणनीतिक मीटिंग की और ग्राउंड से फीडबैक लिया। अब वोटिंग मूल रूप से हिंदी भाषी क्षेत्रों और शहरी इलाकों में होगी। यहां पहले ही बाकी जगहों के मुकाबले कम वोट डालने का ट्रेंड रहा है। ऊपर से मौसम विभाग की भविष्यवाणी है कि अगले कुछ दिनों में गरमी बढ़ने वाली है। एक ओर कम वोटिंग पर लोग चिंता जाहिर कर रहे हैं, तो दूसरी ओर एक बार फिर से महिला वोटरों ने अपना दमखम दिखाया है। पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्यों में तो पुरुष वोटरों के मुकाबले महिलाओं ने छह से सात फीसदी तक अधिक वोट डाला है। हाल के वर्षों में यह फैक्टर चुनाव परिणाम के लिए टर्निंग पॉइंट बन गया है। अधिकतर चुनावों में इसका लाभ भाजपा को मिला भी है। इसकी वजह पिछले कुछ सालों में भाजपा सरकार की ओर से शुरू की गई कई कल्याणकारी योजनाएं हैं।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5373

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 3 | | | 1 | |
| 1 | 3 | 9 | | 8 | 2 | | 6 | |
| 6 | | | | | | | 8 | |
| 7 | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 9 | | 6 |
| | 8 | | | | | | | 5 |
| | 5 | | 1 | 4 | | 2 | 9 | 7 |
| | 1 | | | 9 | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5372

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 | 7 |

### वर्ग पहेली 5373



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 26 जनू 2000 को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेअ काउंसिल द्वारा इस देश को टेस्ट का दर्जा दिया गया (4)
4. बसा हुआ, बस्तीवाला, संपन्न (3)
6. किसी का नाम किसी बात आदि के लिए निश्चित करने की क्रिया या भाव (5)
8. वर्षा के जल को यह कहते है (2)
10. कलम से लिखा हुआ, कलम काटकर लगाया हुआ (3)
12. रिक्त स्थान की पूर्ति करना (3)
13. महिला, स्त्री, नारी (3)
15. नमूने के तौर पर बनाया हुआ, खुरदरा (2)
16. आश्चर्य से भरा हुआ, विस्मय (4)
17. फौज में रहने वाला, फौज का (2)
18. स्याही को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
20. पुराणानुसार ऋक्ष पर्वत से निकलकर गंगा नदी में मिलने वाली एक टौंस नाम की एक नदी (2)
23. यह लेबनान की राजधानी है जो प्रमुख बंदरगाह भी है (2)
24. मवेशी, पशु, ढोर (4)

**ऊपर से नीचे**
1. आलिंगन करना, गले लगाना (6)
2. प्रदान करना, प्रदत्त करना, सौंपना (2)
3. शमन करने वाला, शांत करने वाला (3)
4. बीआर चोपडा की फिल्म जिसमें धमेंद्र, फिरोज खान, सायरा बानो आदि की भूमिकाऐं थीं (8)
5. राजद्रोही, बगावत करने वाला (2)
7. पंचतत्वों में से एक, वारि, आब (2)
9. अक्षर, वर्ण (3)
11. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
14. प्रक्षालनकर्मी, प्रक्षालक (3)
16. जिसे जीता ना जा सके (3)
19. कला आदि सिखलाने वाला व्यक्ति, दीर्घ मात्रा, नव ग्रहों में से एक (2)
22. मयूर, हमारा राष्ट्रीय पक्षी (2)

### वर्ग पहेली 5372 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | मि | त्रा | नं | द | न | पं | त |
| न | ■ | स | ब | ल | ■ | जा | ल |
| य | म | ■ | र | प | ट | ■ | ब |
| ना | न | क | ■ | ति | ■ | आ | गा |
| ■ | वां | ■ | श | ■ | स | म | र |
| ■ | छि | त | रा | ना | ■ | द | ■ |
| सा | त | ■ | फ | ल | ■ | र | स |
| थी | ■ | हु | त | ■ | द | फ्त | र |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन शुभ है और आज ग्रहों के शुभ योग से आपको जबर्दस्त लाभ होगा। आपकी कारोबार से जुड़ी सभी योजनाएं सफल होंगी और आपके लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं। आज आपको हर मामले में दोस्तों का सहयोग प्राप्त होगा। आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। आज किसी कारण से आपको निराशाजनक समाचार मिल सकता है।

### वृष
आज आर्थिक लाभ होगा और आज का दिन सुख शांति से बीतेगा। आज ऑफिस में राजनीति से दूर रहें तो आपको सफलता मिलेगी। शासन और सत्ता के गठजोड़ से आपको लाभ होगा। नए अनुबंधों के मिलने से आपके पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात में कुछ अनचाहे लोगों से आपको मिलना पड़ सकता है। अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

### कर्क
आज विरोधी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के अवसर आपको प्राप्त होंगे और आपको खुशी होगी। आपके लिए भाग्य में वृद्धि के योग हैं।

### सिंह
आज आपको पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग आपको भरपूर मिलेगा। शाम के वक्त किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात आपको प्रिय अतिथियों के आने से लाभ होगा और मन प्रसन्न होगा। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

### मिथुन
आज का दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आज आपको दूसरों के लिए काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। शनि की अशुभ दशा की वजह से आज आपका किसी से झगड़ा हो सकता है। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि हो सकती है।

### कन्या
आज जरूरी काम में बीतेगा और आज किसी काम में आ रही बाधा दूर होगी। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त होगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें वरना संबंध बिगड़ सकते हैं।धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है।

### तुला
आज भाग्य साथ दे रहा है और आज आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत मिल रहे हैं। आपकी मान मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और किस्मत का साथ मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदायक रहेगी। शाम से लेकर रात तक कोई जरूरी काम करना पड़ सकता है। उसमें आप काफी बिजी रहेंगे।

### वृश्चिक
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके लिए भाग्य में वृद्धि के योग हैं। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयास सफल होंगे। संतान पक्ष से भी संतोषजनक और सुखद समाचार मिलेगा। आज दोपहर के बाद कानूनी विवाद या मुकदमे में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ खर्च और कीर्ति की वृद्धि होगी।

### मकर
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपके सभी प्रयास सफल होंगे। आपके आसपास काम का का माहौल काफी अच्छा होगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। आज आपको पर्याप्त मात्रा में रुका धन हाथ आ जाने का सुख मिलेगा।

### कुंभ
आज का दिन लाभ से भरा होगा। आज शाम के वक्त डॉक्टर के पास दौड़ना पड़ सकता है। आज का दिन बीमारियों की जांच करने में बीतेगा। आपको आज कहीं किसी की मदद करने भी जाना पड़ सकता है। आज आपको अपने खानपान का ध्यान रखना चाहिए। आपको अपने घर में कुछ जरूरी खर्च करना पड़ सकता है।

### धनु
आज लाभ का दिन है और आपको किसी मूल्यवान वस्तु को पाने का मौका मिल सकता है। संतान की शिक्षा और प्रतियोगिता के मामले में आपको आशातीत सफलता प्राप्त होगी और शाम के वक्त अचानक धन लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। शाम में कोई रुका कार्य पूरा होगा। रात में कोई जरूरी कार्य पूरा करना पड़ सकता है। आपको सौभाग्य प्राप्त होगा।

### मीन
आज ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता से आपको सम्मान मिलेगा और आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। भागदौड़ आपको अधिक करनी पड़ सकती है। आज किसी बीमारी से आपको जूझना पड़ेगा। शत्रु आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**गिरडीह/बेंगाबाद, एजेंसी।** मधवाडीह पंचायत के जमबाद गांव में एक किराना दुकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने गुरूवार की रात बीस हज़ार रुपये नगदी सहित दस हजार रुपये मूल्य की संपत्ति चुरा कर ले गया। इस सिलसिले में दूकान संचालक आसीफ खान ने बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर पुलिस को इस घटना की सूचना दे दिया है। बताया जाता है, कि गर्मी से राहत के लिए रात को दूकान बंद कर लोग छत पर सोया हुआ था। मौके का फायदा उठाकर बदमाशों ने दूकान का ताला तोड दिया। गल्ला में रखे बीस हज़ार नगदी, पैट्रोल से भरा प्लास्टिक का जार के अलावे कई अन्य समानों को चुरा लिया। छत के नीचे दूकान में आहट सुनने के बाद दूकानदार की नींद खुल गई। छत से उसने टार्च जलाकर देखा। बदमाशों की इसकी भनक मिलते ही वहां से भाग निकलने में सफल रहा। दूकानदार द्वारा शोर मचाने पर गांव के लोग भी वहां जमा हो गए। इस बीच चोरी की घटना को अंजाम देकर बदमाश भाग निकलने में सफल रहा। सूचना मिलने पर स्थानीय मुखिया मो सद्दीक अंसारी सुबह को घटनास्थल पर पहुंचा, दूकान से चोरी गए समानों के बारे जानकारी लिया। मुखिया ने इस घटना पर चिंता व्यक्त किया है, और पुलिस से इस मामले मे आवश्यक कार्रवाई करने की मांग किया है।

### जयप्रकाश नगर समेत कई क्षेत्रों को मिलेगी अच्छी बिजली

**धनबाद, एजेंसी।** शहर की हाउसिंग कॉलोनी सब स्टेशन से पॉलीटेक्निक सब स्टेशन जोड़ दिया जाएगा। कनेक्शन जुड़ जाने से बिशनपुर, बाबूडीह, जयप्रकाश नगर, नाला, पांडरपाला, पॉलीटेक्निक रोड, वीआईपी कॉलोनी सहित आसपास क्षेत्र में रह रहे लोगों को इसका लाभ मिलेगा। विभागीय अधिकारी का कहना है कि गेल कंपनी ने ऑक्सीजन पाइप बिछाने क्रम में जयप्रकाश नगर से लेकर पॉलीटेक्निक सब स्टेशन तक कई जगहों पर लीकेज कर दिया है। हालांकि इसकी रिपेयरिंग विभाग की ओर की गई है, लेकिन जैसे ही लोड बढ़ने या फिर घटने पर लाइन तुरंत ट्रीप कर जाती है। इससे क्षेत्र में बिजली संकट गहरा जा रहा है। विभागीय अधिकारी का कहना है कि हाउसिंग कॉलोनी सब स्टेशन से पॉलीटेक्निक सब स्टेशन जुड़ जाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। एक जगह पर लाइन खराब होने पर दूसरी ओर से बिजली आपूर्ति की जाएगी। अभी स्थिति यह है कि जयप्रकाश नगर के आधे क्षेत्र में पॉलीटेक्निक सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति की जा रही और आधे क्षेत्र में हाउसिंग कॉलोनी सब स्टेशन से। पॉलीटेक्निक सब स्टेशन का लाइन अक्सर खराब हो जाती है।

### राष्ट्रहित वाले के पक्ष में वोट करने व अधिकाधिक कराने की अपील

**देवघर, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ग्रामीण इलाकों में घर–घर पहुंच कर मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला स्थित सारवां प्रखंड के सारवां व पहरिया पंचायत के विभिन्न गांवों में संघ की ओर से मतदाता जागरुकताअभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व नेत्र रोग विशेषज्ञ सह संघ के पदाधिकारी डॉ.एनडी मिश्रा ने किया। मौके पर संघ के पदाधिकारी ने आगामी लोकसभा चुनाव में राष्ट्रहित की बात करने वाले प्रत्याशी व पार्टी को वोट देने एवं दिलाने की अपील की। इस दौरान संघ के मूल सिद्धांत की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रत्येक स्वयंसेवक अपने जीवन में सामाजिक समरसता, कुटूंब भाव, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, स्वदेशी का आग्रह और नागरिक कर्तव्य बोध का पालन के पांच तत्वों को अपने जीवन में धारण करता है। हम सब राष्ट्र सुरक्षा व राष्ट्र हित की बात करने वाले के साथ हैं। संघ का मूल उद्देश्य भारत को सशक्त राष्ट्र बनाना है। फिलहाल आपसी मतभेद को छोड़कर मूल उद्देश्य पर काम करें। ताकि आने वाले समय में राष्ट्र सशक्त और सनातन बने और भारत विरोधी शक्तियों को कमजोर करने में परेशानी नहीं हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम और विकसित भारत के संकल्प को देखने और पूरा करने का समय है। हम सब एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ.निशिकांत दुबे और गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के विकास कार्य को देखते हुए मतदान करने और अधिक से अधिक मतदान कराने की दिशा में काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर डॉ.एनडी मिश्रा, सुधीर सिंह, दिलीप पांडेय, पंकज सिंह, सत्यनारायण पोद्दार, जयप्रकाश सिंह, जेपी वर्मा, सुशील कुमार झा, मंगना रावत, मुकेश झा, प्रकाश वर्मा, वासुदेव पंडित, रंजन सिंह, रजनीकांत, निरंजन मंडल, नारायण पंडित एवं अन्य उपस्थित थे।

### जामताड़ा समेत कई जिलों में तापमान 3 से 4 डिग्री तक बढ़ने की संभावना

**रांची, एजेंसी।** झारखंड एक बार फिर भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग ने 18 मई से लेकर 20 मई तक हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक, अगले तीन दिन तापमान में 3 से 4 डिग्री के बढ़ोतरी की संभावना है। जिन जिलों में हीट वेव का अलर्ट है उनमें उनमें देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज के जिले शामिल है।वहीं, 19 मई को राज्य में गढ़वा, पलामू, चतरा, देवघर और गिरिडीह में हीट वेव को लेकर सतर्क रहने की अपील की गई है। हालांकि, प्रदेश के कुछ हिस्सों में आज आंशिक बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग ने आज अधिकतम तापमान 37 डिग्री के आसपास रहने की संभावना जाहिर की है। जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के आसपास हो सकता है।

# लगातार बढ़ रहे हैं लू के मरीज




**खूंटी, एजेंसी।** जिले में गर्मी के मौसम में जलवायु परिवर्तन से प्रतिदिन तापमान में वृद्धि हो रही हैं। इसके कारण लोगों के स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव देखा जा रहा हैं। गर्म हवा चलने से लोग लू की चपेट में आ रहे हैं। शहर के सदर अस्पताल में लू से पीड़ित मरीज प्रतिदिन इलाज के लिए सैंकड़ों की संख्या में पहुंच रहे हैं। गुरुवार को अस्पताल में हीट स्ट्रॉक के संभावित मरीज-10, बुखार-32, सर्दी-खांसी-7, लूजमोसन-19 थे।

**बचाव के विभागीय निर्देश :** राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के आलोक में गर्मी से होनेवाली बीमारियों की निगरानी के लिए कई महत्वपूर्ण 16 दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिसमें सभी अस्पतालों में गर्मी प्रारंभ होने से पूर्व गर्मी से प्रभावित मरीजों से निपटने की विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा गया था। अस्तपालों में चिकित्सक, पारा मेडिकल स्टाफ को उन्मुखी किया जाना था। प्रोटोकॉल का पालन, अस्पताल में डेडीकेटेड बेड, 5 वर्ष से कम आयुवर्ग वाले बच्चे, गर्भवती महिला, वरिष्ठ नागरिक के लिए आउट रीच क्लीनिक व्यवस्था, मरीजों के लू के लक्षण की जांच, पर्याप्त मात्रा में इंट्रा वेनस पल्यूड, ओआरएस पैकेट, बुखार की दवा, 104 सेवा केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जागरुकता अभियान, पीआईपी जिला में बचने के लिए आईपैक, कोल्ड, वाटर, फैन, एयर कूलर, ओआरएस पैकेट, एंटी ड्रग एवं अन्य दवाएं, लोगों को नशीले पदार्थ शराब, उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य, पदार्थ और कार्बोनेटेड शीतल पेय के सेवन से बचना, गर्म हवाओं कि स्थिति जानने के रेडियो, टीवी, पर मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी, हल्के ढीले-ढाले सूती वस्त्र पहनना, धूप मे चश्मा, छाता, टोपी, एवं जूता पहन कर घर से निकलना, चक्कर आने, मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करना, शीतल पेय जल फल का रस, लस्सी, मट्ठा आदि का सेवन, उल्टी, सिर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्र में जाकर सलाह प्राप्त किया जाना, यात्रा के समय पानी का बोतल अवश्य रखने का निर्देश दिया गया है।

दिशा निर्देश के आलोक में शहरी क्षेत्र में यूपीएचसी हीट कॉर्नर है। जिले सदर एवं रेफरल अस्पताल, तोरपा में हिट कॉर्नर की व्यवस्था की गई हैं। जिले के प्रखंड स्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी हैं। इन अस्पतालों में ठंडा पानी, आईस पैक, ओआरएस पैक, फंखा एवं एसी लगाया गया हैं।

जिला अस्पताल, रेफरल अस्पताल तोरपा, प्रखंड के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अलग से इमरजेंसी हेतु बेड की व्यवस्था की गई हैं। मरीज को तुरंत एडमिट कर उपचार करने के लिए प्रत्येक अस्पतालों में पांच-पांच बेड की सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं। जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या में वृद्धि की जाएगी।

जिले के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने लू से बचाव के संबंध में बताया कि सतर्क ही सही बचाव हैं। सुगर, ब्लेड प्रेशर, आदि रोगियों को लू से बचने के लिए कहा। अधिक उम्र के लोगों को बीच-बीच में डॉक्टरों से स्वास्थ्य जांच कराते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्मी की शुरुआत में ही प्रचार-प्रसार किया गया। पूर्व में ही तापमान में वृद्धि की सूचना मिली थी। उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि घर से धूप में निकलने से पहले शरीर को ढंककर निकलना और माथे पर पगड़ी रखना जरूरी है। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की भी सलाह दी है। उन्होंने कहा कि मरीजों को दवाएं, ओआरएस निःशुल्क दिया जाता है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 100 मरीजों को हिट वेब की गंभीर अटैक से बचाया जा चुका है।

## आलमगीर आलम की गिरफ्तारी से बैकफुट पर कांग्रेस, संताल की सियासत में भी असर पड़ने के आसार

**रांची, एजेंसी।** आलमगीर आलम संताल परगना के बड़े अल्पसंख्यक चेहरा हैं। झारखंड सरकार में भी इनकी हैसियत नंबर दो की थी। चुनाव के दौरान इनकी गिरफ्तारी राज्य के सियासी हलके में भी चर्चा का विषय बनी हुई है। संताल की सियासत में भी आलमगीर की गिरफ्तारी का असर पड़ने के आसार हैं।

**एक बड़े नुकसान का डर :** जानकारों की मानें तो एक तरफ आलमगीर की गिरफ्तारी से अल्पसंख्यकों में सहानुभूति की लहर पैदा हो सकती है और इसका फायदा इंडिया गठबंधन को मिल सकता है। दूसरी तरफ लोगों का मानना है कि आलमगीर के करीबी के यहां से करोड़ों की कैश बरामदगी के कारण दांव उलटा पड़ सकता है। इससे बड़ा नुकसान हो सकता है।

**कांग्रेस ने बनाई दूरी :** दूसरी ओर, कैश बरामदगी के बाद से ही कांग्रेस ने आलमगीर आलम से दूरी बना ली थी। झारखंड में राहुल गांधी की चुनावी सभाओं में आलमगीर आलम को नहीं बुलाया जाना इसका प्रमाण है। पिछली बार हुई सभा में आलमगीर आलम मौजूद नहीं थे।

**बैकफुट पर कांग्रेस :** आलमगीर झारखंड के सर्वाधिक मुस्लिम मतदाता बहुल पाकुड़ से विधायक हैं। कैश कांड के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा के स्टार प्रचारक आलमगीर पर बोल रहे हैं। संताल के तीन लोक सभा क्षेत्र दुमका, गोड्डा और राजमहल में अंतिम चरण यानी एक जून को मतदान होना है। मतदान के एक पखवाड़ा पहले आलमगीर की ईडी द्वारा गिरफ्तारी का असर तीनों सीटों पर भी अवश्य पड़ेगा। बहरहाल देखना यह है कि संताल के मतदाता इसे किस रूप में लेते हैं यह परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा। इतना तो स्पष्ट है कि आलमगीर की गिरफ्तारी से कांग्रेस बैकफुट पर है।

**इस्लामपुर स्थित मंत्री के आवास पर पसरा सन्नाटा :** सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को कैश कांड में ईडी के द्वारा बुधवार की शाम को गिरफ्तार कर लेने के बाद यहां इस्लामपुर स्थित उनके पैतृक आवास पर सन्नाटा पसरा है। मकान का मेन गेट बंद है। अंदर कैंपस में सुरक्षा गार्ड वगैरह नजर नहीं आ रहा है। रात करीब 8.40 बजे उनके आवास पर पहुंचने पर कोई चहल-पहल नहीं दिखी। कैम्पस में गार्ड या कोई कर्मी तक दिखाई नहीं पड़े। कैम्पस में बिजली की रोशनी से खिड़की व कमरों का दरवाजा बंद दिख रहा था। आसपास रहने वाले कुछ ग्रामीणों ने बताया कि मंत्री के परिवार के अभी रांची में हैं।

## शादी का दबाव डाल रही थी निशा, नोकझोंक में विशाल ने गला रेता

**धनबाद/बरवाअड्डा, एजेंसी।** बरवाअड्डा थाना अंतर्गत कुल बेड़ा पंचायत के पोलैयडीह गांव में हुई निशा महतो की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस जांच में स्पष्ट हो गया है कि विशाल रजवार ने ही निशा की गर्दन रेत दी थी। दोनों उस दिन जिंदगी को अलविदा कहने की ठान कर वहां पहुंचे थे। दरअसल दोनों के बीच गहरा प्रेम प्रसंग था। निशा के घरवाले उसकी शादी कहीं और करना चाहते थे, इसलिए निशा विशाल पर शादी का दबाव डाल रही थी। एक-दूसरे से बिछड़ने के गम में दोनों के बीच ऐसी गुत्थम-गुत्थी हुई कि विशाल ने निशा की जान ले ली। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू को बरामद कर लिया है।

हत्याकांड के आरोपी विशाल रजवार को इंस्पेक्टर सरस्वती मिंज व थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में परत दर परत नए-नए खुलासे हुए। विशाल ने बताया कि वह बार-बार निशा को समझा रहा था कि फिलहाल दोनों पढ़ रहे हैं। पढ़ाई पूरी होने पर वह शादी करेगा, लेकिन निशा हर हाल में शादी की जिद पर अड़ी थी। पांच दिनों से दोनों के बीच इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर विवाद चल रहा था। घटना के दिन दोनों वहां छिप कर मिलने पहुंचे थे। निशा अपने बैग में दो चाकू लेकर पहुंची थी जबकि विशाल सब्जी काटने वाला चाकू कमर में खोंस कर वहां गया था। खेत में बातचीत के दौरान निशा ने पहले अपनी कलाई पर चाकू चला दिया, जिससे उसका हाथ हल्का सा कट गया। निशा के हाथ से ब्लेड छीन कर विशाल ने भी अपनी कलाई काट ली। इसके बाद निशा ने विशाल की कमर से चाकू निकाल कर अपनी गर्दन पर फेर दिया, हालांकि इसे जख्म ज्यादा नहीं बने थे। जब निशा तड़पने लगी तो प्रेमी ने चाकू से पूरी गहराई से उसका गर्दन रेत दिया। इसके बाद विशाल ने निशा का चप्पल और बैग फेंक कर भट्ठे की तरफ कूद गया। प्रेमिका की मौत के गम में उसने भी अपनी गर्दन पर चाकू चलाया, लेकिन वह बच गया। लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे।

## बूढ़ा परास गांव का डैम जर्जर, नहर भी टूटा, सिंचाई में परेशानी



**रांची, एजेंसी।** रंका प्रखंड अंतर्गत बूढ़ा परास गांव का डैम जर्जर हो गया है। उक्त डैम को वर्षों पहले सिंचाई के लिए मिशनरी संस्था ने बनवाया था। उसके बाद वन विभाग की ओर से नहर बनवाया गया, लेकिन वह भी क्षतिग्रस्त हो गया है। नहर क्षतिग्रस्त होने से पांच गांवों के ग्रामीणों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि डैम और नहर को अगर दुरुस्त कर दिया जाए तो ग्रामीणों के खेतों के लिए सिंचाई की सुविधा मिल जाएगी।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सिंचाई की सुविधा नहीं होने से लोग पलायन कर रहे हैं। सिंचाई की सुविधा मिल जाए तो पलायन रूकेगा। लोगों को खेतों में ही काम मिल जाएगा। डैम निर्माण के दौरान मजदूरी करने वाले किसान रामधनी उरांव बताते हैं कि उस समय गांव में बेरोजगारी और गरीबी थी। डैम बनाने के बाद लोगों के खेतों में सिंचाई के लिए पानी मिलने लगा। उससे लोग खेती बारी करने लगे। नियमित देखरख नहीं होने से बांध कमजोर हो गया। बरसात के समय में डैम कमजोर होने से टूट गया था। उसका पानी बेकार बह गया। बाद में उसे गांव के लोगों ने ही दुरुस्त कराया। उन्होंने कहा कि डैम का गहरीकरण और मजबूतीकरण होने से गांव के लोगों को लाभ मिलेगा। डैम के पानी से बूढ़ा पारस के अलावा विश्रामपुर, पिपरा दादर, बरवाही के अलावा अन्य गांव में सिंचाई का लाभ मिलता था। नहर से सिंचाई में आसानी होती थी। नहर टूट गया। अब डैम का पानी बेकार बह जाता है।

गांव के जगदीश उरांव ने बताया कि डैम में हमेशा पानी रहता है। उसके पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। महिला किसान पुष्प धारणी केरकेट्टा ने बताया कि बहुत पुराना डैम है। पानी कभी नहीं सूखता है। डैम क्षतिग्रस्त हो गया है। गांव के लोगों ने परिश्रम कर बांध का पानी रोकने के लिए मरम्मत की। नहर भी टूट चुका है। अगर डैम को दुरुस्त कर नहर की सुविधा दी जाए तो क्षेत्र में अच्छी खेती होगी। महिला किसान सोमरिया देवी ने बताया के डैम और नहर ठीक होने से पांच गांवों के 200 एकड़ से अधिक हिस्से में सिंचाई होगी। पूर्व प्रमुख हेमंत लकड़ा ने बताया कि नहर की मरम्मत के लिए जन प्रतिनिधि से लेकर दफ्तरों में आवेदन दिया गया पर उसे ठीक नहीं किया गया। डैम के पुनरुद्धार से खेतों में पटवन की सुविधा बढ़ेगी।

## छात्रा को पढ़ने के लिए सरकार देगी 48 हजार रुपए



**गिरडीह/खोरीमहुआ, एजेंसी।** धनवार प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय की एक छात्रा ने राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2023-24 में विशुनपुर ग्राम की श्रुति कुमारी पिता वीरेन्द्र तिवारी ने सफलता प्राप्त की है। झारखण्ड सरकार के इस छात्रवृति योजना के तहत छात्रा को बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई के लिए प्रत्येक महीना एक हजार रुपया की दर में कुल 48 हजार रुपए छात्रवृति दी जाएगी। जिसकी जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण कुमार राय ने दी। साथ ही बताया कि विद्यालय छात्र-छात्राओं के हित को ध्यान में रखकर कार्य करता है। कहा कि शिक्षा के साथ सभी छात्र-छात्राओं को सरकारी लाभ दिलाने को लेकर तैयारी की जाती है। जिसमें छात्र श्रुति कुमारी को लाभ मिलने से परिवार के लोग काफी खुश हैं। कहा कि छात्र श्रुति को देख विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं में भी उत्साह है। वहीं विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा कर्मियों ने छात्रा को बधाई दी है।

## एसएनएमएमसीएच के ऑक्सीजन प्लांट ठप, सिंलेडर से आपूर्ति



**धनबाद, एजेंसी।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) का पीएसए ऑक्सीजन प्लांट गुरुवार को पूरी तरह से ठप हो गया। अस्पताल में तीन ऑक्सीजन प्लांट लगे हैं। दो पीएम केयर और एक डीएमएफटी फंड से, लेकिन मेंटेनेंस के अभाव में तीनों ठप हो गए हैं। इसे देखते हुए अस्पताल प्रबंधन पुरानी व्यवस्था पर लौट आया है। कंसंट्रेटर ऑक्सीजन, सिलेंडर ऑक्सीजन से वार्ड में भर्ती मरीजों का इलाज किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मेंटेनेंस करने को लेकर एजेंसी को लिखा गया है। सोमवार तक दिल्ली की टीम पहुंच कर समस्या को दूर कर प्लांट को चालू किया जाएगा।

### ऑक्सीजन प्लांट ठप होने से अटकीं सांसें

ऑक्सीजन प्लांट ठप होने से अस्पताल में अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। कैथलैब, सर्जिकल आईसीयू सहित अन्य वार्डों में भर्ती मरीजों की परेशानी बढ़ गई। आनन-फानन में प्रबंधन पुरानी व्यवस्था पर लौटा और वेंटिलेटर, सर्जिकल आईसीयू सहित अन्य जगहों पर भर्ती मरीजों को सिलेंडर से ऑक्सीजन देनी शुरू की।

अस्पताल कर्मियों का कहना है कि जब से ऑक्सीजन प्लांट लगा है, एक बार भी मेंटेनेंस नहीं हुआ।इससे यह समस्या उत्पन्न हुई। पीएसए प्लांट दो पीएम केयर और एक डीएमएफटी से फंड से लगाया गया। इसमें दो एक-एक साल और एक तीन साल में मेंटेनेस करना है। तीन साल वाले प्लांट का मेंटेनेंस के समय में तीन महीने शेष हैं। जो एक-एक साल का प्लांट था, उसका मेंटेनेंस का समय खत्म हो गया। बता दें शनिवार को ही प्लांट से आपूर्ति की क्षमता कम हो गई थी। इसके बाद भी प्रबंधन नहीं ध्यान दिया जो गुरुवार को पूरी तरह से ठप हो गया। प्रबंधन का कहना है कि अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर पर्याप्त है। घबराने की जरूरत नहीं है। कुछ दिन में पीएसए प्लांट भी चालू हो जाएगा।

# डीजीपी ने की बैठक : कोलकाता की तर्ज पर रांची में ट्रैफिक जिला बनाने का प्रस्ताव




**रांची, एजेंसी।** हाईकोर्ट की फटकार के बाद रांची की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने को लेकर पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने आला अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में रांची की ट्रैफिक व्यवस्था कैसे दुरुस्त होगी, इसपर चर्चा की गई। कोलकाता महानगर की तर्ज पर रांची में ट्रैफिक जिला बनाने का प्रस्ताव है, इस पर भी समीक्षा की गई। साथ ही कोलकाता सहित कुछ अन्य शहर जहां की ट्रैफिक व्यवस्था अनुकरणीय है, वहां एक कमेटी को भेजने का निर्णय लिया गया।

ताकि उन शहरों में कैसे ट्रैफिक मैनेजमेंट होता है, उसी की तर्ज पर रांची में भी ट्रैफिक व्यवस्था बहाल की जा सके और रांची वासियों को जाम से मुक्ति दिलाई जाए। डीजीपी ने बैठक में अधिकारियों से पूछा कि वर्तमान में रांची में ट्रैफिक को संभालने में कितने पुलिस कर्मी उपलब्ध हैं और कितने की आवश्यकता है। फिलहाल, ट्रैफिक संचालन में पुलिसकर्मियों की कमी को देखते हुए होमगार्ड की तैनाती करने का निर्देश डीजीपी ने दिया।

डीजीपी ने निर्देश दिया कि यातायात व्यवस्था के अध्ययन के लिए त्रिस्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा। जो लोकसभा चुनाव के बाद अलग-अलग शहरों में अध्ययन के लिए जाएगी। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय की ओर से कार्रवाई की जा रही है। बैठक में एडीजी (अभियान) संजय आनंद लाटकर, आईजी मनोज कौशिक, आईजी अखिलेश झा सहित एसएसपी रांची चंदन सिन्हा और ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली थे।

राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में कहा कि रांची की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए 600 होमगार्ड जवानों को सड़क पर तैनात करेंगे। इस पर गृह विभाग की हरी झंडी मिल गई है। अभी लोकसभा चुनाव की वजह से होमगार्ड जवानों की तैनाती नहीं कर सकते हैं। 15 जून से नई व्यवस्था रांची शहर में लागू हो जाएगी।

राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और अधिवक्ता गौरव कुमार ने हाईकोर्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रांची शहर में 900 ट्रैफिक पुलिस की जरूरत है, वर्तमान में 350 ट्रैफिक पुलिस रांची शहर के ट्रैफिक व्यवस्था को संभाले हुए हैं। वहीं, सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि इस मामले में लिखित ऑर्डर पास करेंगे।

## डेंगू दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

**गिरडीह/गावां, एजेंसी।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर गावां प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलैयाटांड़ में गुरुवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया। उन्हें रोग के लक्षण के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार ने बताया कि एडिस मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह मच्छर दिन में काटता है और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर, जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द हो तो सतर्क हो जाएं। त्वचा पर लाल धब्बे या चकते का निशान, नाक-मसूढ़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव होना डेंगू के लक्षण है। बताया कि दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। इसके साथ-साथ मच्छर भगाने वाली क्रीम या दवा का प्रयोग दिन में भी करें। पूरे शरीर को ढंकने वाले कपड़े पहनें। घर के सभी कमरों को साफ-सुथरा रखें। टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी, फ्रीज में पानी जमा नहीं होने दें। पानी टंकी और घर के आसपास अन्य जगहों पर भी पानी नहीं जमने दें। जमे हुए पानी पर मिट्टी का तेल डालें। मौके पर विद्यालय के प्राधानाचार्य मोहन यादव समेत कई छात्र छात्राएं व शिक्षक मौजूद थे।



## संक्षिप्त समाचार

### दारुल उलूम देवबंद परिसर में महिलाओं और लड़कियों की एंट्री पर बैन

**सहारनपुर, एजेंसी।** सहारनपुर के इस्लामिक सेमिनरी दारुल उलूम देवबंद महिलाओं और लड़कियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। सेमिनरी के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने कहा कि देश भर से कई लोगों ने सेमिनरी के अंदर शूट किए गए रील्स के बारे में शिकायतें दर्ज कीं और सोशल मीडिया पर वायरल किया। मोहतमिम ने कहा कि इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सेमिनरी परिसर में महिलाओं और लड़कियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मोहतमिम ने कहा कि रशीदिया मस्जिद में पहले से ही महिलाओं और लड़कियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, जिसे अब पूरे परिसर में लागू कर दिया गया है। मोहतमिम ने कहा कि गार्डों को महिलाओं और लड़कियों को प्रतिबंध के बारे में सूचित करने और उन्हें वापस जाने के लिए मनाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि मदरसे में बड़ी संख्या में महिलाएं आती थीं और उनमें से कई वीडियो बनाने में लगी रहती थीं और इसके बाद वे इन रीलों को सोशल मीडिया पर वायरल कर देती थीं। जिससे मदरसे की छवि भी खराब हो रही थी। दारुल उलूम एक स्कूल है और किसी भी स्कूल में इस तरह की हरकतें स्वीकार्य नहीं हैं। इतना ही नहीं दारुल उलूम में शिक्षा का नया सत्र शुरू हो गया है। भीड़भाड़ के कारण छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी. इसकी शिकायत भी कई बार छात्रों द्वारा की जा चुकी है। दारुल उलूम की लाइब्रेरी और अन्य इमारतों की खूबसूरती देखने के लिए महिलाएं अक्सर वहां जाती थीं।

### आजम खान और उनके पत्नी-बेटों समेत 12 लोगों पर आरोप तय, किसानों की जमीन कब्जा का मामला

**लखनऊ , एजेंसी।** जौहर विश्वविद्यालय के लिए किसानों की जमीनों पर जबरन कब्जा करने के पांच और मुकदमों में अदालत ने डिस्चार्ज एप्लीकेशन खारिज करते हुए सपा के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खान और उनके पत्नी-बेटों समेत 12 लोगों पर आरोप तय कर दिए हैं। इनमें आजम के खास सपा विधायक नसीर अहमद खान, रिटायर्ड सीओ आले हसन और तत्कालीन इंस्पेक्टर कुशलवीर के नाम भी शामिल हैं। मुकदमों में अगली सुनवाई अब 23 मई को होगी। 2019 में किसानों ने तत्कालीन जिलाधिकारी आन्जनेय कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र दिया था कि उनकी जमीनों पर आजम खान और उनके लोगों ने जबरन कब्जा कर लिया है, जमीनों को जौहर विवि में मिला लिया है। शिकायत जांच में सही पाए जाने पर किसानों और प्रशासन की ओर से 27 मुकदमे दर्ज किए गए थे, जिनका ट्रायल एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहा है। अदालत में गुरुवार को पांच मुकदमों पर सुनवाई थी। जिसके लिए आजम खां, तजीन फात्मा, अब्दुल्ला आजम आदि अलग-अलग जेलों से वीडियो कांफ्रेसिंग से कनेक्ट हुए, वहीं अन्य आरोपी कोर्ट में पेश हुए।

### देश की जनता पीएम मोदी के साथ : अनुराग ठाकुर

**बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) , एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने कहा है कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम की गूंज है। हर कोई विकास के नाम पर उनके साथ खड़ा है। अपने चुनाव प्रचार अभियान को तेज करते हुए अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के मेहरी काथला, लद्दा, तलवाड़ा सहित 12 पंचायतों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया और जनता से वोट देने की अपील की। इस दौरान अपने संबोधन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चार चरणों में मतदाताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी को अपार समर्थन दिया। हर ओर केवल उन्हीं के नाम की गूंज है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को ग़रीबी रेखा से बाहर लाने में कामयाब रही है। महंगाई पर लगाम लगाया गया और रोजगार के अवसर बढ़ाए गए। अनुराग ठाकुर ने यूपीए सरकार के 60 वर्षों के शासनकाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल की तुलना करते हुए लोगो से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

# कांग्रेस और टीएमसी में इंडि गठबंधन को लेकर छिड़ी रार

**ममता बोलीं- मेरा आइडिया था**



**कोलकाता, एजेंसी।** सत्ता में आने पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को बाहर से समर्थन देने की घोषणा के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यू-टर्न ले लिया है। गुरुवार को ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोधी गठजोड़ का हिस्सा है और आगे भी रहेगी। तमलुक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस के साथ गठबंधन में नहीं है। वहीं पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर हमला बोला है।

### कांग्रेस पर ममता हुईं हमलावर

बनर्जी ने कहा, ''कुछ लोगों ने कल के मेरे बयान को गलत समझा है...अखिल भारतीय स्तर पर, मैं पूरी तरह से इंडिया गठबंधन का हिस्सा हूं। इंडिया गठबंधन का मैंने सुझाव दिया था। हम राष्ट्रीय स्तर पर साथ हैं और आगे भी साथ रहेंगे।'' बनर्जी ने आरोप लगाया कि 'इंडिया' गठबंधन में शामिल माकपा और कांग्रेस दोनों की पश्चिम बंगाल इकाइयां ने हाथ मिला लिया है और राज्य में भाजपा की मदद कर रही हैं।

### भाजपा को लोग खारिज कर देंगे: ममता बनर्जी

उन्होंने रैली में कहा, ''बंगाल में माकपा और कांग्रेस पर भरोसा नहीं करें। वे हमारे साथ नहीं हैं, वे यहां भाजपा के साथ हैं...।'' बनर्जी ने बुधवार को कहा था कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को बाहर से समर्थन देगी। लोकसभा चुनाव में 400 सीटें हासिल करने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर संदेह व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि लोग उन्हें खारिज कर देंगे।

बनर्जी ने कहा, ''पूरा देश जान गया है कि भाजपा चोरों से भरी पार्टी है। हम (तृणमूल) केंद्र में सरकार बनाने के लिए बाहर से इंडिया गठबंधन का समर्थन करेंगे। हम अपना समर्थन देंगे ताकि बंगाल में हमारी माताओं-बहनों को कभी दिक्कत न हो...और 100 दिन रोजगार योजना में काम करने वालों को भी दिक्कत न हो।''

टीएमसी ने पूर्व में कहा था कि वह राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनी रहेगी हालांकि वह पश्चिम बंगाल में अलग लड़ेगी। टीएमसी प्रमुख तमलुक में एक रैली को संबोधित कर रही थीं, जिसके अंतर्गत नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र आता है। बनर्जी 2021 के विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी से हार गई थीं। शुभेंदु ने बनर्जी को 1,956 मतों से हराया था। बनर्जी ने कहा, ''दो मई, 2021 को मतगणना के दिन मतगणना केंद्र पर बिजली की आपूर्ति काटकर भाजपा ने जीत हासिल की थी।'' उन्होंने कहा, ''भाजपा ने जनादेश चुरा लिया। उन्होंने मतगणना केंद्र की बिजली आपूर्ति काट दी। मैं इसके खिलाफ अदालत गई थी। लेकिन अब मैं अपनी हार का बदला लूंगी।''

### कांग्रेस ने ममता पर लगाया प्रतिष्ठा बचाने का आरोप

कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को दावा किया कि टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के पक्ष में बनते माहौल और राष्ट्रीय राजनीति में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए इसका समर्थन कर रही हैं। चौधरी ने बनर्जी को ''अवसरवादी राजनेता'' करार देते हुए कहा कि उन्होंने बदलते राजनीति को भांपकर अपना रुख बदल लिया है। कांग्रेस नेता ने संवाददाताओं से कहा, ''यह स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि 'इंडिया' गठबंधन बढ़त ले रहा है और सरकार बनाने के करीब है। यही कारण है कि एक चतुर और अवसरवादी नेता के रूप में ममता बनर्जी ने पहले ही अपना समर्थन देने का फैसला किया है।''

# पांचवें चरण में लालू, रामविलास की सियासी विरासत पर लगेगी मुहर

**पटना , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में यूं तो बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, लेकिन लोगों की नजर सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रों पर होगी, जहां मतदाता बिहार की राजनीति के दो दिग्गज राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक रहे स्वर्गीय रामविलास पासवान की सियासत की विरासत पर फैसला करेंगे। इस चुनाव में लालू प्रसाद के परिवार की परंपरागत सीट समझे जाने वाले सारण से लालू की विरासत संभालने के लिए विपक्षी दल के महागठबंधन ने उनकी बेटी रोहिणी आचार्य को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं, एनडीए ने हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से लोजपा संस्थापक के पुत्र चिराग पासवान को अपना प्रत्याशी बनाया है। हाजीपुर क्षेत्र रामविलास की कर्मभूमि रही है। इस सीट पर सामाजिक आधार हो या वोट बैंक की राजनीति, देश के मुद्दे हों या राज्य के मुद्दे, मतदाताओं ने अधिकतर मौकों पर रामविलास पासवान को ही समर्थन दिया है। सारण से लालू यादव चार बार चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। सबसे पहले वर्ष 1977 में वह यहां से जीते थे। उसके बाद 1989, 2004 और 2009 में भी लालू प्रसाद ने इस सीट से जीत हासिल की। हालांकि लालू को यहां से हार का भी सामना करना पड़ा है। पहले इस संसदीय सीट का नाम छपरा था। माना जा रहा है कि इस बार लालू की विरासत संभालने के लिए चुनावी मैदान में उतरी रोहिणी आचार्य को यहां से जीताना न केवल लालू के लिए, बल्कि पूरी पार्टी के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न है। हालांकि रोहिणी की राह बहुत आसान नहीं है। उनका मुख्य मुकाबला निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी से है। वह भी इस क्षेत्र से जीत का चौका लगा चुके हैं। हाजीपुर की राजनीति में चार दशकों तक वर्चस्व कायम रखने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस पिछला चुनाव यहां से जीते थे।

# कमला बेनीवाल की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से नहीं होने पर विवाद




**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की पूर्व डिप्टी सीएम कमला बेनीवाल की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से नहीं होने पर विवाद गहरा गया है। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने पूर्व डिप्टी सीएम कमला बेनीवाल की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से नहीं होने पर बीजेपी पर निशाना साधा है। डोटासरा ने कहा कि दिल्ली के इशारे पर ऐसा हुआ है। जबकि प्रशासन का कहना है कि स्वतंत्रता सेनानी की लिस्ट में नाम नहीं है। बता दें पूर्व राज्यपाल और राजस्थान की पूर्व डिप्टी सीएम रहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. कमला बेनीवाल का गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। जयपुर के लालकोठी श्मशान घाट में बेटे आलोक बेनीवाल ने चिता को मुखाग्नि दी। वहीं, राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार नहीं करने कांग्रेस ने बीजेपी को घेरा है।

डोटासरा ने कहा कि सरकार ने राजकीय सम्मान से अंत्येष्टि नहीं करके प्रदेश की जनात का अपमान किया है। सवैधानिक पद रहे व्यक्तियों की अंत्येष्टी पर राजकीय सम्मान प्रदान करने की परंपरा का उल्लंघन किया है। गुजरात के पूर्व राज्यपाल नवलकिशोर शर्मा का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया था। डोटासरा ने कहा कि पूर्व उप राष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत का भी राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया था।डोटासरा ने ट्वीट किया-स्वतंत्रता सेनानी और गुजरात की पूर्व राज्यपाल डॉ. कमला बेनीवाल जी की अंत्येष्टि में उन्हें राजकीय सम्मान नहीं दिया गया।क्या दिल्ली के इशारे पर दिवंगत सेनानी का अपमान किया गया या ये मानवीय भूल हुई है? स्वतंत्रता सेनानी को आखिरी सम्मान न देना क्या उचित है?सरकार जवाब दे। बता दें वर्ष 1942 में भारत को ब्रिटिश साम्राज्य से मुक्त करने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। देश प्रेम के जज्बे को देखकर सब चकित रह गए। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी उन्हें ताम्रपत्र सम्मान से सम्मानित कर चुकी हैं। इस बालिका का नाम कमला था जो कॉलेज की पढाई के बाद सक्रिय राजनीति में आई और देश की प्रतिष्ठित नेता के रूप में जानीकमला बेनीवाल के बेटे आलोक बेनीवाल कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में भले ही शामिल हो गए है।

# उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण में पांच मंत्रियों को बचानी होगी साख



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मोदी सरकार के पांच मंत्रियों को अपनी साख बचानी होगी। इनके भाग्य का फैसला 20 मई को जनता करेगी। इस चरण में मोदी सरकार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, कौशल किशोर, साध्वी निरंजन ज्योति, भानु प्रताप वर्मा और योगी सरकार के मंत्री दिनेश सिंह रायबरेली से कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ताल ठोक रहे हैं।

पांचवे चरण में यूपी में 14 सीटों पर चुनाव होगा। 2019 के चुनाव में सिर्फ रायबरेली को छोड़कर सभी सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। रायबरेली से सोनिया गांधी ने जीत दर्ज की थी।

राजनाथ सिंह लखनऊ से तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस गठबंधन से रविदास मेहरोत्रा और बसपा के सरवर अली चुनावी मैदान में हैं।

अमेठी लोकसभा से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक बार फिर से चुनाव लड़ रही हैं। 2019 में उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को हराया था। उनके खिलाफ गांधी परिवार के खास किशोरीलाल शर्मा ताल ठोक रहे हैं। शर्मा का दावा है कि 40 सालों से वो अमेठी की जनता से जुड़े हैं। उन्होंने राजीव गांधी के साथ भी रैलियों में भाग लिया था। इस सीट पर कांग्रेस के बड़े नेताओं का पूरा फोकस है।

वहीं लखनऊ से सटे मोहनलाल गंज से केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार कौशल किशोर तीसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। उनको सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार आर.के. चौधरी से कड़ी चुनौती मिल सकती है। वहीं बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार मैदान में हैं।

फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा से प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति एक बार फिर से चुनावी रण में हैं। वह 2014 और 2019 में जीत दर्ज कर चुकी हैं। सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से उनको कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। बसपा ने यहां से पिछड़ी जाति के कुर्मी बिरादरी के प्रत्याशी डॉक्टर मनीष सचान को मैदान में उतार कर सपा व भाजपा की धड़कन बढ़ा दी है।

भाजपा ने जालौन सीट से पांच बार के सांसद और वर्तमान में मंत्री भानु प्रताप वर्मा को एक बार फिर से मैदान में उतारा है। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस से नारायण दास अहिरवार मैदान में हैं। अहिरवार बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। वह 2007 से 2011 तक मायावती सरकार में मंत्री थे। 2022 में वह सपा में आ गए थे। वैसे इस सीट पर बसपा का अच्छा खासा प्रभाव माना जाता रहा है। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में यह सीट बसपा के खाते में गई थी। इस बार भानू प्रताप का मुकाबला इन्हीं से माना जा रहा है। इसके अलावा इस चरण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली से ताल ठोक रहे हैं।

# बसपा मुस्लिमों के सहारे अवध और पूर्वांचल में बिगाड़ रही खेल, समझें समीकरण

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी में लोकसभा की अब 41 सीटों पर चुनाव होना शेष बचा है। इनमें अधिकतर सीटें पूर्वांचल और अवध की हैं। पूर्वांचल व अवध की अधिकतर सीटों पर वर्ष 2019 में भाजपा जीती थी। बसपा के हिस्से में छह सीटें आई थीं। इस चुनाव में जौनपुर को छोड़कर बसपा के शेष सांसद पाला बदल कर दूसरे दलों से चुनाव लड़ रहे हैं। अवध व पूर्वांचल की अधिकतर सीटों पर पिछले कुछ चुनावों में मुस्लिमों पर सबसे अधिक दांव लगाने वाली समाजवादी पार्टी ने इस बार रणनीति बदलते हुए पिछड़ों पर दांव लगाया है, तो बसपा ने नौ सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर विपक्षी दलों का समीकरण बिगाड़ने की चाल चली है। यह तो चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चला कि किसने किसका खेल बिगाड़ा और किसकी चाल कायमाब हुई।

बसपा दलितों को अपना कोर वोट बैंक मानती आती है। इसके सहारे अन्य जातियों का साथ पाकर वह चुनाव जीतती आई है, लेकिन पिछले कुछ



चुनावों के परिणामों को देखकर ऐसा लगता है कि उसका कोर वोट उसके साथ पूरी तरह से खड़ा हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार दलित-मुस्लिम और दलित-ब्राह्मण का समीकरण बनाकर उम्मीदवार उतारे हैं। नौ सीटों पर मुस्लिम-दलित व सात सीटों पर ब्राह्मण-दलित का समीकरण बनाते हुए उम्मीदवार दिए हैं। बसपा ने जहां मुस्लिम उम्मीदवार दिए हैं उन सीटों पर जातीय समीकरण की स्थिति समझने की जरूरत है। लखनऊ में सबसे अधिक 23प्रतिशत मुस्लिम, 14प्रतिशत ब्राह्मण व 2.08प्रतिशत दलित मदताता बताए जाते हैं। अंबेडकरनगर में 28प्रतिशत दलित व 15प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं। श्रावस्ती में मुस्लिम 28प्रतिशत व 17प्रतिशत दलित मतदाता हैं। बसपा इसी समीकरण से पिछला चुनाव अंबेडकरनगर व श्रावस्ती में जीत चुकी है। डुमरियागंज मुस्लिम 26प्रतिशत व दलित 19प्रतिशत, संतकबीरनगर मुस्लिम 18प्रतिशत व दलित 28प्रतिशत हैं। आजमगढ़ में दलित 28प्रतिशत व मुस्लिम 15.7, महराजगंज मुस्लिम 12.2प्रतिशत व दलित 22प्रतिशत और गोरखपुर में 19 व मुस्लिम 1.04 प्रतिशत हैं। अब यह देखने वाला होगा कि बसपा ने दलित-मुस्लिम का समीकरण जो बनाया है वह कितना सफल होता। इसके सहारे वह कितने प्रतिशत वोट पाने में कामयाब होती है और उसके उम्मीदवारों के जीत की कितनी संभावना बनती है?

# चार जून को रिटायर हो जाएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ; उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को दावा किया कि नरेंद्र मोदी 4 जून को रिटायर प्रधानमंत्री हो जाएंगे। उद्धव ने पांचवें चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दो दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार महाराष्ट्र दौरे और मुंबई में बैक-टू-बैक रैलियों पर भी सवाल उठाए। उद्धव ने कहा, जब महाराष्ट्र बुरे दौर से गुजर रहा था तो मोदीजी नहीं आए, लेकिन अब वोट मांगने के लिए बार-बार दौरा कर रहे हैं। लेकिन 4 जून के बाद वह पीएम पद से रिटायर हो जायेंगे. एक इंटरव्यू में उद्धव ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी बृहन्मुंबई नगर निगम से धन लूट रही है। उन्होंने कहा, 2012 में बीएमसी 640 करोड़ रुपये के घाटे में थी, लेकिन हमने बहुत प्रयास किए और दो साल पहले तक हम बीएमसी के रिजर्व को 90,000 करोड़ रुपये से अधिक तक ले आए। लेकिन जब पीएम मुंबई आए तो उन्होंने कहा कि एफडी में पैसा रखने से विकास पर ध्यान देने में मदद नहीं मिलेगी, इसलिए उसी क्षण से उन्होंने बीएमसी फंड को ख़त्म करना शुरू कर दिया। इस मुद्दे पर उद्धव ने कहा, अगर बीजेपी निगम चुनाव कराने की इच्छुक है तो मैं उसके साथ सुप्रीम कोर्ट जाने और इसका समाधान ढूंढने की कोशिश करने को तैयार हूं।

# रायपुर में महिला को दिया ऑनलाइन जॉब का लालच, प्रॉफिट दिखाकर लूट लिए 8 लाख रुपए

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक महिला को पार्ट टाइम जॉब का लालच देकर उसके साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों के द्वारा पहले महिला को टास्क पूरा करने के बहाने 200 रुपए भेजे गए, फिर उसे पैसों का लालच दिया गया जिसके बाद महिला से 8 लाख 50 हजार रुपए ठग लिए गए हैं। वही जब महिला ने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने इनकम टैक्स का बहाना बाताकर उनके पैसे नहीं लौटाए। अपने साथ हुई इस घटना में जब महिला को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है, तब उसने इस पूरे मामले की शिकायत रायपुर के टिकरापारा थाना में की है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता पिंकू साहू ने पुलिस को लिखित में शिकायत दी है। शिकायत में उसने बताया कि बीते 5 मई को एक अनजान नंबर से उसके मोबाइल में फोन आया था। जिसमें आरोपियों के द्वारा महिला को एक लिंक भेजा गया और उसे टास्क पूरा करने पर उसके खाते में वर्चुअल पैसे भेजने की बात कही गई।

# जयपुर आने-जाने वाली वंदेभारत समेत 6 ट्रेनें रहेंगी रद्द, 4 आंशिक रद्द

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के जयपुर जंक्शन और गांधीनगर स्टेशन पर चल रहे री डवलपमेंट कार्य व पंजाब में चल रहे किसान आंदोलन के चलते रेल यातायात प्रभावित हो रहा है। इस वजह से सबसे ज्यादा दिक्कत पूर्व में टिकट बुकिंग करवा चुके यात्रियों को हो रही है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार 9 जून को अजमेर-चंडीगढ़-अजमेर वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन, अजमेर-आगरा फोर्ट-अजमेर ट्रेन, जयपुर-रेवाड़ी-जयपुर ट्रेन का संचालन प्रारम्भिक स्टेशन से रद्द रहेगा। इसी प्रकार 8 जून को जम्मूतवी-अजमेर ट्रेन, 9 जून को अजमेर-जम्मूतवी ट्रेन, नई दिल्ली-अजमेर-नई दिल्ली शताब्दी ट्रेन अजमेर से खातीपुरा स्टेशन के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

इसी प्रकार 9 जून को अजमेर-सियालदाह ट्रेन अजमेर से अपने पूर्व निर्धारित समय से 4 घंटे 30 मिनट की देरी से रवाना होगी। जयपुर-हिसार ट्रेन भी जयपुर से 40 मिनट देरी से रवाना होगी। इनके अलावा डिब्रुगढ़-दौराई ट्रेन 8 जून को कानोता स्टेशन पर 30 मिनट व देहरादून-ओखा ट्रेन 9 जून को खातीपुरा स्टेशन पर 30 मिनट ठहराव करेगी।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार 8 जून को बठिण्डा-जयपुर ट्रेन, भुज-बरेली ट्रेन, पोरबंदर-दिल्ली सराय ट्रेन, वाराणसी-साबरमती ट्रेन, जम्मूतवी-बाड़मेर, वाराणसी सिटी-जोधपुर ट्रेन, प्रयागराज-बीकानेर ट्रेन, बीकानेर-प्रयागराज ट्रेन व 9 जून को बाड़मेर-जम्मूतवी ट्रेन, बरेली-न्यूभुज ट्रेन, जोधपुर-वाराणसी सिटी ट्रेन बदले रूट से संचालित होगी।

हैदराबाद-हिसार 1 जून से 3 अगस्त तक, हिसार- हैदराबाद ट्रेन 4 जून से 6 अगस्त तक, श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस ट्रेन 25 मई से 6 अगस्त तक, बान्द्रा टर्मिनस-श्रीगंगानगर ट्रेन 29 मई से 7 अगस्त तक,रामेश्वरम्-फिरोजपुर ट्रेन 4 जून से 6 अगस्त तक, फिरोजपुर-रामेश्वरम् ट्रेन 1



जून से 3 अगस्त तक, जैसलमेर-काठगोदाम ट्रेन 29 मई से 7 अगस्त तक, काठगोदाम-जैसलमेर ट्रेन 28 मई से 6 अगस्त तक, दिल्ली-जोधपुर सुपरफास्ट ट्रेन 29 मई से 7 अगस्त तक व जोधपुर-दिल्ली सुपरफास्ट ट्रेन 29 मई से 7 अगस्त तक बदले रूट से संचालित होगी। पंजाब में चल रहे किसान आंदोलन के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से संचालित ट्रेनों का संचालन लगातार प्रभावित हो रहा है। 17 मई से 19 मई तक भिवानी-धुरी-सिरसा ट्रेन, लुधियाना-भिवानी-लुधियाना ट्रेन, हिसार-लुधियाना ट्रेन, लुधियाना-चूरू-लुधियाना,श्रीगंगानगर-ऋषिकेश समेत कुल 14 ट्रेन प्रारम्भिक स्टेशन से रद्द रहेंगी। इसके अलावा श्रीगंगानगर-अंबाला, बाड़मेर-जम्मू तवी, ऋषिकेश-बाड़मेर समेत 8 ट्रेनें आंशिक रद्द रहेंगी। अजमेर-जम्मूतवी-अजमेर ट्रेन परिवर्तित मार्ग वाया जाखल-धूरी-लुधियाना होकर संचालित होगी। गर्मियों की छुट्टियों के चलते जयपुर से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनें गत माह से ही फुल दौड रही हैं। हालात यह है कि तत्काल कोटे में भी यात्रियों को वेटिंग टिकट ही मिल रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी अमरनाथ व चार धाम यात्रा पर जाने वाले लोगों को हो रही है। ऐनवक्त पर उनका शेड्यूल गडबड हो रहा है।



### आईपीएल 2024

# यह तो एमएस धोनी शो होगा... पूर्व क्रिकेटर ने महामुकाबले से पहले RCB को दे डाली ऐसी चेतावनी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में जगह बनाने की कोशिश कर रही दो दिग्गज टीमों के बीच यह करो या मरो का मुकाबला होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु एक बार फिर से विराट कोहली पर भरोसा करेगी कि वह उन्हें जीत की ओर ले जाए। आधिकारिक कप्तान न होने के बावजूद आरसीबी स्टार अपनी टीम के लीडर हैं।

इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स मौजूदा सीजन में अपनी मजबूत शुरुआत को बरकरार रखने में विफल रहने के बावजूद मुश्किल में फंसी है। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स के पास किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर रहने की मजबूरी नहीं है। शिवम दुबे ने अपनी पावर-हिटिंग क्षमताओं के साथ उन्हें जीत दिलाई है, इस बीच कप्तान नियुक्त होने के बाद रुतुराज गायकवाड़ ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलकर योगदान दिया है। यहां तक कि एमएस धोनी ने भी निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम के लिए योगदान दिया है।

डेथ ओवरों में उनकी छोटी-छोटी पारियां महत्वपूर्ण रही हैं और गायकवाड़ की जगह फील्डर लगाने से उनकी नेतृत्व क्षमता का अच्छा प्रदर्शन हुआ है। सीजन के पहले मैच से पहले CSK ने धोनी की जगह गायकवाड़ को कप्तान बनाया था। हालांकि, मैदान पर धोनी ही कप्तान हैं। वही फैसले लेते हैं। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने कहा कि गत चैंपियन टीम धोनी पर भरोसा कर सकती है, खासकर चिन्नास्वामी स्टेडियम में उनके प्रदर्शन की क्षमता के कारण। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि यह मैच एमएस का शो होगा, क्योंकि सब कुछ इसी के लिए तैयार हो रहा है। मुझे लगता है कि यह ऐसा ही होगा, क्योंकि उन्हें चिन्नास्वामी स्टेडियम बहुत पसंद है।

## संक्षिप्त समाचार

### टी-20 वर्ल्ड कप के वार्म-अप मैच का शेड्यूल जारी

- **एक मैच खेलेगा भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड नहीं खेलेंगे**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने टी-20 वर्ल्ड कप के वार्म-अप मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया है। टीम इंडिया अमेरिका और वेस्टइंडीज में अगले महीने खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले केवल एक वार्म-अप मैच 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ SA में खेलेगी।

**वार्म-अप मैच में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड नहीं खेलेंगे**

वर्ल्ड कप में भाग लेने वाली 20 टीमों में से 17 टीमें ही वार्म- अप मैच में हिस्सा लेंगी। वहीं पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की टीम वार्म-अप मैच नहीं खेलेगी।

**तीन शहरों में खेले जाएंगे वार्म-अप मैच**

वार्म-अप मैच 16 मैच 27 मई से 1 जून के बीच अमेरिका और वेस्टइंडीज के त्रिनिदाद एंड टोबैगो में खेले जाएंगे।

#### रिटायरमेंट

### छेत्री की कमी तो खलेगी, पर सही फैसला: थापा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय फुटबॉलर श्याम थापा ने कहा कि देश को सुनील छेत्री की कमी तो खलेगी। क्योंकि छेत्री ने देश के लिए बहुत लंबा समय दिया। एक युग का समापन होगा। जब-जब भारतीय फुटबॉलर के लिए मैदान में उतरेंगे, लोग कहीं न कहीं छेत्री को तलाशेंगे। देश को सुनील छेत्री की कमी तो खलेगी। क्योंकि छेत्री ने देश के लिए बहुत लंबा समय दिया। एक युग का समापन होगा। जब-जब भारतीय फुटबॉलर के लिए मैदान में उतरेंगे, लोग कहीं न कहीं छेत्री को तलाशेंगे। बेहतरीन खिलाड़ी जब रिटायरमेंट की बात कहता है तो खेल प्रेमियों में निराशा तो होती है। पर उन्होंने सही समय पर सही फैसला लिया है। यह कहना है कि बाईसाइकिल किक के नाम से मशहूर देश के पूर्व फुटबॉलर श्याम थापा का।

बकौल थापा, सुनील छेत्री ने देश के फुटबॉल को नए मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने अधिकतर गोल, पेनाल्टी या हेड से किए हैं। पेनॉल्टी को गोल में बदलने का मतलब है कि आप पर दबाव रहता है। उन्होंने हमेशा दबाव में टीम का आगे बढ़कर नेतृत्व किया।

#### उत्तराधिकारी की रेस में हैं कई खिलाड़ी

थापा कहते हैं, जब एक नायक स्थान छोड़ता है तो यह सवाल स्वाभाविक है कि अगला कौन। सुनील के रिटायरमेंट के बाद यह सवाल सबके मन में है कि उनका उत्तराधिकारी कौन होगा। देश में कई क्लब हैं और कई खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं। अभी यह कहना कि उत्तराधिकारी कौन होगा, थोड़ी जल्दबाजी होगी। समय के साथ खिलाड़ी परिपक्व होते हैं, कई खिलाड़ी उनके उत्ताराधिकारी बनने की रेस में हैं।

### आईपीएल 2024

# बारिश ने हैदराबाद को दिलाया प्लेऑफ का टिकट

**हैदराबाद, एजेंसी।** बारिश ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल के प्लेऑफ का टिकट दिला दिया। बारिश के कारण हैदराबाद और लखनऊ का मैच रद्द हो गया और इससे दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले। हैदराबाद के अब 15 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। हैदराबाद प्लेऑफ में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गई है। इससे पहले कोलकाता नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स जगह पक्की कर चुकी हैं।

## टॉस भी नहीं हो सका

बारिश के कारण हैदराबाद और गुजरात के मैच में टॉस भी नहीं हो पाया। एक समय बारिश रुकने के बाद अंपायरों ने रात आठ बजे टॉस और 8: 15 से मैच शुरू करने का फैसला किया था। लेकिन टॉस के समय से पहले ही फिर बारिश आ गई। इसके बाद लगातार बारिश के चलते अंपायरों ने मैच को रद्द करने का फैसला किया। वहीं, गुजरात का यह लगातार दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हुआ है। इससे पहले उसका कोलकाता के खिलाफ भी मैच रद्द हुआ था। उससे पहले कोलकाता और मुंबई के बीच मुकाबला भी बारिश से प्रभावित रहा था। वह मैच दो घंटे 15 मिनट की देरी से शुरू हुआ था और 16-16 ओवर का हुआ था।

## 2020 के बाद पहली बार प्लेऑफ में पहुंची हैदराबाद

साल 2020 के बाद हैदराबाद ने प्लेऑफ में जगह बनाई है, जबकि टीम ने कुल सातवीं बार प्लेऑफ का टिकट कटाया है। हैदराबाद के प्लेऑफ में पहुंचने से दिल्ली कैपिटल्स दौड़ से बाहर हो गई है। दिल्ली के 14 मैचों में 14 अंक हैं और उसके सभी मैच खत्म हो गए हैं। वह -0.377 रन रेट के साथ पांचवें स्थान पर रह गई है।

## एक जगह के लिए तीन टीमें दौड़ में



अब प्लेऑफ के लिए शेष एक जगह भरने के लिए तीन टीमें चेन्नई सुपरकिंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू और लखनऊ सुपरजाएंट्स दौड़ में हैं। हैदराबाद के अब 13 मैचों में 15 अंक हैं और चेन्नई सुपर किंग्स को छोड़कर कोई भी अन्य टीम 15 या इससे ज्यादा अंक नहीं बना सकती है। ऐसे में सनराइजर्स ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। चेन्नई के 13 मैचों के बाद 14 अंक हैं। टीम को 18 मई को बेंगलुरु से भिड़ना है। बेंगलुरु और लखनऊ दोनों के 12-12 अंक हैं। हालांकि, लखनऊ का नेट रन रेट काफी निगेटिव है और उन्हें इसका भरपाई कर पाना मुश्किल होगा। ऐसे में चेन्नई और बेंगलुरु के बीच मुकाबला वर्चुअल नॉकआउट माना जा रहा है।

चेन्नई-बेंगलुरु के बीच वर्चुअल नॉकआउट

चेन्नई और बेंगलुरु के बीच चिन्नास्वामी में मुकाबले में जो भी टीम जीतेगी, वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम होगी। बेंगलुरु को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए या तो 18 या इससे ज्यादा रन से मैच जीतना होगा। या फिर चेज करते हुए 10 या इससे ज्यादा शेष रहते मैच को खत्म करना होगा। यानी बेंगलुरु को 18.1 ओवर या इससे पहले लक्ष्य हासिल करना होगा। यह आंकड़े उस स्थिति के हैं जब पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 200 रन का स्कोर बनाती है।

## दूसरे स्थान के लिए राजस्थान-हैदराबाद में जंग

इतना ही नहीं रविवार को दो और शानदार मुकाबले खेले जाएंगे। राजस्थान का सामना गुवाहाटी में कोलकाता से और सनराइजर्स का सामना हैदराबाद में पंजाब किंग्स से होगा। अगर राजस्थान की टीम कोलकाता को हराने में कामयाब रहती है तो टीम दूसरे स्थान पर रहकर लीग राउंड को खत्म करेगी। इस स्थिति में हैदराबाद-पंजाब मैच का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। ऐसे में पहला क्वालिफायर कोलकाता और राजस्थान के बीच होगा।

## चेन्नई के पास भी दूसरे स्थान पर पहुंचने का मौका

वहीं, अगर सनराइजर्स की टीम पंजाब को हरा देती है और कोलकाता की टीम राजस्थान को हरा देती है तो हैदराबाद की टीम दूसरे स्थान पर रहकर लीग राउंड खत्म करेगी। तब पहला क्वालिफायर कोलकाता और हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। चेन्नई की टीम भी दूसरा स्थान हासिल कर सकती है.

### आईपीएल 2024



# कोहली ने आरसीबी के इंटरव्यू में किए बड़े खुलासे

- **छेत्री और बेटी वामिका के लिए कही बड़ी बात**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबाल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कल संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था . जिसपर उनके दोस्त और भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने उनसे बात की है. कोहली इस सीजन बल्ले से काफी शानदार फॉर्म में नजर आ रहे है और हर मैच में उनके बल्ले से रन देखने को मिल रहा है. इसी बीच कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के प्रेजेंटर नैग्स से बात की है.

इसी बातचीत में कोहली ने अपने दोस्त सुनील छेत्री को लेकर बोले की वो महान खिलाड़ी है. सुनील ने मुझे मैसेज करके बताया था कि वह संन्यास लेने जा रहा है. आगे कोहली ने कहा की मुझे लगता है कि वह अपने इस फैसले से काफी संतोष महसूस कर रहा है.

#### कोहली ने क्या कहा

विराट ने कहा की सुनील काफी शानदार इंसान है और पिछले कुछ सालों में हम काफी करीब आए है. सुनील को मैं उनके आने वाले करियर को लेकर ढेर सारी बधाई देता हूं. इसी वीडियो में कोहली ने अपनी बेटी वामिका को लेकर भी बात की है. आगे कोहली बोलते है की वामिका अब बल्ला घुमाने लगी है और मैं कभी अपने बच्चों पर क्रिकेट खेलने को लेकर दबाव नहीं बनाया है और ना ही बनायेंगे . कोहली ने आगे कहा की मेरी बेटी ने बल्ला उठाया और उसे घुमाने में मजा आ रहा है लेकिन उसे आगे क्या बनना है, यह उसका फैसला होगा .

#### चेन्नई के खिलाफ अहम मैच

आरसीबी की टीम को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 18 मई को सबसे अहम मुकाबला खेलना है. जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की टीम को जीत दर्ज करना काफी अहम है. प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए आरसीबी को चेन्नई से 18 रनों से बड़ी जीत दर्ज करनी होगी.

तभी उसकी जगह प्लेऑफ में बन पाएगी. आरसीबी को बड़ी जीत दर्ज करने के लिए विराट कोहली के बड़े पारी खेलनी होगी.



### जय शाह ने दिया बड़ा बयान

# ये चार टीमें होगी टी20 विश्व कप जिताने की प्रबल दावेदार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 1 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप खेला जाना है. जिसको लेकर सभी टीमों अपनी तैयारी में जुटी हुई है और विश्व कप में बेहतर खेल दिखाने वो लेकर काफी उत्सहित है.

भारतीय टीम ने भी टी20 विश्व कप के लिए अपने 15 खिलाड़ियों का ऐलान कर दिया है. जिसके बाद उनसे शानदार प्रदर्शन की उम्मीद भारतीय फैंस लगाए बैठे है. पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में भारतीय टीम ने फाइनल में तो जगह बनाई लेकिन उसे वहां पर हर का सामना करना पड़ा था. इसलिए फैंस टी20 विश्व कप में भारत को चैंपियन देखना चाहते है. इसी को लेकर बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बयान दिया है.

#### जय शाह ने दिया बयान

को दिए इंटरव्यू में जय शाह से जब पूछा गया की वो इस टी20 विश्व कप में किन 4 टीमों को सेमीफाइनल में देखते है. शाह ने भारत , ऑस्ट्रेलिया , न्यूजीलैंड और मेजबान टीम वेस्टइंडीज का नाम लिया. वेस्टइंडीज को लेकर शाह ने कहा की ये टी20 क्रिकेट की शानदार टीम है. इस साल होने वाले टी20 विश्व कप में अधिकतर पूर्व खिलाड़ियों का मानना है की ये चारों टीमें सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाते हुए नजर आ सकती है.

भारतीय टीम टी20 के रैंकिंग में पहले नंबर पर तो वही उसकी टीम को देखकर लोग उसके सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद कर रहे है.

#### कैसा रहा है रिकॉर्ड


भारतीय टीम का रिकॉर्ड वैसे टी20 विश्व कप में काफी अच्छा रहा है. भारत टी20 विश्व कप के पहले सीजन में ट्रॉफी उठाई थी. उसके बाद उसे साल 2013 के टी20 विश्व कप के फाइनल में तो जगह बनाई लेकिन वहां श्रीलंका के हाथों उसे हार का सामना करना पड़ा था.

पिछले चार टी20 विश्व कप में भारत ने 1 बार फाइनल ,2 बार सेमीफाइनल तो वही एक बार ग्रुप स्टेज से ही बाहर होना पड़ा. इस साल के फैंस को रोहित की कप्तानी वाली टीम से काफी सारी उम्मीदें है.

# आईपीएल 2024 में चौके से ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज, अभिषेक ने चौंकाया, शीर्ष तीन में दो भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस सीजन कुछ ऐसे बल्लेबाज भी रहे हैं जिन्होंने चौके से ज्यादा छक्के लगाए हैं। इस मामले में शीर्ष तीन में दो भारतीय हैं। इस लिस्ट में उन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिन्होंने इस सत्र में कम से कम 10 छक्के लगाए हों। आईपीएल 2024 में अब तक कुछ बेहद शानदार मैच देखने को मिले हैं।

इस सीजन अब तक 37 बार 200+ के स्कोर बने हैं, जो कि आईपीएल 2023 के बराबर आंकड़े हैं। वहीं, इस सीजन चार बार उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड भी टूटा, जबकि सबसे बड़े चेज का भी रिकॉर्ड बना। इस सीजन अब तक 1133 छक्के और 1978 चौके लग चुके हैं। यह पिछले सीजन से काफी ज्यादा हैं। अब तक आईपीएल के किसी एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगने का रिकॉर्ड 2023 में था। आईपीएल 2023 में 1124 छक्के लगे थे। इस सीजन सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने तहलका मचा रखा है।



**आईपीएल 2024 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज**

| बल्लेबाज | मैच | रन | छक्के |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा | 12 | 401 | 35 |
| विराट कोहली | 13 | 661 | 33 |
| सुनील नरेन | 12 | 461 | 32 |
| ट्रेविस हेड | 11 | 533 | 31 |
| रियान पराग | 13 | 531 | 31 |

अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने ओपनिंग करते हुए कुछ ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं, जो शायद ही किसी ने सोचा होगा। इन दोनों ने टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई है। इतना ही नहीं इस सीजन कुछ ऐसे बल्लेबाज भी रहे हैं जिन्होंने चौके से ज्यादा छक्के लगाए हैं। इस मामले में शीर्ष तीन में दो भारतीय हैं। आईपीएल 2024 में 12 ऐसे खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने चौके से ज्यादा छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में उन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिन्होंने इस सत्र में कम से कम 10 छक्के लगाए हों।

इस सीजन चौके से ज्यादा छक्के लगाने के मामले में अभिषेक शीर्ष पर हैं। उन्होंने अब तक आईपीएल 2024 में 35 छक्के और 30 चौके लगाए हैं। अभिषेक भले ही टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में न चुने गए हों, लेकिन वह ओपनिंग के तौर पर नई खोज रहे हैं। अभिषेक अब तक इस सीजन 12 पारियों में 36.45 की औसत और 205. 64 के स्ट्राइक रेट से 401 रन बनाए हैं। वहीं, सनराइजर्स के ही हेनरिक क्लासेन चौके से ज्यादा छक्के लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने इस सत्र में 31 छक्के और 12 चौके लगाए हैं।

# ब्राजील में होगा 2027 फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप



**बैंकॉक, एजेंसी।** ब्राजील में 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप होगा चूंकि फीफा के पूर्णकालिक सदस्यों ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी के संयुक्त प्रस्ताव पर दक्षिण अमेरिकी देश को तरजीह दी है।

फीफा कांग्रेस ने ब्राजील के पक्ष में 119 वोट दिए जबकि संयुक्त यूरोपीय बोली को 78 वोट मिले। अमेरिका और मैक्सिको ने संयुक्त प्रस्ताव पिछले महीने वापिस ले लिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नवंबर में अपनी दावेदारी वापस ले ली थी। पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप दक्षिण अमेरिका में होगा। टूर्नामेंट पहली बार 1991 में खेला गया था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### बस के धक्के से मजदूर जख्मी, रेफर

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के कासमा रोड में केवली मोड़ के समीप गुरुवार की अहले सुबह स्कूल बस ने धक्का मार दिया जिससे पड़रिया निवासी देवा राम (24 वर्ष) गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। जानकारी के अनुसार वह सुबह मदनपुर में किसी के घर पेंटिंग करने पैदल चला जा रहा था। इसी क्रम में उसे स्कूल बस से धक्का लग गया। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया।

### दुकान में घुसा ट्रैक्टर बाल-बाल बचे लोग

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 120 पर थाना के सामने अनियंत्रित ट्रैक्टर एक दुकान में घुस गया। इसमें दुकानदार सहित कई लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को बालू लदा एक ट्रैक्टर बाजार से गुजर रहा था। इसी क्रम में अचानक एक बच्चा आ गया। उसे बचाने में ट्रैक्टर चालक नियंत्रण खो दिया और गाड़ी विकास ज्वेलर्स व कपड़ा दुकान में घुस गई। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। संयोग अच्छा था कि गाड़ी की गति धीमी थी जिसके कारण किसी की जान नहीं गई। हालांकि कई दुकानों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। चालक किसी अनहोनी के डर से ट्रैक्टर से कूदकर भाग गया। घटनास्थल पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ इकट्ठी हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर थाने ले गई। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि ट्रैक्टर जब्त कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### मजदूर की लातेहार में हुई मौत

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के नोनियाडीह गांव के एक मजदूर उदय राम की मौत टावर में काम करने के दौरान गिरकर हो गई है। घटना गुरुवार की है। वह झारखंड प्रदेश के लातेहार में टावर में काम कर रहा था। तकरीबन 60 फीट ऊंचाई से वह असंतुलित होकर गिर गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। टावर निर्माण कंपनी के द्वारा पोस्टमार्टम कराकर शव उसके घर लाया गया। शव पहुंचते ही परिजन चीत्कार मार रोने लगे। गांव में भी शौक की लहर दौड़ पड़ी। विदित हो कि वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था।

### एटीएम तोड़ रुपये निकालने की कोशिश

**पटना (नि.सं.)।** जक्कनपुर थाना इलाके के पुरंदरपुर में शुक्रवार की अहले सुबह चार बजे केनरा बैंक के एटीएम को तोड़कर उसमें रखे रुपये को चुराने का प्रयास किया गया। हालांकि उसी समय सेंसर लगे होने के कारण एटीएम में लगा सायरन बजने लगा। वहीं बैंक के मुंबई स्थित हेड क्वार्टर के कर्मियों को भी इसकी भनक लग गई। उन्होंने तुरंत जक्कनपुर थानेदार एचएन सिंह को खबर दी। एटीएम से छेड़छाड़ की खबर मिलते ही आनन-फानन में जक्कनपुर पुलिस मौके पर पहुंची।

नगर थाना क्षेत्र में कामा बीघा मोड़ के समीप सात मई को गोली मारकर हुई हत्या के मामले में

# हत्या मामले में पत्नी का प्रेमी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र में कामा बीघा मोड़ के समीप सात मई को गोली मारकर हुई हत्या के मामले में पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सदर एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय ने प्रेस वार्ता में बताया कि सिमरा थाना क्षेत्र के लेदीदोहर गांव निवासी 36 वर्षीय अनुज कुमार सिंह की बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया था। मृतक और मृतक की पत्नी ममता सिंह के मोबाइल फोन का वैज्ञानिक तरीके से विश्लेषण करते हुए विभिन्न साक्ष्यों के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपित देव थाना क्षेत्र के पचौखर निवासी सत्येंद्र पासवान के पुत्र जयप्रकाश पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के क्रम में उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। जयप्रकाश पासवान ने बताया कि उसका संबंध मृतक की पत्नी ममता सिंह से शादी से पूर्व से ही था। वह उससे शादी भी करना चाहता था। इसी दौरान एक बलात्कार के केस में जयप्रकाश पासवान जेल चला गया। उसके जेल जाने के बाद ममता सिंह की शादी अनुज कुमार सिंह से हो गई। जेल से छूटकर आने के बाद जयप्रकाश पासवान ने ममता सिंह की खोजबीन की और फ़ेसबुक के माध्यम से उसके संपर्क में आ गया। उसे यह लग गया कि जब तक अनुज सिंह की हत्या नहीं होगी तब तक वह ममता से शादी नहीं कर पाएगा। इसी को लेकर उसने जेल में ही दोस्त बने झारखंड के अपराधी से अपनी योजना बताई। 7 मई को अनुज कुमार सिंह अपनी बाइक से औरंगाबाद के लिए निकले जहां से कोलकाता के लिए उन्हें बस पकड़नी थी। कामा बीघा मोड़ के समीप पीछा कर उनके सीने में एक गोली मार दी गई। बाइक जयप्रकाश पासवान चल रहा था जबकि शूटर उसकी बाइक पर पीछे बैठा हुआ था। गोली मार कर दोनों वहां से भाग निकले। एसडीपीओ ने बताया कि इस घटना में प्रयुक्त एक अपाचे बाइक, हेलमेट, फेंका हुआ नंबर प्लेट, दो मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कुल चार मोबाइल फोन जब्त किए थे। इस घटना में शामिल शूटर की भी पहचान कर ली गई है जिसे शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा। एसडीपीओ ने बताया कि घटना का अनुसंधान कर उद्भेदन करने वाली टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर जिला आसूचना इकाई के प्रभारी इंस्पेक्टर शंभू कुमार, नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, जिला आसूचना इकाई के एसआई राम इकबाल यादव, संतोष कुमार उपस्थित रहे। जयप्रकाश पासवान से हुई पूछताछ में पुलिस को कई सुराग मिले हैं। एसडीपीओ ने बताया कि अभियुक्त जयप्रकाश पासवान की बहन की शादी शिवगंज में है। वहां उसकी नवीनगर की गोतनी थी जिसका संपर्क ममता सिंह से था। ममता सिंह और अभियुक्त की बहन की गोतनी आपस में दोस्त थी। ममता का संपर्क वहीं पर जयप्रकाश से हुआ था। दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे लेकिन जयप्रकाश के जेल जाने के बाद ममता की शादी हो गई थी। जेल में ही उसने एक व्यक्ति से दोस्ती कर ली। दोनों जब जेल से छूट गए तो लोकसभा चुनाव में अपने गांव में मिले। पचौखर निवासी जयप्रकाश पासवान ने उक्त अपराधी को यह आश्वासन दिया था कि वह उसकी बहन की शादी में सहायता करेगा। इसके बाद घटना वाले दिन जयप्रकाश पासवान ने उक्त शूटर को साथ में ले लिया। वह मृतक की पत्नी के लगातार संपर्क में था और उसी ने जानकारी दी थी। रास्ते में उसने उसका पीछा किया और कामा बीघा मोड़ के समीप ओवरटेक कर सीने में सटाकर गोली मार दी।

एनटीपीसी में 15 दिवसीय बालिका सशक्तिकरण अभियान की हुई शुरुआत

# 21 विद्यालयों के 40 छात्राओं को किया गया है शामिल

निज संवाददाता



**नवीनगर (औरंगाबाद)।** एनटीपीसी में 15 दिवसीय बालिका सशक्तिकरण अभियान की शुरुआत की गई है। एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख चंदन कुमार सामंता ने गुरुवार की शाम बालिका सशक्तिकरण अभियान का उद्घाटन किया। इस अभियान के अंतर्गत एनटीपीसी नबीनगर आसपास के गांव के 40 बालिकाओं को परियोजनाओं परिसर में निशुल्क आवासीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। 26 मई से 12 जून तक चलने वाली कार्यक्रम का उद्देश्य गांव में छिपी हुई मेधा को आगे लाना है। पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु उन्हें उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देने जा रहा है। इस वर्ष अभियान में बारुण और नवीनगर ब्लॉक के 21 विद्यालयों से चुने गए 40 छात्राओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान किया जाएगा। जिसमें गणित, अंग्रेजी, हिंदी आदि विषय शामिल हैं। नियमित शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं को कराटे, योग, कंप्यूटर और अन्य प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। अभियान के दौरान छात्राओं को छात्रावास एवं पौष्टिक आहार की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य महाप्रबंधक सह परियोजना प्रमुख चंदन कुमार सामंता ने बताया कि अभियान बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर बल देता है और उन्हें सशक्त नागरिक के रूप में तैयार करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यक्रम से प्रशिक्षित बालिकाओं को सपनों की उड़ान भरने की इच्छा शक्ति को नया संबल मिलेगा।

मुख्य महाप्रबंधक के अलावा इस कार्यक्रम में राखी सामंता, अध्यक्ष स्वरा महिला संघ, महाप्रबंधक ओ एंड एम, महाप्रबंधक एफएम आर पी अग्रवाल, महाप्रबंधक ऑपरेशन एक के त्रिपाठी और अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन राय थॉमस भी मौजूद थे। कार्यक्रम में बाल भारती विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक नाट्य प्रस्तुतियां दी। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य सारिका कुट्टे भी मौजूद थीं। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए बैग और चॉकलेट्स वितरित की गई।

# अपराधियों ने युवक को मारी दो गोलियां, रेफर, हालत नाज़ुक

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के गुलजार बाग व रतन खाप के बीच गुरुवार की रात हुई गोलीबारी में रफीगंज के राजा बिगहा निवासी राजू चौधरी के 19 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार पंकज कुमार, अभिषेक और श्रवण कुमार चरकुपा गांव में गौतम के घर जन्मदिन पार्टी में शामिल होकर रात लगभग साढ़े नौ बजे पैदल ही लौट रहे थे। गांव से आधा किलोमीटर दूर पर एक ही बाईक से तीन अपराधी आये और गोलीबारी करने लगे। पंकज कुमार के पेट में एक और हाथ में एक गोली लगी। इसके बाद अपराधी गोलीबारी कर भाग गये। साथ में रहे दोस्तों ने पंकज को निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने गया रेफर कर दिया है। सूचना मिलते ही रात में अपर थानाध्यक्ष कविता कुमारी, एसआई वर्षा कुमारी, कुशो कुमार, परमजीत मंडल, गोविंद मिश्रा, बवनजीत पुलिस बल के साथ पहुंचे। घटनास्थल से पुलिस ने एक खोखा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आक्रोशित लोगों ने शीघ्र ही अपराधियों को गिरफ्तारी करने की मांग की है। प्रशासन ने रात में संभावित लोगों के घर छापामारी की। घायल के साथ में रह रहे अभिषेक एवं श्रवण ने पुलिस को बताया कि सभी अपराधी पास के ही हैं और पहचानते हैं। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि कुछ माह पूर्व पंकज कुमार के द्वारा बाइक की बिक्री की गई थी जिसमें पैसे का लेनदेन को लेकर मारपीट एवं फायरिंग हुई थी। इस मामले में रफीगंज थाना में पंकज कुमार के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें दो लोग जेल भेजे गए थे। वर्तमान गोलीबारी की घटना के तार उसी घटना से जुड़े बताए जा रहे हैं।

# एमओ को न्यायालय ने सुनाई सजा, बाद में दी जमानत

कार्यालय संवाददात

**औरंगाबाद।** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) को पद का दुरुपयोग करने के मामले में सजा सुनाते हुए जुर्माना लगाया गया है। औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शोभित सौरभ ने परिवार संख्या- 693/19 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए सजा सुनाई। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार शास्त्री लखीसराय जिला के विच्छवे, किउल के हैं। उन्हें भादंवि धारा- 323, 341, 504 और 506 में सजा सुनाई गई। 323 में छह महीने, 341 में एक माह, 504 में एक माह और 506 में तीन माह की सजा सुनाई गई। इसके अलावा 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। अधिवक्ता ने बताया कि परिवाद दायर होने के समय चंदन कुमार शास्त्री प्रखंड पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थे। धान और चावल की खरीद बिक्री करने वाले व्यवसायी को कालाबाजारी और आवश्यक वस्तु अधिनियम के झूठे केस में फंसाया गया था। बालाजी ट्रेडर्स फार्म के मालिक रवि कुमार ने एक परिवाद दायर किया था। इसमें कहा था कि उनके पास धान और चावल खरीद बिक्री का लाइसेंस है। 19 जून 2019 को सिमरा रोड में मां मुंडेश्वरी ट्रेडर्स कोइरी बीघा से 390 बोरा चावल, मदनपुर प्रखंड के वार में रामाशीष प्रजापति के यहां से 75 बोरी चावल और शिवगंज बाजार से 12 सौ बोरी चावल लोड की गई थी। सभी बोरी की सिलाई हाथ से हुई थी। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने 477 बोरी चावल जब्त कर ली और चालक तथा परिवादी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। ट्रक को जब्त करते हुए माल को सड़ा देने की धमकी दी गई। इसी मामले को लेकर परिवाद तैयार किया गया था। न्यायालय ने विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई और इसे सरकारी पद के दुरुपयोग का मामला मानते हुए मानसिक यातना देने को लेकर 25 हजार का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। अभियुक्त कोई भी मौखिक या दस्तावेज साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्त पूर्वाग्रह से ग्रसित थे और पद तथा प्रतिष्ठा का नाजायज इस्तेमाल करते हुए घटना को अंजाम दिया। न्यायालय ने कहा कि सरकारी सेवक के द्वारा आमजन के साथ ऐसा कृत्य अशोभनीय है इसलिए परीवीक्षा का लाभ नहीं दिया जा सकता है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को न्यायालय ने जमानत दे दी।

## आरोपी को कोर्ट ने सुनाई दो साल कैद की सजा

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद ।** शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एसीजेएम कोर्ट 07 माधवी सिंह ने नवीनगर थाना कांड संख्या -74/05, जी आर -1634/05,टी आर -514/23 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त लल्लू सिंह देवराज विगहा,पोखराहा, नवीनगर को सजा सुनाई है। अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी संजय सिंह ने बताया कि अभियुक्त को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-b) में दो वर्ष की सजा और एक हजार जुर्माना लगाया है। धारा-26 में दो वर्ष की सजा और एक हजार जुर्माना लगाया है, तथा 17 सीएलए में भी एक वर्ष की सजा सुनाई है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक विजय कुमार पुलिस अवर निरीक्षक ने 07/09/05 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा था कि गुप्त सूचना के सत्यापन करते हुए अभियुक्त के आवास पर तलाशी की गई, तलाशी के दौरान एक टिन के बक्से से तीन देशी ग्रेनेड और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया था।

निर्वाचन व्यय प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में की बैठक

# काराकाट लोकसभा चुनाव के लिए प्रशासन की तैयारी पूर्ण, एक जून को होना है मतदान

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में लोकसभा चुनाव के लिए प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं निर्वाचन व्यय प्रेक्षक ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में बैठक की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम, तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी, कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी से निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। नोडल पदाधिकारीयों से चुनाव प्रबंधन से जुड़े प्रत्येक पहलू की जानकारी ली। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी से प्रशिक्षण के बारे में पूछा गया। बताया गया कि मतदान कर्मियों एवं माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण 22 मई तथा सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण 24 मई को होगा। मतगणना कर्मियों, माइक्रो ऑब्जर्वर सहित सभी मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने का निर्देश दिया गया। डाक मत पत्र कोषांग के नोडल पदाधिकारी से 85 वर्ष से अधिक उम्र और दिव्यांगजनों के लिए घर पर मतदान की सुचारु प्रक्रिया और चुनाव ड्यूटी, आवश्यक कर्तव्यों और सेवा मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। पोल्ड डाक मत पत्र वज्र गृह में रखवाने की प्रक्रिया एवं उसे सासाराम में भेजने की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली गई। स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी से मतदाताओं को जागरूक करने के बारे में पूछा गया। बताया गया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों पर अधिकारी पहुंच कर मतदान की अपील कर रहे हैं। डीएम ने कहा कि पिछली बार की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक मतदान में वृद्धि के साथ 60 प्रतिशत तक मतदान करवाने का लक्ष्य है। प्रेक्षकों के द्वारा चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्ति महिला पुलिस बल के लिए शौचालय बनवाने का निर्देश दिया गया। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। मतदान के पूर्व मतदाता सूचना पर्चियों का वितरण करने का निर्देश दिया। बताया गया कि पिछले विधानसभा चुनाव में 98 प्रतिशत तक मतदाता पर्ची का वितरण कर दिया गया था। इस बार जो मतदाता घर में उपलब्ध रहेंगे, उन्हें ही मतदाता पर्ची दी जाएगी। अभी तक 75 प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण कर दिया गया है। मतदान केन्द्रों के बाहर इंतजार कर रहे मतदाताओं के लिए पीने का पानी, शेड, शामियाना की सुविधाएं और बैठने की उचित व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। एडीएम ललित रंजन भूषण, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण मंडल, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली, डीटीओ, जिला भूर्जन पदाधिकारी, सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# भगवान श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाने में जानकी मां की अहम भूमिका

निज संवाददाता



**जम्होर (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में सनातनी परंपरा का महान पर्व जानकी नवमी धूमधाम से मनाई गई।सर्वप्रथम माता जानकी जी के चित्र पर उपस्थित लोगों द्वारा पंचोपचार विधि से पूजन अर्चन किया गया।तत्पश्चात माता जानकी के जीवन वृत्त पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, महामंत्री धनंजय जयपुरी, संरक्षक मंडल ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह के आह्वान पर जन्मोत्सव समारोह की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने किया। भगवान श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाने में जानकी माता की अहम भूमिका विषयक विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि जनक नंदिनी जानकी मां भूमि से जन्म ली थीं। भगवान श्री राम के साथ परिणय सूत्र में बंधने के बाद वन गमन में उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चली। उनके आदर्श चरित्र में एक साथ नारी के सभी रिश्तों की व्याख्या हो जाती है। पुत्री के रूप में पिता जनक के साथ,बहु के रूप में सासु मां कौशल्या के साथ, पत्नी के रूप में श्री राम के साथ, भाभी के रूप में देवर लक्ष्मण के साथ, माता के रुप में सेवक हनुमान के साथ ऐसे चरित्र का प्रस्तुतीकरण किए गए हैं जो आज वर्तमान परिवेश में समाज के एक उदाहरण के रूप में व्याख्यायित हैं। मौके पर सुजीत कुमार सिंह,राणा सुनील, शिक्षक सतीश कुमार सिंह,स्वच्छता पर्यवेक्षक नंदजी यादव, विकास कुमार यादव,गायक अमित कुमार सिंह, सोमप्रकाश रविकर, सौरभ राज सहित अन्य उपस्थित थे।

# ऑनलाइन इंडक्शन मीट का किया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शुक्रवार को इग्नू लर्निंग स्टडी सेंटर 05200 सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद एवं इग्नू रीजनल सेंटर मीठापुर, पटना के संयुक्त तत्वाधान में ऑनलाइन (सत्र जनवरी 2024) इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता लर्निंग स्टडी सेंटर 05200 के कोऑर्डिनेटर अरुण कुमार त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा के संबोधन से हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में इग्नू के मिशन, एक्टिविटी एवं प्रोग्राम को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इग्नू पूरे भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अन्य देशों में भी अपना स्थान बनाया हुआ है। इग्नू रीजनल सेंटर पटना के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ आसिफ इकबाल ने छात्र-छात्राओं को असाइनमेंट कैसे बनाना है, पहचान पत्र कैसे डाउनलोड करना है और एग्जामिनेशन फॉर्म कब से भरा जाएगा इन सबों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इंडक्शन मीट इसी के लिए किया जाता है कि छात्र-छात्राओं को उनके विषयों के बारे में सविस्तार बताया जाए। इसके बाद उन्होंने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का बड़ी ही सहजता के साथ जवाब दिया। आपको बताते चलें कि इस इग्नू लर्निंग सेंटर 05200 सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद से स्नातकोत्तर समाजशास्त्र, हिन्दी एवं स्नातक इतिहास, उर्दू, अर्थशास्त्र, राजनीतिक शास्त्र, डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट कोर्स सीआईटी में स्टडी सेंटर 05200 में नामांकन ले सकते है। धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधन विभाग के सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार सिंह ने की एवं टेक्निकल सपोर्ट फार्मेसी विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रवीण कुमार दुबे का रहा। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक (बीएलआईएस) सह मीडिया प्रभारी शशि कांत कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, दिनेश सिंह एवं सैकड़ों छात्र छात्राएं शामिल हुए।

## कोल्ड ड्रिंक की आड़ में गांजा बेच रहा दुकानदार धराया

निज संवाददाता

**पटना।** जक्कनपुर थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह मीठापुर बस स्टैंड मोड़ के पास एक दुकान में छापेमारी की। जिसमें पुलिस ने सात सौ ग्राम गांजा, 42 सौ रुपये और एक मोबाइल के साथ दुकानदार चंद्रशेखर कुमार उर्फ राजू पासवान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित रामकृष्णा नगर थाना इलाके के ढेकमा का रहने वाला है। जक्कनपुर थानेदार एचएन सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि दुकानदार कोल्ड ड्रिंक की आड़ में गांजा भी बेच रहा है। पुलिस ने वहां छापेमारी की। जिसमें गांजा के साथ आरोपित पकड़ा गया। आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज कर उसे कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433